श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 160, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





तीसरे पदक पर सिंधु की नजर 13

करिश्मा ने दिब्यज्योति को एंटरटेनर नंबर 1 कहा 14


## असम का मोइदम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिरामिड सरीखी संरचना अहोम राजवंश का है कब्रिस्तान

असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि 'मोइदम' ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि चराई देव स्थित मोइदम उस गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं, जो अपने पूर्वजों के प्रति अपार श्रद्धा रखती है। मुझे उम्मीद है कि महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में और अधिक लोग जानेंगे। मोइदम पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था।

## एनटीए ने नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए। एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनः संशोधित स्कोर कार्ड को अब घोषित कर दिया गया है। पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे।

# राहुल गांधी ने सिले जूते, मोची के साथ पी कोल्डड्रिंक

**मेहनत को सलाम : दस मिनट की मुलाकात में घर-परिवार के साथ रामचैत का हालचाल पूछा**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर कोर्ट से लौटते समय रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कूरेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर अचानक एक मोची की गुमटी (दुकान) पर पहुंच गए। मोची रामचेत से करीब दस मिनट मुलाकात की, घर-परिवार के साथ उनका हालचाल पूछा।

इस दौरान उन्होंने दुकान पर एक चप्पल की सिलाई भी की। मोची से बोले, कड़ी मेहनत करनी पड़ती है सिलाई में। आपकी मेहनत को सलाम। मोची से उनके कारोबार के बारे में जानकारी लेने के साथ सेल्फी भी ली। यही नहीं कोल्डड्रिंक्स मंगाकर रामचैत को पिलाई, कहा- गला तर हुआ। मोची रामचैत ने बताया कि हमने राहुल गांधी से बोला है कि मैं पूंजी से कमजोर हूं। गरीब हूं हमारी थोड़ी मदद कीजिए। मैंने उन्हें जूतों की सिलाई करके भी दिखाई। सांसद राहुल ने भी जूते को हाथ में लेकर थोड़ी सिलाई की। यह देख कर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित भीड़ जमा हो गई। रामचैत ने कहा कि उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण-पोषण कैसे चलता है। हालांकि यहां से उन्होंने जूता चप्पल नहीं खरीदा है। रामचैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने मेरे साथ भी सेल्फी ली। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।



सुलतानपुर जिले के कूड़ेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर मोची रामचैत की गुमटी में बैठ हाथ में जूता लेकर देखते राहुल गांधी।

### कोर्ट में बोले निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं।

## एक नजर

### आतंकवाद में संलिप्त व्यक्ति की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थ की तस्करी तथा आतंकवाद के एक मामले में एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे एक व्यक्ति की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि खारी करमारा स्थित मोहम्मद लियाकत की एक कनाल और नौ मरला जमीन को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुंछ के मुख्य सत्र न्यायाधीश ने कुर्की का आदेश जारी किया।

### देश में पांच सालों में कुल 628 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है तो वहीं, इनमें अकेले महाराष्ट्र में 200 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई।

### सूरज रेवन्ना ने कहा जल्द सच्चाई सामने आ जाएगी

**मैसुरु।** कुछ पुरुषों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे और जमानत पर बाहर आए जनता दल (सेक्युलर) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना ने शुक्रवार को कहा कि 15 से 20 दिन में उन सभी लोगों का पर्दाफाश हो जाएगा जो उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश का हिस्सा थे। रेवन्ना ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक, बुजुर्ग की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में हाथी ने घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग को सूंड से उठाकर पटका और पैरों से कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चचेरे भाई को भी हाथी ने सूंड से पकड़ लिया था, लेकिन वह बच गया। पूरा मामला धमनी वन परिक्षेत्र का है। अनिरूद्धपुर में गुरुवार की देर रात अपने दल से अलग होकर हाथी विचरण कर रहा था। इसी बीच बस्ती में हाथी घुसा।

# आतंकवाद-छद्म युद्ध से खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चाहता है पाकिस्तान : मोदी

## कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

**कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि**



द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण कर रहा विपक्ष

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मोदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं और अग्निपथ योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस योजना के राजनीतिकरण पर दुख जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना को युवा और युद्ध के लिए निरंतर तैयार रखना है। उन्होंने सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने में नई सैन्य भर्ती योजना की भूमिका की सराहना की। अग्निपथ योजना को पेंशन के बोझ से बचाने का साधन बताने वाले दावे को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज भर्ती होने वाले सैनिकों का पेंशन बोझ 30 साल बाद आएगा, इसलिए यह योजना के पीछे का कारण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिए गए इस निर्णय का सम्मान किया है, क्योंकि देश की सुरक्षा राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण है। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश को सक्षम युवा भी मिलेंगे। निजी क्षेत्र और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के युवाओं को गुमराह करने वालों को पहले सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं था। 'वन रैंक वन पेंशन' पर पिछली सरकारों के झूठे वादों का जिक्र करते उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार ही थी जिसने इस योजना को लागू किया।

# अग्निवीरों को पुलिस पीएसी में आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में 'वेटेज' दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म कार्य में अड़ंगा लगाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाद में ट्वीट कर कहा कि अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है।



- अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और युवा सैनिक : योगी

### छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी कोटा

**रायपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को कोटा देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को पुलिस आरक्षक, वन रक्षक और अन्य पदों की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की।

# सीएसआईआर-नेट में सेंधमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय से एसटीएफ ने तीन को दबोचा
- एसटीएफ प्रमुख ने कहा-धांधली की मिली थी गोपनीय सूचना

**अमृत विचार :** उप्र. में सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सेंधमारी हुई है। मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चल रही परीक्षा के बीच एसटीएफ ने छापा मारा। इस दौरान टीम को सर्वर रूम में टीसीएस के कर्मचारी के पास मोबाइल मिला। मोबाइल में 15 परीक्षार्थियों के रोल नंबर और उनके सिस्टम का आईपी-एड्रेस पाया गया। इस दौरान एसटीएफ तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लखनऊ पहुंची है। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार सैय्यद जफर हुसैन ने कहा कि हमने ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था टाटा कंसल्टेंसी कंपनी (टीसीएस) को किराये पर लैब दिया था। परीक्षा से विश्वविद्यालय का कोई संबंध नहीं है। परीक्षा में एजेंसी का सर्वर और उनके कर्मचारी होते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीसीएस से जवाब मांगा है।

एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में सीएसआईआर-नेट की परीक्षा में धांधली की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापेमारी की। जांच से पता चला कि परीक्षा लैब के सर्वर से छेड़छाड़ की गई है। टीसीएस के 3 कर्मचारियों यथा, उस्मान, अरुण शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सर्च के दौरान परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला। सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले, जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल डाउनलोड था। कर्मचारी अरुण के पास एक मोबाइल मौजूद था, जिसमें 04 अभ्यर्थियों के नाम मिले हैं। अभ्यर्थियों के मोबाइल का आईपी एड्रेस सेंटर के बाहर बैठे एक शख्स को शेयर किया गया था। जिससे इन अभ्यर्थियों का स्क्रीन शेयर किया गया था। इनके प्रश्नपत्र को बाहर से सॉल्वर हल करा रहा था।

## कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 43 अपराधी गिरफ्तार

- विदेशियों को ठगते थे, सीबीआई ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुग्राम में एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 43 संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो विदेशियों को उनके कंप्यूटर की समस्याओं के तकनीकी समाधान की पेशकश कर ठगते थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने गुरुग्राम के डीएलएफ साइबर सिटी में स्थित 'इनोसेंट टेक्नोलॉजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' के कार्यालय पर छापा मारा, जहां केंद्रीय एजेंसी ने कई एजेंट को विदेशियों को ठगने के इरादे से 'लाइव कॉल' करते हुए पाया।

# शहीदों के परिवारों को 50 लाख का अनुदान

ब्यूरो, देहरादून

- पांच साल तक नौकरी के लिए आवेदन कर सकेंगे आश्रित
- मुख्यमंत्री धामी ने कारगिल दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** शौर्य दिवस के पर मुख्यमंत्री ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और वीरांगनाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिवारों के हित में कई घोषणाएं की।

कारगिल विजय दिवस पर गांधी पार्क में शहीद स्मारक पर शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिवार जनों को सम्मानित भी किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, बृजभूषण गैरोला और निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चार घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये की जाएगी। परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि 05 साल की जाएगी।



देहरादून के गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री धामी।

# कांवड़ मार्ग के दुकानदारों को नहीं लगानी होगी नामपट्टिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यों के आदेश पर जारी रहेगी सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी, क्योंकि हमने अपने 22 जुलाई के आदेश में जो कुछ कहा जाना था, वह कह दिया है। पीठ ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से उनके निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। अगली सुनवाई पांच अगस्त के लिए तय की।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और उनका कहना है कि संबंधित निर्देश कानून के तहत अनिवार्य हैं। पीठ ने कहा कि यदि भोजनालयों और दुकानों को नियंत्रित करने वाला कोई कानून है तो पूरे राज्य लागू करना चाहिए न कि केवल कुछ क्षेत्रों में। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि राज्य ने कांवड़ यात्रा के संबंध में कोई विशेष आदेश जारी नहीं किया है और सरकार केवल उस कानून को लागू कर रही है, जिसके तहत सभी त्योहारों के दौरान भोजनालयों के नाम का खुलासा करना अनिवार्य है।

**प्रकृति का प्रकोप** | मोरखंडा नदी पर बना पुल बहने से मदमहेश्वर में फंसे यात्री, 68 यात्रियों का हेलीकॉप्टर से किया रेस्क्यू

# यमुनोत्री व रुद्रप्रयाग के मदमहेश्वर घाटी में अतिवृष्टि का कहर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले में यमुना नदी के उदगम में बाढ़ से यमुनोत्री धाम व जानकी चट्टी में काफी नुकसान हुआ है। वहीं रुद्रप्रयाग जिले में मदमहेश्वर घाटी में मोरखंडा नदी पर अस्थायी पुल बह गया। 68 यात्रियों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। जिले में एक और पुल डूब जाने से पांच गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है।

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिले में अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। नदी का पानी यमुनोत्री धाम तक पहुंच गया। नदी के बहाव के साथ आए बोल्डर व पत्थरों की वजह से धाम के मंदिर परिसर को काफी नुकसान हुआ है। मंदिर समिति के कार्यालय, रसोई, वीआईपी गेस्ट हाउस ध्वस्त हो गए हैं।

पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि जनहानि तो नहीं हुई लेकिन परिसंपित्तयों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार देर रात हुई बारिश की वजह से नदी का पानी मंदिर तक पहुंच गया था। उधर, जानकीचट्टी में भी बाढ़ से बहुत नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा यमुनोत्री हाईवे ओजरी डाबरकोट बंद होने से बड़कोट से सरकारी अमले को भी धाम तक पहुंचने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

भारी बारिश के चलते मदमहेश्वर घाटी में द्वितीय केदार मदमहेश्वर यात्रा के आधार शिविर बनातोली में मोरखंडा नदी पर बना लकड़ी का अस्थायी पुल नदी की तेज धारा में बह गया। जिससे स्थानीय व्यापारियों समेत 100 तीर्थयात्री वहां फंस गए। इधर, शुक्रवार की सुबह पुलिस, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गई। हेलीकॉप्टर की मदद से 68 लोगों का रेस्क्यू किया गया। शाम तक अन्य यात्रियों को निकालने के लिए रेस्क्यू जारी था। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही सुबह एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस बल सहित जिला प्रशासन की टीमों को मौके पर रवाना कर दिया गया था। यात्रा मार्ग पर फंसे श्रद्धालुओं के सफल रेस्क्यू के लिए नानूचट्टी में स्थानीय लोगों की सहायता से वैकल्पिक हेलीपैड बनाया गया। वहीं से रेस्क्यू अभियान चलाया गया।



मदमहेश्वर घाटी में मोरखंडा नदी पर बना अस्थायी पुल बहा।

## सार-संक्षेप


फैंसी ड्रेस में भाग लेते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### स्थापना दिवस पर दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**नैनीताल :** नगर के द होली एकेडमी का 35वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही स्कूल के प्रबंधक विजय विग व प्रधानाचार्या मधु विग ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रगति, अपर्ण जैन व दीर्घा कनवाल का स्वागत किया। बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मधु विग ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय की ओर से हर वर्ष पढ़ाई, खेलकूद के अलावा अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है।

### लंदन में रह रहे भाई को भवाली से बहन ने भेजी राखी

**भवाली :** नगर के पोस्टऑफिस से शनिवार को निगलाट की एक बहन ने लंदन में रह रहे अपने भाई पीएस क्लेयर को राखी भेजी। भवाली पोस्टमास्टर इन्द्र कुमार दास ने कहा कि समय बदलने के साथ सोशल मीडिया में लोग अपनों को देश विदेश में राखी की बधाई देते हैं। वहीं लोग डाक से अपनों को देश-विदेश में राखी भेज रहे हैं, बताया कि अब तक 2 लोगों ने विदेश में राखी भेजी है। साथ ही कई जगह से राखियां आने का सिलसिला जारी है। यहां आने वाली राखी को जल्द उनके भाइयों तक पहुंचा दिया जाएगा। वहीं बार्डर पर तैनात भाइयों को भी बहनें राखी पोस्ट कर रही हैं।


पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बैंक और वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी।

### नैनीताल बैंक की स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**नैनीताल :** नैनीताल बैंक के 103वें स्थापना दिवस पर नैना पीक की तलहटी में वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण किया गया। इस दौरान बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन, वन क्षेत्राधिकार प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में बैंक एवं वन अधिकारी, कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 200 पौधे लगाए। कार्यक्रम में बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. दीपक पंत, संजय गुप्ता, राजेश भट्ट आदि कर्मचारी एवं वन विभाग के संतोष जोशी वन दरोगा, विमला नगरकोटी वन दरोगा, मनीषा नेगी वन रक्षक, चंद्रकांत, ऋषभ पांडेय आदि मौजूद रहे। बैंक अपने स्थापना दिवस पर पूरे सप्ताह अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करने जा रहा है, जिसके तहत बीडी पांडे अस्पताल में रक्तदान, प्राथमिक विद्यालयों में बैग वितरण और बैंक के प्रधान कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया जायेगा।

### भवाली में मुफ्त चिकित्सा शिविर कल

**भवाली :** सुबह चैरिटेबल ट्रस्ट और सुबह हॉस्पिटल हल्द्वानी की ओर से रविवार को भानू मेडिकोज भवाली में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में बीपी, ईसीजी, शुगर की मुफ्त जांच की जाएगी। वहीं पूर्व के शिविर में आये मरीजों से साथ में पुराने पर्चे लाने को कहा गया। आयोजकों ने लोगों से शिविर में आकर अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

### घर से 18 पाउच कच्ची शराब बरामद

**हल्द्वानी :** आबकारी विभाग की छापेमारी में गौलापार में एक घर से कच्ची शराब बरामद की गई। जानकारी के मुताबिक आबकारी विभाग के अधिकारियों को लंबे समय से गौलापार में कच्ची शराब की बिक्री की शिकायत मिली रही थी। जिस पर शुक्रवार को टीम ने देवला तल्ला बागजाला निवासी चंदन सिंह पुत्र किशन सिंह के घर छापेमारी की। घर से 18 पाउच बरामद हुए।

### डुरंड में चमक बिखेरेगा रामनगर का फुटबॉलर यश



**रामनगर :** रामनगर का उभरता फुटबॉलर 20 वर्षीय यश बिष्ट 133वें डुरंड कप में अपने खेल का कौशल दिखाएगा। बता दें कि यश का आईएसएल क्लब मुम्बई के नामचीन क्लब के प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। यश इससे पहले एसजीएफआई अंडर-19 भारतीय टीम का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पुत्र की उपलब्धि पर उसके फुटबॉलर पिता जितेंद्र बिष्ट बेहद प्रसन्न हैं। कहते हैं कि यश ने रामनगर का ही नहीं बल्कि उत्तराखण्ड का भी नाम बढ़ाया है। गौरतलब है कि यश के पिता जितेंद्र बिष्ट खुद एक अच्छे फुटबॉलर रहे हैं। वर्तमान में भी वह हल्द्वानी स्टेडियम में फुटबॉल कोच के पद पर तैनात हैं। यश की इस उपलब्धि पर रामनगर स्पोर्ट्स क्लब, लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों के साथ साथ रसिका सिद्धिकी उपनिदेशक खेल, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, उत्तराखण्ड फुटबॉल एसोसियशन महासचिव अख्तर अली, रास्ट्रीय बॉक्सिंग टीम मैनेजर देवेंद्र भट्ट आदि ने बधाई दी।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण



**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में कारगिल शौर्य दिवस पर 24 यूके बटालियन गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स ने नाटक प्रस्तुतिकरण के साथ ही पौधरोपण किया। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, डॉ. कविता बिष्ट, डॉ. सुरेश टम्टा, ले. ज्योति टम्टा ने कैडेट्स के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में फलदार, फूलदार व औषधियुक्त पौधे लगाए। इस दौरान मृणाल बोरा, हर्षिता, दिव्यांशी, दीपाली, प्रियंका, प्रेरणा नेगी, रितिका, भावना, कमला, नीलम, प्रियांशी आदि उपस्थित रहे।

# बारिश व कोहरा देख सैलानी रोमांचित

## दिल्ली, पंजाब व यूपी से पहुंचे पर्यटक, मुक्तेश्वर, सातताल, पंगुट भी जा रहे पर्यटक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मानसून के दौरान पहाड़ों में चारों ओर हरियाली छाई रहती है। ऐसे में बारिश और कोहरे के बीच नैसर्गिक सुंदरता देखने लायक होती है। वहीं नैनीताल, मुक्तेश्वर, सातताल, पंगुट आदि क्षेत्रों में भी इस दौरान मौसम काफी खुशनुमा हो चुका है। बारिश की रफ्तार काफी कम हो चुकी है। ऐसे में मानसून का लुत्फ उठाने सैलानी इन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, जबकि मानसून के दौरान पहाड़ियों से मलबा गिरने से सड़कों पर वाहन चलाते समय खतरा बना रहता है, जिसके चलते लोग काफी कम संख्या में पहाड़ों का रुख करते हैं, लेकिन बीते तीन सप्ताह से बारिश में कमी के बाद दिल्ली, पंजाब व यूपी से पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं, जिससे होटल कारोबारियों सहित पर्यटन पर आधारित टैक्सी चालक, नाव चालक, गाइड व छोटे दुकानदारों की आमदनी सहित सरकारी राजस्व में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।

शुक्रवार को भी नैनीताल में सैलानियों की आमद अच्छी खासी देखने को मिली। वहीं सुबह से दोपहर तक हुई बारिश के बाद नगर में कोहरा छाया रहा। विश्वविख्यात नैनीझील के ऊपर छाए कोहरे से झील की सुंदरता भी अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी थी। इस दौरान पर्यटकों ने बारिश में भीगते हुए नैनीताल की सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर में अधिकतक तमपमान 17 डिग्री व न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


बारिश के बाद नैनी झील के ऊपर छाया कोहरा। ● अमृत विचार

### नालों के जरिए झील में समाया कूड़ा

**नैनीताल :** शुक्रवार को हल्की बारिश के बाद सड़कों में फैला कूड़ा अब नालियों के जरिये झील में समाने लगा है, हालांकि झील में समाने वाले सभी नालों के मुहाने पर जालियां लगाई गई हैं उसके बावजूद झील में कूड़ा तैरता नजर आ रहा है। अधिशासी अधिकारी पूजा चन्द्रा ने बताया कि शहर से कूड़ा उठवाया जा रहा है। कर्मचारियों को भेजकर झील की भी सफाई करवा दी जाएगी।


छतरियों के सहारे बारिश से बचते सैलानी। ● अमृत विचार

# छात्रावास में स्ट्रीट डॉग लाए तो होगा निष्कासन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सख्ती**

- मेडिकल कॉलेज छात्रावास के मुख्य अधीक्षक ने प्राचार्य को लिखा पत्र
- उन छात्र-छात्राओं पर भी होगी कार्रवाई जिनके वाहन से घायल होते हैं स्ट्रीट डॉग

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में अब अगर स्ट्रीट डॉग का पालन-पोषण किया गया तो संबंधित छात्र-छात्राओं को निष्कासन की कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। इसके साथ तेज रफ्तार वाहन चला कर स्ट्रीट डॉग को घायल करने वालों पर भी ऐसी ही कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर मेडिकल कॉलेज छात्रावास के मुख्य अधीक्षक डॉ.राम गोपाल नौटियाल ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि छात्रावास के अन्दर पोषित पशुओं विशेषकर स्ट्रीट डॉग्स के कारण छात्रावास निवासियों में भय है। छात्र-छात्राओं को स्ट्रीट डॉग बाइट का शिकार भी होना पड़ा है। छात्रावास अधीक्षकों को छात्रावास के औचक निरीक्षण के दौरान कुत्तों के भय का सामना करना पड़ रहा है। जिससे मॉनिटरिंग नही हो पा रही है और शरारती तत्व छात्रावासों में मनमानी कर रहे हैं। पुरुष और महिला छात्रावासों में पशुओं का पालन पोषण छात्रावास नियमों के विरुद्ध है। पशु प्रेमी छात्र-छात्राएं पशुओं को छात्रावास के मुख्य प्रवेश द्वार और मैस से दूर अन्य स्थानों पर भोजन व पानी उपलब्ध कराएंगे। कैंपस में घूमने वाले स्ट्रीट डॉग्स के लिए समुचित स्थान का चयन कर शैल्टर की व्यवस्था का प्रस्ताव भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

इसके अलावा चेतावनी दी है कि अगर परिसर में छात्र-छात्राएं तेज रफ्तार वाहन चलाकर स्ट्रीट डॉग्स को घायल करते हैं तो परिसर में लगे कैमरों से उनकी पहचान कर उन्हें छात्रावास से निष्कासित किया जाएगा। घायल स्ट्रीट डॉग्स की यदि कोई छात्र या छात्रा छात्रावास में देखभाल करना चाहता है तो उसे अनुमति लेनी होगी और डॉग्स के ठीक होने के बाद उन्हें छात्रावास में शरण नहीं दिया जाएगा। इससे सहमत न होने वाले छात्र-छात्राओं, मैस संचालक और कार्मियों को निष्कासित किया जाएगा। कैम्पस में पशु न घुस सकें, इसकी व्यवस्था भी जाएगी और स्ट्रीट डॉग्स का बधियाकरण किया जाएगा।

### ग्रामीणों में बीमा कंपनी के खिलाफ रोष पनपा

**भीमताल :** भीमताल विकास खंड के ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के कृषकों तथा अन्य क्षेत्र के निवासियों ने बीमा कंपनी के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया है। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल की ओर से बताया गया कि पिछले दिनों ओलावृष्टि तथा गर्मी से किसानों की शत प्रतिशत फसले तथा फल फूल पूर्ण रूप से चौपट हो गए थे, जिसका निरीक्षण राजस्व विभाग, उद्यान विभाग व कृषि विभाग के अधिकारियों की ओ से किया गया था और अवगत कराया था कि नुकसान का प्रतिशत 60 से ऊपर है, परंतु बीमा कंपनी द्वारा उक्त सर्वे को ध्यान में नहीं रखा गया और किसानों की इंश्योरेंस की हुई किस्त को ही वापस किसानों के खाते में भेजा जा रहा है जो बहुत ही निंदनीय है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह कुल्याल ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर बीमा कंपनी के खिलाफ जांच की मांग की है।

# समस्याओं का समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाल कर डबल इंजन की सरकार को घेरा। सरकार पर कालाढूंगी क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वहीं चकलुवा ऐथनॉल प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीण भी कांग्रेस के विरोध मार्च में शामिल हुए।

शुक्रवार को चकलुवा के ग्रामीणों ने ऐथनॉल प्लांट के बंद कराने की मांग को लेकर व कालाढूंगी की समस्याओं को लेकर कालाढूंगी, कोटाबाग, चकलुवा, बैलपड़ाव व हल्द्वानी से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में पार्वती बैंकट हॉल से तहसील परिसर तक पैदल विरोध मार्च निकाला। तहसील में मुख्य गेट बंद होने पर पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तीखी झड़प हुई। कार्यकर्ता गेट खुलवाकर तहसील परिसर पहुंचे, जहां डबल इंजन की सरकार को घेरते हुए जमकर नारेबाजी की। हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि 2012 से विधानसभा में डबल इंजन सरकार के विधायक हैं। इसके बाद भी विधानसभा समुचित विकास से अछूती है। पड़ोसी विधायक होने के नाते कालाढूंगी विधानसभा की मुख्य समस्या को मैंने विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया लेकिन डबल इंजन सरकार और इनके प्रतिनिधियों को जनसरोकार से जुड़े मामलों से कोई सरोकार नहीं है।

पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि हम सोई सरकार को जगाने का काम कर रहे हैं। एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन देते हुए कालाढूंगी, कोटाबाग व बैलपड़ाव में अस्पताल के उच्चीकरण के साथ डॉक्टरों की तैनाती, कालाढूंगी में मुंसिफ कोर्ट व उप मंडी निर्माण, जंगल से सटे क्षेत्रों में वन्य जीवों को रोकने के लिए सोलर फेंसिंग, कोटाबाग को पर्यटन स्थल व पवलगढ़ में सफारी शुरू कराने, जल जीवन मिशन के तहत बिछी पाइप लाइनों की अनियमितताएं बरतने व जल जीवन मिशन के अंतगर्त हो रहे कार्यों की देख-रेख के लिए कमेटी का गठन, कोटाबाग में तकनीकी शिक्षा, पॉलीटैक्निक, आईटीआई कालेज की शीघ्र स्थापना, कालाढूंगी में रजिस्टार कार्यालय खोलने, कोटाबाग में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने, कालाढूंगी-मूसाबंगर मार्ग पर डामरीकरण आदि मांगें उठाईं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व प्रमुख भोला भट्ट, कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तडियाल, पीयूष बिष्ट, जया कर्नाटक, अली हुसैन, सतीश नैनवाल, तारा सिंह नेगी, संजय किरौला, राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सचिव योगेश जोशी, संजय सिंह बिष्ट, दीप चंद्र सती, कमल जोशी, वकील अहमद, राजेंद्र सुयाल, राजेंद्र बिष्ट आदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# 28 जुलाई से 3 अगस्त तक भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कांवड़ यात्रा**

- कांवड़ लेकर लौट रहे कांवड़ियों को देखते हुए लिया फैसला
- 28 जुलाई सुबह 5 बजे से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

**अमृत विचार :** गंगा जल लेकर हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों के सुरक्षित सफर को ध्यान में रखते हुए जिले में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 28 जुलाई की सुबह 5 बजे से 3 अगस्त तक भारी वाहनों के चलने पर पाबंदी होगी।

पुलिस के मुताबिक 22 से शुरू हुई कांवड़ मेला यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में हरिद्वार पहुंचने वाले कांवड़िये अब हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करते हैं। कांवड़ियों के आवागमन से मार्गों पर भारी वाहनों के चलने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

इसको देखते हुए 23 जुलाई को उधमसिंहनगर में बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि ऊधमसिंहनगर के सीमावर्ती जिलों में 27 जुलाई की मध्यरात्रि से सभी प्रकार के भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया जाएगा। 28 जुलाई की सुबह 5 बजे से रामनगर से काशीपुर की ओर जाने वाले, कालाढूंगी से बाजपुर की ओर जाने वाले, हल्द्वानी से रूद्रपुर की ओर जाने वाले, चोरागलिया से सितारगंज की ओर जाने वाले और लालकुआं से किच्छा की ओर जाने वाले सभी भारी वाहनों का आवागमन 3 अगस्त तक पूरी तरह वर्जित रहेगा। हालांकि यात्री वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।

# काश्तकारों को नहीं मिल रही बीमा राशि

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** पहाड़ में सरकारी समितियों से जुड़े किसानों को उनकी ओर से जमा प्रीमियम राशि ही बीमा राशि के रूप में लौटाई जा रही है।

मामले की जानकारी देते हुए नौकुचियाताल निवासी रविंद्र कर्नाटक और बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष पूरन बृजवासी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक सीमांत किसानों को अभी 2022-23 में 5.6% का ही बीमा दिया जा रहा है जबकि 5% प्रीमियम स्वयं किसान जमा करता है, इस कारण विधानसभा क्षेत्र के सभी किसान काफी परेशान हैं। वहीं बताया कि पिछले 3, 4 सालों से भीमताल, धारी, रामगढ़, ओखलकांडा, बेतालघाट ब्लॉकों में किसानों के साथ योजना से जुड़ी बीमा एजेंसियों, साधन सहकारी समितियों द्वारा उनका पूरा बीमा कवर हक नहीं दिया जा रहा है, जबकि किसानों को बीमा में 5% उनका जमा किया प्रीमियम 5% राज्य सरकार और 13% केंद्र सरकार द्वारा 23% बीमा कवर पर ब्याज सुधा 30%-40% बीमा कवर दिया जाता है। वहीं बताया कि बीमा एजेंसी एचडीएफसी को राज्य एवं केंद्र से तय 18% कवर नहीं मिल रहा है, जिस कारण यहां किसानों को पिछले वर्षों में 5.6 % बीमा ही दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, कुमाऊं आयुक्त, मुख्य सचिव उत्तराखंड से जांच की मांग की है। वहीं पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी ने बताया कि इस प्रकरण को लेकर शीघ्र ही काश्तकारों के साथ वे मुख्यमंत्री से मिलेंगे ताकि काश्तकारों को लाभ मिल सके।

इस प्रकरण में जांच करने की मांग करने वालों में नीरज कुमार, प्रदीप कुमार, किरन कुमार, विनोद चन्द्र, भोला दत्त, नवीन चन्द्र, ललित मोहन हेमन्त कुमार, नवीन चंद्र, मनोज सिंह आदि भी हैं।

# विजय दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल के छात्रों ने कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, भाषण व कविताएं प्रस्तुत की गई। छात्रों ने इस अवसर पर नगर में एक रैली का आयोजन किया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने छात्रों को संबोधित किया और कहा कि देश भक्ति के लिए हमें केवल भारतीय सेना में ही होना आवश्यक नहीं है, हम अपने काम को मेहनत और ईमानदारी से करें यह भी देशभक्ति ही है। कार्यक्रम के दौरान दीपक देशवाल, डॉ. मंजू नेगी, दिगम्बर खनेड़ा, राजेन्द्र सिंह खाती, बीना नेगी चौधरी, पूजा आर्या, शीतल सिंह मौर्या, राम कृष्ण आर्या, मुकेश आर्य, राहुल कुमार, नेत्र प्रसाद गौतम, नितिन भगवाल, तनूजा, दीपा और भुवन पलड़िया आदि मौजूद रहे।

वहीं आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट में भी कारगिल विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय में शहीदों का स्मरण किया गया और देशभक्ति को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बुशरा फिरदौस, कंचन बिष्ट, मदन मोहन बिष्ट, गिरीश चन्द्र बेरी, बेबी थायत, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, सतीश चन्द्र आदि लोग उपस्थित थे। वहीं भूतपूर्व सैनिक लीग भीमताल के सदस्यों ने भी कारगिल विजय दिवस पर शहीद सैनिकों को याद कर दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान लीग के संरक्षक नंदा बल्लभ जोशी, कृपाल रौतेला, सुरेश थापा, सुनील खड़का, केएस जलाल, संदीप गोरखा, घनश्याम सिंह खड़का आदि मौजूद थे।


भीमताल में रैली निकालते हरमन माइनर डिग्री कॉलेज के छात्र। ● अमृत विचार

### कुष्ठ रोगियों को सब्जी और फल वितरित किए

**रामनगर :** कुष्ठ आश्रम के 13 परिवारों को सावन मास के अवसर पर सब्जी, फल, आलू, प्याज, गोभी, टमाटर आदि का वितरण देवभूमि उद्योग व्यापार रामनगर मंडल इकाई की ओर से किया गया।

जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनगर विपिन कांडपाल, उपाध्यक्ष दीप जोशी, ललित मोहन जोशी, चंचल रजवार, आर्यन सागर, सोमिल रावत विकास सक्सेना आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कांडपाल ने कहा कि श्रावण मास में दान-पुण्य करना शुभ माना जाता है। सभी को इस दान पुण्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए व कुष्ठ आश्रम आकर सभी को इन परिवारों की मदद करनी चाहिए।

# तीन नए बिजली घरों से 25 हजार होंगे लाभान्वित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भीमताल और ओखलकांडा ब्लॉक के गांवों व कस्बों के करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मुहैया कराने को जर्जर बिजली वितरण सिस्टम को दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई है। केन्द्र सरकार की रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन स्केल स्कीम (आरडीएसएस) में ऊर्जा निगम ने भीमताल और ओखलकांडा ब्लॉक में 3 नए बिजली घर बनाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। ऐरीज, भीड़ापानी और पतलोट क्षेत्र में तीन नए बिजली घर बनाने के लिए करीब 15 करोड़ का खर्चा आएगा। बेतालघाट ब्लॉक में अब भी बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठीक नहीं है। इलाके में केवल एक बिजली घर से आपूर्ति होती है। इस कारण लो वोल्टेज सहित कई दिक्कतें पेश आती हैं। बिजली घर बनने से भीड़ापानी और पतलोट क्षेत्र की 11 हजार वोल्ट की लाइन की लंबाई कम हो जाएगी।

### शासन को प्रस्ताव भेजा गया

ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि तीन नए बिजली घर बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। एक बिजली घर बनाने के लिए लगभग आठ से 10 नाली जमीन की जरूरत होती है। विभाग को तीनों जगहों में नए बिजली घरों के निर्माण के लिए जमीन मिल गई है। प्रस्ताव पास होने के बाद बिजलीघरों को बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।**

पढ़ते रहिए अपना अखबार — अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | |
|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज एजेंसी | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | 9917089411 |

## आज का मौसम

धूप के साथ बारिश होने की संभावना

34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.30 | सूर्यास्त 07.07

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम शनिवार को कुमाऊं दौरे के तहत हल्द्वानी पहुंच रहे हैं। वह पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आगामी निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक करेंगे। वहीं केंद्रीय बजट को लेकर रामपुर रोड स्थित होटल में प्रेस वार्ता करेंगे। जिसमें बजट की खूबियों को बताया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने दी है।

### आयोग उपाध्यक्ष 29 को सुनेंगे समस्याएं

**हल्द्वानी :** अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब की अध्यक्षता में 29 जुलाई को सर्किट हाउस काठगोदाम में प्राप्त जन शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सचिव जेएस रावत ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी बैठक में अनिवार्य रूप से सभी सूचनाओं के साथ पहुंचें। बैठक के उपरान्त प्रेस वार्ता की जाएगी।

# कैंटर से भिड़ंत में ऑटो सवार सात लोग घायल, तीन गंभीर

## लालकुआं से हल्द्वानी की ओर आ रहा था ऑटो, मोतीनगर क्रॉसिंग पर आंचल दूध के कैंटर के अचानक विपरीत दिशा में मुड़ने से हुआ भीषण हादसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बरेली रोड में शाम भीषण हादसा हो गया। आंचल दूध के कैंटर चालक की लापरवाही से कैंटर और ऑटो की जोरदार भिड़ंत हो गई। लालकुआं की ओर से आ रहा ऑटो अचानक मुड़े कैंटर से टकराने के बाद पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को ऑटो से बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे ऑटो संख्या यूके 04 टीबी 1151 लालकुआं से सवारियां लेकर हल्द्वानी की ओर जा रहा था। ऑटो में मय चालक सात लोग सवार थे। ऑटो अभी मोतीनगर क्रासिंग के पास पहुंचा था कि तभी हल्द्वानी की ओर आए कैंटर संख्या यूके 04 सीए 5832 के चालक ने यू टर्न पर कैंटर को विपरीत दिशा में मोड़ दिया। अचानक कैंटर के मुड़ने से ऑटो चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और ऑटो कैंटर से टकराकर पलट गया। टक्कर होते ही कुछ सवारियां ऑटो के अंदर फंसी रही गईं और कई लोग सड़क पर इधर-उधर गिर गए। घटना के बाद कैंटर भी सड़क से नीचे उतर गया। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग और राहगीर राहत कार्य में जुट गए और सूचना मंडी पुलिस चौकी को दी। जानकारी पर मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा गया। घटना में किसी को हेड इंजरी हुई तो किसी के हाथ पैर टूट गए। ऑटो सवार सभी सात लोग बुरी तरह घायल हुए हैं, जिसमें तीन की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इनमें पांच साल का हसन भी शामिल है।





कैंटर और ऑटो में हुई टक्कर के बाद घायल सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे।



सुशीला तिवारी अस्पताल में लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

" हादसे में प्रथम दृष्टया कैंटर चालक की लापरवाही सामने आई है। कैंटर चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। ऑटो सवार सात लोग घायल है। तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी का उपचार चल रहा है।

– **नितिन लोहनी**, सीओ सिटी

### टक्कर के बाद पलटे ऑटो में फंसा रह गया चालक

हल्द्वानी : जोरदार टक्कर के बाद ऑटो पहले कैंटर में घुसा और फिर पलट गया। सवारियां तो इधर-उधर सड़क पर गिर गईं, लेकिन ऑटो चालक ऑटो में ही फंसा रहा गया। ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह अंदर धंस गया, जिससे चालक ऑटो के अगले हिस्से और सीट के बीच फंस गया। इसके नाम और मुंह से खून निकल आया और दाहिनी आंख लगभग बाहर निकल आई।

### इमरजेंसी का एसी खराब, भीड़ से इलाज में आई दिक्कत

**हल्द्वानी :** घायलों की शिनाख्त होते ही पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। इधर, घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लाया गया और जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन व इलाकाई लोग भी अस्पताल पहुंच गए। लोगों की भारी भीड़ अस्पताल और इंमरजेंसी में अपने लोगों का हालचाल लेने घुस गई। इमरजेंसी के एसी खराब था। भीषण गर्मी और भीड़ से हुई उमस के चलते इमरजेंसी में घायलों का उपचार करना मुश्किल हो गया।

### बेटे को साथ लाया था ऑटो चालक, दोनों गंभीर

**हल्द्वानी :** ऑटो इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी सैय्यद उर्फ मुन्ने मियां चला रहा था। बताया जाता है कि मुन्ने मियां के साथ उसका पांच साल का बेटा हसन मियां भी ऑटो में सवार था। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनके साथ चन्दा की हालत भी नाजुक है। तीनों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### ये हुए घायल

1. मो. रफी (60 वर्ष) पुत्र अब्दुल सलाम निवासी लाइन नंबर 6 बनभूलपुरा
2. कृति मियान (24) निवासी मोतीनगर
3. हेमंत सिंह मेहता (25 वर्ष) पुत्र पूरन सिंह मेहता निवासी कांडा बागेश्वर
4. विपिन चंद्र (58 वर्ष)
5. ऑटो चालक सैय्यद उर्फ मुन्ने मियां (40) पुत्र रईस मियां निवासी इंद्रानगर बनभूलपुरा
6. हसन मियां (5 वर्ष) पुत्र सैय्यद उर्फ मुन्ने मियां निवासी इंद्रानगर बनभूलपुरा
7. चन्दा (35 वर्ष)



### उम्मीद की हरियाली

काठगोदाम में दो जुलाई को नरीमन चौक पर स्थित विशाल पाकड़ का पेड़ आंधी में धराशायी हो गया था। इसको लेकर पर्यावरण प्रेमियों में खासी नाराजगी थी कि 100 से अधिक वर्ष पुराने पेड़ का खात्मा हो गया। प्रशासन ने इस पेड़ को नरीमन चौक से बरेली रोड स्थित गोशाला में ट्रांसप्लांट किया था। यह ट्रांसप्लांट सफल रहा, गोशाला में लगाए गए इस पेड़ पर नए हरे पत्ते आने लगे हैं। इससे पर्यावरण प्रेमियों की नाराजगी तो दूर होगी साथ ही प्रशासन व लोनिवि का भी उत्साहवर्धन हुआ है। प्रशासन व लोनिवि नैनीताल सड़क के चौड़ीकरण में मंगल पड़ाव से नरीमन चौक तक लगभग 40 पेड़ों को गोशाला में ट्रांसप्लांट करने की योजना पर काम कर रहा है। इस पेड़ पर पत्ते आने से बाकी पेड़ों के जीवन की भी उम्मीदें बढ़ गई हैं।

● अमृत विचार

# बहन के हत्यारों की फांसी की सजा उम्रकैद में तब्दील

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बहन की हत्यारे तीन भाइयों को निचली अदालत से मिली फांसी की सजा को उम्र कैद में तब्दील कर दिया है। सबूतों के अभाव में मृतका के ममेरे भाई राहुल को बरी कर दिया है।

हरिद्वार के खानपुर में परिजनों की मर्जी के खिलाफ जाकर युवती ने प्रेम विवाह किया था। इससे नाराज भाइयों ने धारदार हथियार से युवती की हत्या कर दी थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंकर राज ने मृतका के दो सगे भाई व ममेरे भाई को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। अपने आदेश की पुष्टि करने के लिए हाईकोर्ट को रिफरेंस आदेश भेजा था। इस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त आदेश दिया। मामले के अनुसार खानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी प्रीति ने वर्ष 2014 में निकट के धर्मूपुर गांव निवासी युवक बृजमोहन के साथ प्रेम विवाह किया था। उसके परिजन इस शादी के खिलाफ थे जिसके कारण उसका मायके आना जाना नहीं था।

18 मई 2018 को प्रीति खानपुर थाना क्षेत्र के अब्दीपुर गांव में अपने मामा संतरपाल के घर आई थी। जहां उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मृतका के पति बृजमोहन की ओर से उसके भाइयों कुलदीप और अरुण के अलावा ममेरे भाई राहुल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# लोनिवि ने खड़ी की दीवार कोर्ट जाएगा मजार प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मजार के कुछ हिस्से को प्रशासन ने हटा दिया था, लेकिन नए निर्माण का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। जिससे दो समुदायों के लोग आमने-आमने आ गए।

शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क किनारे दीवार खड़ी की। अब मजार प्रबंधन कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कह रहा है।

नरीमन तिराहे से काठगोदाम रेलवे स्टेशन के बीच में सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। बीते गुरुवार को यहां एक मजार शाकिर मियां अली की परिधि को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस और प्रशासन को मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया।

शुक्रवार को भी सुबह से ही क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। पुलिस की तैनाती में लोनिवि ने मजार की ओर सड़क की हद तक दीवार खड़ी की।

सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान लोनिवि यहां दीवार बनवा रहा है। बीते गुरुवार शाम के घटनाक्रम को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से शुक्रवार सुबह से ही यहां पर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। हालांकि इस दौरान क्षेत्र में शांति बनी रही।

### नया निर्माण बताकर तोड़ी दीवार : हशमत

**हल्द्वानी :** मजार शाकिर मियां अली के मैनेजर हशमत अली ने बताया कि प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के लिए दो फीट जगह मांगी थी। हमारे पास 6 बाई12 फीट जगह थी, दो फीट देने के बाद 4 भाई 12 फीट जगह बची थी। जब जगह दी गई तो नई बाउंड्रीवाल बना दी गई जिसे नया निर्माण बताकर तोड़ दिया गया। यह पूरी तरह से गलत है, हम इसके खिलाफकोर्टजाएंगे।

### तनातनी

- **भारी पुलिस बल की तैनाती में काठगोदाम में बनवाई गई दीवार**
- **गुरुवार शाम आमने-सामने आ गए थे दो समुदाय**

# नियुक्त हो चुके युवा नहीं देंगे नर्सिंग भर्ती की परीक्षा

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में हो रही नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सैकड़ों डिग्रीधारकों को राहत देते हुए स्वास्थ्य विभाग में पूर्व से नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों के परीक्षा में भाग लेने पर रोक लगा दी ।

नवल किशोर, अनीता भंडारी और अन्य की ओर से अलग-अलग अपील दायर की गई थी। इसमें अपीलकर्ताओं ने कहा था कि प्रदेश सरकार ने नर्सिंग अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए वर्ष 2022 में वन टाइम सेटलमेंट योजना संचालित की। इसके तहत नर्सिंग डिग्रीधारकों को वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति देने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2023 में नर्सिंग पदों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से 1564 पदों पर रिक्तियां निकाली गईं और वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति दे दी गई। इस साल 11 मार्च 2024 को चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से नर्सिंग अधिकारी के 1,455 पदों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी की लेकिन उसमें उन नर्सिंग अधिकारियों ने भी आवेदन कर दिया जो वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ वर्ष 2023 में ले चुके हैं और नर्सिंग अधिकारी पद पर नियुक्त हो चुके हैं। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने उन अभ्यर्थियों को परीक्षा से निरूद्ध कर दिया जो ओटीएस का लाभ ले चुके हैं।

# बहन की शादी के लिए जेवर मांगे तो दे दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहले दहेज के लिए प्रताड़ित किया और फिर बेटियों के पैदा होने के बाद घर से निकाल दिया। किसी तरह सुलह हुई, लेकिन जब पीड़िता ने बहन की शादी में जाने के लिए जेवर मांगे तो न सिर्फ पीड़िता के पिता को पीटा बल्कि तीन तलाक भी दे दिया। पीड़िता की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा निवासी नाजरीन पुत्री मो. रियासत ने कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2018 में नहटोर बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी सलीम पुत्र भूरा रईस के साथ हुई थी। शादी के अगले दिन से ही पति, सास और ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता दो माह की गर्भवती हुई तो मायके वालों से पांच लाख रुपये लाने को कहा और जब असमर्थता जताई तो घर से निकाल दिया। मायके पहुंचकर पीड़िता ने बनभुलपुरा थाने में तहरीर दी। पति व ससुराली सुलह कर अपने साथ ले गए। दिसम्बर 2018 में पुत्री हुई तो ससुराली उसके भरण-पोषण के लिए लड़ने लगे। घर से दोबारा निकाला तो पीड़िता फिर पुलिस के पास पहुंची। मामला महिला समाधान केंद्र पहुंचा तो ससुराली फिर सुलह कर उसे अपने साथ ले गए। पीड़िता ने अगस्त 2020 में फिर से बेटी तो जन्म दिया तो फिर घर से निकाला और फिर सुलह कर वापस ले गए। अक्टूबर 2023 में पीड़िता की छोटी बहन की शादी तय हुई। पीड़िता के पिता उसे लेने पहुंचे। पीड़िता ने शादी में जाने के लिए जेवर मांगे तो मारपीट शुरू कर दी। पति और ससुर ने पीड़िता के पिता को बुरी तरह पीट दिया। पीड़िता बचाने गई तो पति ने उसे सबके सामने तीन तलाक दे दिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुकदमा दर्ज

- **पहले दहेज और फिर बेटियां पैदा होने के बाद घर से निकाला**
- **दो बार सुलह के बाद ले गए, बेटी को लेने आए पिता को पीटा**

# रेजीडेंट डॉक्टरों के पदों के लिए हुए साक्षात्कार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में विभिन्न विभागों में सीनियर व जूनियर रेजीडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार हुआ।

मेडिकल कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी आलोक उप्रेती ने बताया कि शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में विभिन्न विभागों के लिए साक्षात्कार हुए। इनमें 18 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। 2 डॉक्टर्स ने ईएनटी विभाग में सीनियर रेजीडेंट व 16 डॉक्टर्स ने जूनियर रेजीडेंट पदों के लिए साक्षात्कार दिया। चयन समिति में प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, डॉ. जीएस तितियाल एमएस एसटीएच समेत कई विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इधर, प्राचार्य डॉ. जोशी ने बताया कि विभिन्न राज्यों से 18 चिकित्सकों ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया। उनकी नियुक्ति होने से मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की कमी दूर होगी।



आरटीओ से वार्ता करते टैक्सी महासंघ और ट्रक ऑनर्स यूनियन के पदाधिकारी।

# एटीएस के संचालन का कार्य एआरटीओ को देने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आरटीओ संदीप सैनी ने परिवहन आयुक्त को पत्र भेजकर ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की जांच पूरी होने तक इसके संचालन की जिम्मेदारी एआरटीओ प्रशासन और आरआई संभागीय निरीक्षक को देने की मांग की है। जिससे समस्याओं का निराकरण हो सके।

आरटीओ ने बताया कि बीते गुरुवार को मंडलायुक्त दीपक रावत के निरीक्षण किया था। उन्होंने एक माह में फिटनेस सेंटर पर की गई सभी फिटनेस व अन्य कार्यों के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। बताया कि निरीक्षण के दौरान सेंटर में उपस्थित अधिकांश वाहन स्वामियों ने मशीनों में छेड़छाड़ की आशंका जताई थी। इस पर संदीप सैनी ने परिवहन विभाग की तकनीकी समिति और केन्द्र सरकार की ऑडिट एजेंसी से संयुक्त निरीक्षण कराने की मांग की। इधर, शुक्रवार को उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ऑनर्स महासंघ और कुमाऊं टैक्सी महासंघ प्रतिनिधि मंडल ने आरटीओ संदीप सैनी से वार्ता की। जिसके बाद उन्होंने वाहनों का संचालन बंद करने का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया। प्रतिनिधि मंडल ने ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन को बंद करने या पहले की तरह परिवहन कार्यालय में फिटनेस कराने में से किसी एक व्यवस्था को चुनने का मौका देने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि 29 जुलाई तक मांगों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा और वाहनों का संचालन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। आरटीओ से वार्ता के बाद ट्रांसपोर्ट नगर में सभी यूनियनों के पदाधिकारियों ने महापंचायत की। जिसमें तय किया गया कि 29 जुलाई तक परिवहन विभाग की ओर से फिटनेस के बारे में लिखित रूप में स्पष्ट नहीं किया जाता है तो वाहनों का संचालन बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान केमू, ट्रक, टैक्सी, ऑटो, विक्रम, व्यापार मंडल, गैस वाहन और गल्ला मंडी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वार्ता

- **आरटीओ संदीप सैनी ने परिवहन आयुक्त को भेजा पत्र**
- **वाहनों का संचालन बंद करने का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित**

# दो दुकानों पर कार्रवाई की संस्तुति

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ड्रग डिपार्टमेंट, खाद्य सुरक्षा विभाग और राजस्व प्रशासन ने शुक्रवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के आदेश पर संयुक्त निरीक्षण किया। खाद्य पदार्थ और एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए निरीक्षण अभियान मुखानी चौराहे से नहर कवरिंग रोड तक चलाया गया।

इस दौरान लगभग डेढ़ दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की संस्तुति की। साथ ही ड्रग डिपार्टमेंट ने लाइसेंस से संबंधित शर्तों की जांच की और उन्हें एक्सपायरी दवाओं के लिए एक्सपायरी बॉक्स बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण टीम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश टम्टा और तहसील प्रशासन से राजस्व उपनिरीक्षक संजय प्रसाद शामिल रहे। टीम ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।



मेडिकल स्टोर में निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

# पॉलीथिन जागरूकता पर सेमिनार आज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लायन्स क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी की ओर से पॉलीथिन हटाओ पर्यावरण बचाओ विषय पर जागरूकता सेमिनार शनिवार को कुसुमखेड़ा स्थित रेस्टोरेंट में किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि कार्यक्रम शनिवार रात्रि 8 बजे से होगा। इसमें लायन्स क्लब के 10 नए सदस्यों का परिवार सहित परिचय भी कराया जाएगा। इसके अलावा तोल मोल के बोल, अंक काट, बेस्ट टाइमिंग, लकी ड्रा, रेनबो गेम आदि प्रतियोगिताएं भी होंगी। इस दौरान मधुकर श्रोत्रिया, विजय श्रीवास्तव, अनुज कांत, डॉ. एमके शर्मा, राखी आदि रहे।

# चेक बाउंस मामले में 6 माह जेल, 5.10 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वाहन की किस्त जमा नहीं करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम हल्द्वानी मोहित महेश ने आरोप सिद्ध होने पर सितारगंज निवासी अमरपाल शर्मा को छह महीने का साधारण कारावास और 5.10 लाख रुपये का अर्थदंड सुनाया है। अर्थदंड की धनराशि जमा नहीं करने पर तीन महीने अतिरिक्त कारावास की सजा के आदेश दिए हैं।

गणेश नगर वार्ड 8 सितारगंज निवासी अमरपाल शर्मा ने श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी से 2013 में ट्रक खरीदने के लिए 2.98 लाख रुपये का लोन लिया और किस्त जमा नहीं की। 2015 में 4.35 लाख रुपये का चेक कंपनी की शाखा कार्यालय में जमा किया। लेकिन चेक बाउंस हो गया। कंपनी ने 2015 में मुकदमा दर्ज कराया था। कंपनी की ओर से प्रकाश चंद्र जोशी और नवीन पांडे ने पैरवी की। बीते बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम हल्द्वानी मोहित महेश ने अमरपाल को 6 महीने की साधारण सजा और 5.10 लाख रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है।



एमबीपीजी कालेज सभागार में शौर्य दिवस समारोह पर वीरांगनाओं को सम्मानित करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी।



कारगिल विजय दिवस पर नैनीताल रोड स्थित झंडे वाले पार्क में श्रद्धांजलि देने जाते सेना के अधिकारी। ● अमृत विचार



नैनीताल में शहीदों की याद में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं विधायक सरिता आर्या। ● अमृत विचार

# कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वीर नारियां सम्मानित

## शहीद पार्क में आयोजित किया गया मुख्य समारोह, एमबीपीजी कॉलेज में हुए सांस्कृति कार्यक्रम, शहीदों की याद में रखा दो मिनट का मौन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में कारगिल शौर्य दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह शहीद पार्क में आयोजित किया गया। समारोह में एसएसपी पीएन मीणा, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, मेजर जनरल सेनि. इंद्रजीत सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सेनि. रमेश सिंह सहित पूर्व सैनिकों व शहीद सैनिकों की वीर नारियों ने कारगिल शहीदों के स्तंभ पर पुष्पचक्र अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



नैनीताल रोड स्थित झंड़े वाले पार्क में श्रद्धांजलि देते अधिकारी। ● अमृत विचार

इसके बाद एमबीपीजी कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में विभिन्न स्कूली बच्चों और एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत, नृत्य व नाटकों की सुंदर प्रस्तुति से लोगों को भाव विभोर कर दिया। वीर सपूतों की शहादत की शौर्य गाथा सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं।

कार्यक्रम में कारगिल शहीद सैनिकों की वीर नारियों जयंती देवी पत्नी लांसनायक रामप्रसाद, अनिता भण्डारी पत्नी लां. नायक सेना मेडल चन्दन सिंह और उमा देवी पत्नी सिपाही मोहन सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि हमारे वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर कश्मीर के कारगिल से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ा था। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि हमारे देश की अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण रखने में भारतीय सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और साहस की अहम भूमिका रही। इस मौके पर कर्नल सेनि बीडी कांडपाल, कर्नल सेनि. एमएस चौहान, मेजर सेनि. बीएस रौतेला, कैप्टन सेनि. पीएस भंडारी, कैलाश चंद्र, एसएस बिष्ट, एनएस बोरा, जेएस बोरा, हरीश कुमार, प्राचार्य एनएस बनकोटी, आर्मी कैंट ले. कर्नल दीपक कुमार सहित काफी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन सेनि. पुष्कर सिंह भंडारी ने किया।

## पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** राजकीय इंटर कॉलेज मोतीनगर में कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में देश के लिए लड़ने वाले पूर्व सैनिक सूबेदार आन सिंह दानू, सूबेदार भूपेंद्र सिंह डसीला और कुमाऊं रेजीमेंट के शहीद सैनिक पीतांबर दत्त पांडे की धर्म पत्नी वीरांगना किरण पांडे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूबेदार भूपेंद्र सिंह डसीला और आन सिंह दानू ने कारगिल की लड़ाई के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। एनसीसी कैडेट्स और अन्य छात्रों ने देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य कृष्णानंद जोशी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस से हम कारगिल युद्ध में विजयी हुए। एनसीसी प्रभारी डॉ. सुरेश भट्ट ने कारगिल युद्ध में भारतीय वायु सेना के ऑपरेशन सफेद सागर के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विमल कुमार, नीलम भाकुनी, मदन गोस्वामी, धर्म सिंह, कृपाल दत्त तिवारी, राजेंद्र जोशी, नंदाबल्लभ पांडे, चंद्रपाल सिंह, कादंबरी पांडे सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, एयर एनसीसी कैडेट आदि उपस्थित रहे।

# देशभक्ति के गीतों पर लोगों की आंखें नम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से कारगिल विजय दिवस पर सीआरएसटी इंटर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य व विशिष्ट अतिथि एसपी यातयात हरबंश सिंह की ओर से संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद स्कूली छात्रों ने सरस्वती वंदना व अन्य सांस्कृतिक व देशभक्ति गीतों पर नृत्य व नाटक की प्रस्तुति से कार्यक्रम में मौजूद लोगों की आंखें नम हो चुकी थीं। वहीं केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार ने अतिथियों व पूर्व सैनिकों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता में पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान कारगिल शहीदों की वीर गाथा की पर्दशनी भी लगाई गई थी। इसमें जनपद के कपूर भवन तल्लीताल निवासी मेजर राजेश अधिकारी, गुलजारपुर चकलवा कालाढूंगी निवासी सिपाही मोहन चंद जोशी, हाथी डंगर पिरुमुदारा निवासी लांस नायक राम प्रसाद, छड़ियाल सुयाल मानपुर निवासी लांस नायक चंदन सिंह, मथुरा विहार नबाबी रोड हल्द्वानी निवासी सिपाही मोहन सिंह की शहादत का उल्लेख किया गया था। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट ने किया। इस दौरान सीआरएसटी कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज पांडे, श्रद्धा गुरुरानी, आनंद बिष्ट, गोपेश बिष्ट, भाजपा नेता मनोज जोशी, मोहित साह, सुरेश गढ़िया, सुनील शाह, राजेश शाह आदि मौजूद रहे।

## रामनगर में रणबांकुरों का भावपूर्ण स्मरण, भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**रामनगर, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस अनेक स्थानों पर उल्लास के साथ मनाया गया। लखनपुर स्थित शहीद पार्क में पूर्व सैनिक संगठन की ओर से शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर पूर्व सैनिक संगठन के सचिव नायक भुवन सिंह डंगवाल ने कहा कि कारगिल दिवस देश की एकता और देशभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुवात में शहीदों की याद में मौन धारण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन संरक्षक कैप्टन हरगोविंद मासीवाल व कैप्टन ललित मोहन मठपाल के द्वारा किया गया। इस दौरान कैप्टेन पूरन बिष्ट, कैप्टेन दामोदर जोशी, कैप्टेन ललित मोहन खाती, कैप्टेन बलवंत सिंह रावत, कैप्टेन बालम सिंह डंगवाल, सूबेदार बालम सिंह बिष्ट,हवलदार मंगल सिंह रावत, विश्राम गृह संरक्षक हवलदार भगवत चौहान, हवलदार चंद्र मोहन रावत, हवलदार रविन्द्र सिंह डंगवाल, हवलदार नंदन बिष्ट,हवलदार हरीश पंत, राजेश, सौरव आदि पूर्व सैनिक व शहर के नागरिक मौजूद रहे। एमपी हिंदू इंटर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से शहीद जवानों को याद किया। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में शहीदों को श्रद्धांजलि देकर मनायी गयी। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कारगिल योद्धा कैप्टन गोविंद मासीवाल, कैप्टन बहादुर भण्डारी, कैप्टन एन.बी.पाण्डे, कैप्टन आनन्द सिंह बिष्ट, सीएचएम चन्द्र मोहन,भुवन सिंह डंगवाल, एएनओ लेफ्टिनेंट डी.एन.जोशी, लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती एवं प्राध्यापकों व एनसीसी कैडेटों द्वारा शौर्य दिवार पर वीर शहीदों के छविचित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ईको क्लब ग्रीन आर्मी व एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) डी. एन. जोशी के संयोजन में 79 व 24 यूके बटालियन एनसीसी इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर में साफ-सफाई कर क्लीन कैम्पस,ग्रीन कैम्पस का संदेश दिया। कारगिल युद्ध के ऑपरेशन विजय में अपना योगदान दे चुके सेना मेडल प्राप्त कैप्टन बहादुर सिंह भण्डारी सेवानिवृत्त ने कारगिल युद्ध के ऑपरेशन विजय के विषय में छात्र छात्राओं को विस्तार से व्याख्यान दिया। राजकीय इंटर कालेज ढेला में कारगिल विजय दिवस पर पौधरोपण किया गया। ब्लाक प्रमुख रेखा रावत,व भाजपा नेता पूर्व सैनिक इंदर रावत समेत अन्य लोगों द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया।



रामनगर डिग्री कॉलेज में कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते शिक्षक। ● अमृत विचार



शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि देते विधायक सुमित हृदयेश व अन्य।

## कांग्रेस ने मोमबत्ती जलाकर कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस ने शहीद पार्क में एक मोमबत्ती शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में सभी ने जिला-महानगर कांग्रेस ने जजी कोर्ट स्थित शहीद पार्क में मोमबत्ती जलाकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सुमित ने कहा कि 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में भारत ने अपने वीर जाबांज जवानों के दम पर ऐतिहासिक विजय हासिल की थी। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भारत की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के लिए देश हमेशा ऋणी रहेगा। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि भारत देश के वीर जवानों का अदम्य साहस और बलिदान देश सेवा के लिए सभी को हमेशा प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।



शहीद मेजर राजेश अधिकारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सैल्यूट करते सेना के अधिकारी।

## शहीद मेजर राजेश सिंह अधिकारी को याद किया

**नैनीताल :** कारगिल विजय दिवस पर तल्लीताल स्थित शहीद मेजर राजेश अधिकारी के स्मारक पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। स्मारक पर 205 साटा वैट्री के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप सिंह अधिकारी के नेतृत्व में शहीद मेजर राजेश अधिकारी ( महावीर चक्र ) के स्मारक पर विधिवत सैन्य प्रकिया से माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उन्होंने उनकी स्मृति को जनमानस के सामने रखकर उजागर किया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों और भारतीय सेना के जवानों ने शहीद मेजर राजेश अधिकारी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



भाजपा महिला मोर्चा ने विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के वीरों को सम्मानित किया।

## कारगिल योद्धाओं को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कारगिल दिवस पर वीर योद्धाओं को सम्मानित किया। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा के नेतृत्व में योद्धाओं को शॉल ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया गया। इस अवसर पर योद्धाओं ने कारगिल युद्ध से जुड़ी जानकारी दी। कारगिल योद्धा हरीश कन्नौजिया ने बताया कि युद्ध के दौरान उनकी यूनिट 18 ग्रेनिडियर को टाइगर हिल फतह करने का लक्ष्य मिला। जिस पर जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए टाइगर हिल पर तिरंगा फहराया। पूर्व सैनिक कुंदन चिलवाल ने बताया कि वह 17 साल की उम्र में कुमाऊं रेजिमेंट में भर्ती हो गए थे। इस दौरान प्रगति जैन, मीना बिष्ट, भावना पांडेय, शिप्रा जोशी, मोना पांडेय, सीमा सिंह, शेफाली सेमवाल, अखिलेश सेमवाल, शिवांशु जोशी आदि मौजूद रहे।

# कारगिल युद्ध के योद्धा ने सुनाए सैनिकों की बहादुरी के किस्से

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ पर आर्मी स्कूल हेमपुर में कार्यक्रम में कारगिल के वीर जवानों को याद किया गया। मुख्य अतिथि कारगिल के योद्धा 18 गढ़वाल रायफल्स के नायब सूबेदार विनोद सिंह नेगी ने कारगिल युद्ध के अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किये।

उन्होंने कहा कि वह युद्ध इतना कठिन था कि जवानों ने संकल्प लिया था कि भारत माता की रक्षा के लिए अपना जीवन दांव पर लगा देंगे मगर देश पर आंच न आने देंगे। हमारे कई जाबांजो ने प्राणों की आहुति देकर दुश्मन के छक्के छुड़ाकर जीत हासिल की। सम्बोधन के पश्चात रखे गये प्रश्न सत्र में विद्यार्थियों ने अतिथि नेगी से कारगिल युद्ध और सैनिक जीवन की चुनौतियों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत समूहगान भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य डॉ. मोइन अहमद ने विद्यालय की ओर से एक भेंट देकर नायब सूबेदार नेगी को सम्मानित किया। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कारगिल युद्ध हम पर थोपा गया था जिसे हमारे वीर सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर जीता है।



कारगिल योद्धा को सम्मानित करते आर्मी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल।

## उपनल कार्यालय में शहीदों को नमन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** हिमगिरी आदर्श नगर स्थित उपनल कार्यालय में कारगिल दिवस पर शहीदों को नमन किया गया। मुख्य परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे ने कहा कि लगभग 60 दिनों तक चले इस युद्ध में कई भारतीय सैनिक शहीद हुए।

उन्होंने शहीद सैनिकों के बलिदान को कभी न भूलने व शहीदों के परिवारों की सहायता के लिए हमेशा प्रयासरत रहने का संकल्प लेने को कहा। इस दौरान नारायण सिंह, महेश चंद्र लोहनी, अनीता राणा, राजेंद्र सिंह भंडारी, पंकज मासीवाल, लक्ष्मण सिंह, गणेश गिरी, विनोद महरा, गोकुल सिंह, इन्द्र सिंह कार्की आदि मौजूद रहे।

## देश प्रेम से ओत-प्रोत कार्यक्रमों ने आंखें की नम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शहीद सैनिकों को भाव भीनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। कारगिल विजय दिवस के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश प्रेम से ओत-प्रोत कार्यक्रम कर सभी की आंखें नम कर दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक आरपी सिंह ने कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को याद किया और बच्चों को देश प्रेम की भावना से प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की, उप प्रशासनिक अधिकारी स्नेहा कार्की, प्रधानाचार्य डॉ. बीबी. पांडे और विद्यालय के सभी शिक्षकों ने शहीदों को नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दीं।



क्वींस स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

## 'नन्हा मुन्ना राही हूं, देश का सिपाही हूं' ने किया भाव-विभोर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रामपुर रोड स्थित एसकेएम स्कूल में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल परिसर में प्रात: कालीन प्रार्थना सभा से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, नाटक, कविता, गीत सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फौजी ड्रेस में 'देश भक्ति' के गीत 'नन्हा मुन्ना राही हूं, देश का सिपाही हूं' गीत से लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत की और वीर गाथाओं, सैनिकों के साहसिक कार्य, देश के प्रति समर्पण की भावना और उनके जीवन से परिचय कराया। इस अवसर पर प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी आदि लोग मौजूद रहे।




एसकेएम स्कूल में सैनिकों की वेशभूषा में कारगिल विजय दिवस मनाते बच्चे।

## हल्दूचौड़ में पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** राइका मोतीनगर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में देश के लिए लड़ने वाले पूर्व सैनिक सूबेदार आन सिंह दानू, सूबेदार भूपेंद्र सिंह डसीला और कुमाऊं रेजीमेंट के शहीद सैनिक पीताम्बर दत्त पांडे की पत्नी वीरांगना किरण पांडे को सम्मानित किया गया। सूबेदार भूपेंद्र सिंह डसीला और आन सिंह दानू ने कारगिल की लड़ाई के विषय में छात्रों को विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य कृष्णानंद जोशी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एनसीसी प्रभारी डॉ. सुरेश भट्ट ने कारगिल युद्ध में भारतीय वायु सेना के ऑपरेशन सफेद सागर के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विमल कुमार, नीलम भाकुनी, मदन गोस्वामी, धर्म सिंह, कृपाल दत्त तिवारी, राजेन्द्र जोशी आदि उपस्थित रहे।



मोती नगर में कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट।



कालाढूंगी चौराहे पर शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाते लोग।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार की टीम ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय मानवाधिकार और एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस पर हुए शहीदों को कालाढूंगी चौराहे पर बने शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। उपाध्यक्ष ने कहा कि 26 जुलाई 1999 का दिन इसीलिए ऐतिहासिक है क्योंकि इस दिन ऑपरेशन विजय में देश को बड़ी सफलता हासिल हुई थी। राष्ट्रीय मानव अधिकार की टीम ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से पूरे माहौल को देशभक्तिमय कर दिया। राष्ट्रीय महासचिव शारिफ खान, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव चंपा त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष शोभा बिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी बिष्ट शशि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

SAHAS Homeo साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग– • सफेद दाग • सोरायसिस, एलोपेसिया • मुंहासे • झाईयाँ • मस्से व गोखरू • एलर्जी
पेट रोग– • पेट दर्द • गैस • पेट में जलन • कमजोर पाचन • गुर्दे की पथरी
गुदा रोग– • बवासिर • फिशर • बवासीर के मस्से
लिवर सम्बन्धि रोग– • लीवर में सूजन • बदहजमी
अन्य रोग– • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग– • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
स्त्री रोग– • PCOD • हार्मोस में असंतुलन • ओवरी सिस्ट • अनियमित माहवारी • वजन बढ़ना • बाल झड़ना • थायराइड
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473 शनिवार अवकाश

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# गैर वैशाली में पानी की निकासी को टूटेगा अतिक्रमण

## प्रशासन की टीम ने चलाया अभियान, सड़क के दोनों तरफ चार-चार मीटर गूल पर अवैध कब्जे हुए चिन्हित

कवायद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने गैर वैशाली क्षेत्र में जलभराव से निजात के लिए कवायद शुरू कर दी है। चौफुला में सिंचाई गूल पर हुए अतिक्रमण का चिन्हीकरण शुरू कर दिया है। अब चिन्हित अतिक्रमणकारियों को सिंचाई विभाग की ओर से नोटिस दिए जाएंगे।

चौफुला में दमुवाढूंगा पहाड़ी से बरसाती नाला आ रहा है। यह नाला नीचे दमुवाढूंगा वन चौकी के समीप पहुंचकर सीधे गैर वैशाली क्षेत्र की आवासीय कॉलोनियों में तबाही मचाता है। सैकड़ों घरों और दुकानों में पानी व मलबा घुस जाता है। इसको लेकर गैर वैशाली क्षेत्रवासियों ने धरना प्रदर्शन किया था। बाद में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश और नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने इसका स्थलीय निरीक्षण किया था। तब यह तय किया गया था नाले के पानी की निकासी के लिए वन चौकी से 250 मीटर लंबाई में सड़क के ऊपर की तरफ चार मीटर चौड़ी गूल में 1.60 मीटर मोटाई के ह्यूम पाइप से जोड़कर पानी को गूल से चौफुला चौराहे से हरिपुर होते हुए कठघरिया तक नाले में छोड़ा जाएगा।

सिंचाई विभाग के एक करोड़ के प्रस्ताव की निविदाएं भी आमंत्रित कर दी हैं। इधर, प्रशासन की टीम ने वन चौकी से चौफुला चौराहे तक दोनों तरफ चार-चार मीटर गूल पर अतिक्रमण चिन्हित किए। इनमें स्कूल की बाउंड्री वॉल, बैंक्वेट हॉल समेत कई दुकानें व मकान जद में आ रहे हैं। अब इस चिन्हित अतिक्रमण को सिंचाई विभाग की ओर से नोटिस जारी किए जाएंगे।

एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि दमुवाढूंगा वन चौकी से चौफुला चौराहे तक दोनों तरफ गूलों पर अतिक्रमण चिन्हित कर लिए गए हैं। इसकी डिटेल सिंचाई विभाग को सौंपी जाएगी और सिंचाई विभाग अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी करेगा।


पटेल चौक पर नगर निगम की ओर से सील की गई दुकान। ● अमृत विचार



सीएमटी कॉलोनी में दीवार ढहाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### पटेल चौक पर सार्वजनिक शौचालय और रास्ता बंद कर बना दी दुकान

**हल्द्वानी :** पटेल चौक में एक व्यापारी ने सार्वजनिक शौचालय व रास्ता बंद कर दुकान बना दी। प्रशासन व नगर निगम की टीम ने व्यापारी की दुकान सील कर दी है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण हटाकर रास्ता और शौचालय का पुराना स्वरूप नहीं देता है तब तक दुकान सील रहेगी। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि शिकायत मिली कि पटेल चौक में अमन आही व मनन आही ने सार्वजनिक शौचालय व रास्ता को बंद कर दुकान का स्वरूप दे दिया है। शौचालय नहीं होने से व्यापारियों व बाजार में आने वाली महिलाओं को खासी दिक्कत होती है। वहीं रास्ता बंद करने से आवाजाही के लिए घूम कर आना पड़ता है। बार-बार कहने के बाद भी व्यापारी शौचालय व रास्ते का पुराना स्वरूप नहीं दे रहे हैं। नगर निगम ने नोटिस दिया था लेकिन व्यापारी ने कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की। इस पर शुक्रवार को नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और व्यापारी अमन आही की दुकान सील करदी। निर्देश दिए गए है कि अतिक्रमण हटाकर शौचालय व रास्ते का पुराना स्वरूप दे। जब तक वहसुधार नहीं करता है उसकी दुकान सील रहेगी। इसके बाद टीम ने बैंणी सेना के साथ बाजार में भ्रमण किया। यहां एक दर्जन ऐसे व्यापारी मिले जो पिछले एक-डेढ़ साल से डोर टू डोर कलेक्शन जमा नहीं कर रहे थे। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने उनकी फटकार लगाई और उनसे कलेक्शन दिलवाया और समय से कलेक्शन देने की हिदायत दी।

### सीएमटी कॉलोनी में बनाई दीवार ढहाई

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन का सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी है। प्रशासन ने सीएमटी कॉलोनी में राजस्व भूमि पर अवैध ढंग से बनाई गई दीवार को ढहाकर जमीन पर कब्जा ले लिया है। तहसील प्रशासन के अनुसार, सीएमटी कॉलोनी में सड़क किनारे राजस्व की भूमि पर मोहल्ले की ही एक व्यक्ति ने दीवार बनाकर कब्जा कर लिया था। इसके अलावा तारबाड़ भी की थी। जहां कब्जा किया था, वहां दो सड़कें मिल रही थी इस वजह से वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती थी। मोहल्ले वालों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। प्रशासन ने इसकी जांच कराई तो शिकायत सही मिली। इधर, शुक्रवार को प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और दीवार ढहा दी और तारबाड़ भी ध्वस्त कर दी। पूरी जमीन को जोत डाला और कब्जा ले लिया। प्रशासन ने लगभग लगभग आधा बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। साथ ही अतिक्रमणकारी को भविष्य में कब्जा नहीं करने वरना कानूनी कार्रवाई होने की चेतावनी दी गई है। तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि सीएमटी कॉलोनी में लगभग आधा बीघा राजस्व भूमि पर दीवार बनाकर अवैध कब्जा किया था जिसे ध्वस्त कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप


सिंथिया स्कूल में लगे शिविर में बच्चों की आंख व दांत की जांच करते चिकित्सक।

### सिंथिया सीनियर सेकेंड्री में लगा दंत व नेत्र जांच शिविर

**हल्द्वानी :** रोटरी क्लब एवं इंटरेक्ट क्लब ऑफ सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से आरोग्यम के तहत सिंथिया सीनियर सेकेंड्री स्कूल में दो दिवसीय नेत्र व दंत परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें कक्षा तीन से आठ तक के 619 विद्यार्थियों के नेत्र व दंत का परीक्षण हुआ। इस शिविर में डॉ. हेमंत पंत, डॉ. पंकज आर्या, डॉ. स्वास्तिक जोशी ने चिकित्सकीय जांच की। शिविर संचालन में रोटरी अध्यक्ष अनिल कर्नाटक, सचिव पीएस पपोला, विजय शर्मा, गिरीश बिष्ट, आरआर आर्या, ललित मोहन भट्ट, डॉ. प्रवीन्द्र रौतेला, पुष्कर राजपूत, सुनीता, हेमा तिवारी, इन्दू भारद्वाज का योगदान रहा।


टूल किट बांटते हुए विकास भगत। ● अमृत विचार

### विकास भगत ने श्रमिकों को टूल किट वितरित किए

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने शुक्रवार को फतेहपुर में श्रमिकों को टूल किट वितरित कीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार में श्रमिकों के कल्याण के लिए कर्मकार बोर्ड एवं श्रम विभाग अनेकों योजनाएं संचालित कर रहा है। स्वयं सहायता समूह गठित कर महिलाओं को प्रशिक्षण, चिकित्सा सहायता, शौचालय अनुदान, प्रसूताओं की आर्थिक सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, गृह निर्माण योजना, श्रमिक की मृत्यु के पश्चात आश्रितों को आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति, बालिकाओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस दौरान धीरज पांडेय, श्रम निरीक्षक संजीव कंडारी, प्रताप बोरा, प्रधान ऋतू जोशी, रमेश पांडेय, भुवन जोशी, नारायण पांडेय, संजय जोशी, पूरन जोशी आदि मौजूद रहे।


डॉ. फरहीन खान को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

### सराहनीय कार्य करने पर डॉ. फरहीन खान सम्मानित

**हल्दूचौड़ :** डॉ. फरहीन खान को लालकुआं कुष्ठ उन्मूलन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर ऊधम सिंह नगर में बेस्ट डॉक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से आयोजित कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत डॉ. फरहीन खान की ओर से प्रशिक्षण दिया गया था। डॉक्टर फरहीन खान ने बताया कि कुष्ठ रोग साध्य है। इसका समय पर जांच एवं उपचार जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जागरूकता का होना भी आवश्यक है। इधर डॉ. फरहीन खान को ऊधम सिंह नगर के सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के डॉ. डीपी सिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. राजेश आर्य, डॉ. रविंद्र पाल भी मौजूद रहे।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक और महिला मोर्चा की सदस्य।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद लगाया एक पेड़ मां के नाम

**रामनगर :** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से गुरुवार को हरेला महोत्सव के क्रम में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चोरपानी के पांडे कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में करीब 20 पौधे लगाए गए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए। हरेला महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर रही अवनी बिष्ट को विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अलका जीना, ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष किरन रावत, ममता पांडे, नीमा पांडे, प्रभारी माया रावत आदि मौजूद रहे।

### झील विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को हटाया

**भीमताल :** नगर में झील विकास प्राधिकरण ने अवैध रूप से चल रहे निर्माण को तोड़ दिया। टीआरसी मार्ग पर मूल रूप से दिल्ली निवासी के द्वारा अपने आवास के पास अवैध निर्माण किया जा रहा था। मुखबिर के द्वारा इस निर्माण की जानकारी मिलने पर विभाग ने समीर जैन का निर्माण ध्वस्त कर दिया। इधर कार्यवाही के दौरान अवर अभियंता एलडीए समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।


प्रमाण पत्र ग्रहण करते सहायक प्राध्यापक देवेंद्र लाल। ● अमृत विचार

### सहायक प्राध्यापक ने एफएमडी प्रोग्राम में लिया हिस्सा

**हल्द्वानी/भीमताल, अमृत विचार :** उच्च शिक्षा विभाग के अधीन देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में 14 से 19 जुलाई तक हुए फैकल्टी मेंटर डेवपलपमेंट प्रोग्राम में राजकीय महाविद्यालय पतलोट के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक देवेंद्र लाल ने हिस्सा लिया। भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित प्रशिक्षणकाल में स्टार्टअप की पहचान, साइकोमैट्रिक टेस्ट, उद्यमिता के लिए स्किल डेवलपमेंट और डीयूवाईके पोर्टल के बारे में विशेषज्ञों ने जाकनारी दी। देवेंद्र लाल ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना-कौशल विकास, स्टार्टअप के तरीके, स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। पतलोट क्षेत्र में परंपरागत कृषि, मशरूम फार्मिंग, फूड प्रोसेसिंग, हॉर्टिकल्चर एवं अन्य सेक्टर में उद्यमिता के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। प्राचार्य डॉ. गिरजाशंकर यादव के दिशा निर्देशन देवभूमि उद्यमिता योजना की वार्षिक कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## शांति नगर कॉलोनी के बाशिंदे समस्याएं लेकर निगम पहुंचे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शांति नगर कॉलोनी विकास समिति भोटिया पड़ाव के बाशिंदों ने कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम को ज्ञापन सौंपा।

कॉलोनी वासी शुक्रवार को नगर निगम पहुंचे और उन्होंने सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि दो नए बिजली के पोल लगे हुए छह माह से अधिक का समय हो गया है लेकिन इन पोलों में न तो विद्युत कनेक्शन किया है और न ही लाइट लगाई गई है। रोजाना शाम को अंधेरा होने से कॉलोनीवासियों को दिक्कतें होती हैं। आए दिन नशेड़ी एवं अराजक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है और कॉलोनी की महिलाओं, बच्चों को दिक्कत होती हैं। 45 वर्ष पुरानी कॉलोनी होते हुए भी कुछ परिवारों के घरों के बाहर सड़क नहीं है।

पानी निकासी के लिए नाली और साथ में बारिश का पानी घर के अंदर घुस जाता है। सहायक नगर आयुक्त भट्ट ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान रूपा बिष्ट, दीप चंद्र शाह, बिमला सुयाल, कुंदन सिंह कोरंगा, गंगा बिष्ट, नरेंद्र सिंह बिष्ट ,चंपा बिष्ट एवं कमला नैनवाल आदि मौजूद थे।


नगर निगम में ज्ञापन सौंपतीं शांति नगर कॉलोनी की महिलाएं। ● अमृत विचार

## साइड देने में पलटा हाईवा, दीवार दरकी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रात रेत भर कर हल्द्वानी से सितारगंज की ओर जा रहा हाईवा सड़क से नीचे पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बचा, लेकिन वन विभाग की दीवार टूट गई। आधी लटक रही दीवार अब खतरे का सबब बनी हुई है।

काठगोदाम पुलिस के मुताबिक यूके 03 सीए 2132 नंबर के हाईवा ने हल्द्वानी से रेत लोड की थी। हाईवा में करीब 200 क्विंटल रेत थी। हाईवा को सितारगंज जाना था और गौला पुल पार करने के बाद बाईपास छोड़ कर वह कुंवरपुर की ओर मुड़ गया। छोटा रास्ता लेने के चक्कर में कुंवरपुर की संकरी सड़क से चोरगलिया रोड की ओर बढ़ गया। कुंवरपुर की ओर से आ रही कार को साइड देने के चक्कर में हाईवा सड़क से नीचे उतरकर पलट गया और वन विभाग की दीवार से टकरा गया।

## मेजर जनरल अतुल ने छात्रों को दिए सफल होने के टिप्स

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जनरल अतुल रावत, एवीएसएम अतिरिक्त महानिदेशक एनसीसी उत्तराखंड निदेशालय ने गुरुवार को रामपुर रोड स्थित शैमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया। इस दौरान मेजर जनरल रावत ने थल सेना शिविर में प्रदेश की ऑब्सटेकल्स टीम के चयन के लिए 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के तत्वावधान में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने स्कूल के ऑब्सटेकल, इंडोर शूटिंग रेंज, बैडमिंटन कोर्ट का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने छात्र कनिष्क सुयाल के आरआईएमसी कॉलेज में चयन होने पर खुशी जाहिर की और कैडेट्स को भारतीय सेना, एनडीए, अर्द्धसैनिक बलों एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं की जानकारी दी। विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर, छात्र-छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं और इंडोर शूटिंग रेंज की सराहना की। इस दौरान ब्रिगेडियर एसएस नेगी, कर्नल कुंदन शर्मा, कर्नल आर रमेश, कर्नल राजेश रावत, ले. कर्नल अभिलाषा जोशी, ले. कर्नल बीके खड़का, स्कूल के चेयरमैन दयासागर बिष्ट, चेयरपर्सन ऋचा बिष्ट, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश बिष्ट, डायरेक्टर अकादमिक अंजू भट्ट, प्रधानाचार्या संतोष पाण्डेय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बीएस मनराल एवं एएनओ लेफ्टिनेंट पान सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद मेजर जनरल अतुल रावत, ब्रिगेडियर एसएस नेगी व अन्य।

## राष्ट्रीय स्तर पर डांस प्रतियोगिता आज से

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा पुष्कर सोसाइटी के सौजन्य से दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय डांस सपोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से होने जा रहा है। बता दें कि इस प्रकार का कार्यक्रम पहली बार होने जा रहा है।

पुष्कर सोसायटी की डायरेक्टर पूनम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पालिका परिषद के एनडी तिवारी ऑडिटोरियम गैस गोदाम रोड पर यह आयोजन 27 व 28 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशो के डांस प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महासचिव रोहित कुमार हंस ने बताया की प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग तथा नृत्य वर्ग में आयोजित की जाएगी।

## पीसीसीएफ को वन गुर्जरों ने बताई पीड़ा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कुमाऊं क्षेत्र के वन अधिकारियों की ओर से वन गुर्जरों के उत्पीड़न के मामले को लेकर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने पीसीसीएफ चीफ समीर सिन्हा वन्यजीव को ज्ञापन देकर वार्ता की। वन गुर्जरों ने अपने ऊपर किए जा रहे उत्पीड़न से उन्हें अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई। पीसीसीएफ वन्यजीव ने मामले पर तत्काल कुमाऊं कंजर्वेशन को जांच के आदेश जारी कर रिपोर्ट तलब करने को कहा है।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि वन प्रभाग तराई पूर्वी व पश्चिमी के अधिकारी वन तस्करी की शिकायत का संज्ञान लेने की जगह उल्टा शिकायतकर्ता को ही धमकाने और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच जून को तराई पश्चिमी वन प्रभाग की आम पर पोखरा रेंज में अवैध सागौन की लकड़ी काटे जाने की शिकायत डीएफओ से व टाल फ्री नंबर पर की गई थी। आरोप लगाया कि डीएफओ अवैध कटान के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह उल्टा शिकायतकर्ता को ही धमकी देने लगे। इस दौरान वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अरुण जोशी, समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार, उत्तराखंड किसान सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सजवान, महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत, सरस्वती जोशी, सरपंच जगदीश चंद्र, किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, राजेन्द्र सिंह, लक्ष्मी सिंह मौजूद रहे।

उपलब्धि — जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर तैनात हैं डॉ. कुनियाल

## डॉ .जेसी कुनियाल को लंदन में मिला मानद फेलो सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा के कोसी कटारमल स्थित गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्र प्रमुख पर्यावरण आकलन एवं जलवायु परिवर्तन डॉ. जेसी कुनियाल को पर्यावरण, विज्ञान, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जीव विज्ञान एवं भूगोल के क्षेत्र में योगदान एवं विश्वविद्यालय के साथ समर्पित सहयोग के लिए बाथ स्पा यूनिवर्सिटी (बीएसयू), बाथ, लंदन ने 24 जुलाई 2024 को 'मानद फेलो' का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।

डॉ. कुनियाल ने इस उपाधि का श्रेय संस्थान के वर्तमान निदेशक प्रोफेसर सुनील नौटियाल एवं पूर्व निदेशक स्व. डॉ. आरएस रावल को देते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में संस्थान एवं बाथ स्पा यूनिवर्सिटी केबीच एमओयू निष्पादित एवं हस्ताक्षरित किया जा रहा है। इसके अलावा डॉ. कुनियाल ने इसका श्रेय संस्थान के सभी वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं, सभी पारिवारिक सदस्यों को दिया है। इस बीच, डॉ. कुनियाल को दो और विश्वविद्यालयों ग्लूसेस्टरशायर विश्वविद्यालय और यूनाइटेड किंगडम के कुम्ब्रिया विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर पर पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में एनआईएचई के साथ अनुसंधान और विकास की संभावनाओं को तलाशने के लिए आमंत्रित किया है।

एनआईएचई और बीएसयू एक दशक से भी अधिक समय से हिमाचल प्रदेश के कुल्लू घाटी के फोजल नाला से लेकर उत्तराखंड के चमोली जिले के अलकनंदा बेसिन तक मिलकर काम कर रहे हैं। अतीत में इस सहयोग के परिणामस्वरूप कई सफलताएं मिली हैं। इनमें एक नीति संक्षिप्त शामिल हो सकती है कि कैसे हितधारकों (ग्रामीणों) के स्तर पर जमीनी स्तर पर लगातार बढ़ती बाढ़ का प्रबंधन किया जाए ताकि बादल फटने और उसके परिणामस्वरूप अचानक आने वाली बाढ़ जैसी जलवायु प्रेरित आपदाओं के दौरान जीवन को बचाने के लिए उनकी क्षमता और कौशल निर्माण में वृद्धि की जा सके। इन मील के पत्थरों को देखते हुए, ग्लूसेशायर विश्वविद्यालय और कुम्ब्रिया विश्वविद्यालय ने भी डॉ. कुनियाल को एनआईएचई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की संभावनाओं की तलाश करने और चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया है। इस अनुबंध के होने से दोनों देशों को छात्रों की ट्यूरिंग, प्लेसमेंट योजनाओं, भारतीय हिमालयी क्षेत्र से संबंधित नए और आने वाले ज्वलंत शोध और विकास क्षेत्रों की शुरुआत और सहयोगी परियोजनाओं के संबंध में लाभ होगा।


लंदन में सम्मानित होते डॉ. जेसी कुनियाल। ● अमृत विचार

## लेखक अगर तू हो गया मौन तो इस दौर की कहानी लिखेगा कौन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ प्रसिद्ध कवयित्री शोभा थरूर श्रीनिवासन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनके भाई शशि थरूर केरल से सांसद हैं।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रीमती श्रीनिवासन ने स्वरचित पुस्तक इट्स टाइम टू राइम की कविताओं को विद्यार्थियों को सुनाया। कवि के मन की जिज्ञासा व अपने अनुभवों को बच्चों व शिक्षकों के साथ साझा किया। प्रश्न उत्तर के जरिए छात्रों को कवयित्री के साथ सीधे जुड़ने का अवसर मिला। इसमें विद्यार्थियों ने कवयित्री से लेखन क्षेत्र से जुड़े हुए जीवन यात्रा के बारे में जानकारी ली। कवयित्री ने सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा, लेखक अगर तू भी हो गया मौन, तो इस दौर की कहानी लिखेगा कौन? तू करम अपना कर, अब उपेक्षित होने से बचाने वाली पीढ़ी के सामने रख सच .. से बच्चों को भावी लेखक कवि होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों की विविध रुचियों और सीखने के स्तर के अनुरूप बनाया गया था। कार्यक्रम में साहित्यिक अन्वेषण के प्रति समर्पण को देखते हुए अवकाश पुस्तक पठन प्रतियोगिता सत्र 2024-25 के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।


दीक्षांत स्कूल में लेखिका शोभा थरूर के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सांप के काटने के बाद उपचार मिलने से बची जान

**सितारगंज :** सिडकुल निवासी 19 वर्षीय प्रेम शंकर को सांप ने डस लिया। इसके बाद परिजन तत्काल सामुदायिक केंद्र लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान युवक की जान बच सकी। चिकित्सक लक्ष्मण सिंह बृजवाल ने बताया कि समय रहते परिजन युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, उपचार के बाद युवक अब खतरे से बाहर है।

### शिविर में 158 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**खटीमा :** डेंगू चिकनगुनिया से बचाव के लिए प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के डॉ. भूपेंद्र प्रसाद, ललित तिवारी ने भूड़ आंगनबाड़ी केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें 158 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में गणेश देवी, ललिता देवी, मीनाक्षी वर्मा आदि ने सहयोग किया।

डीएम ने चिकित्सालय की प्रबंधन समिति की बैठक में दिए निर्देश, उपलब्ध नहीं होने वाली दवाइयों की सूची दें सीएमओ

# काशीपुर अस्पताल के लिए 47 लाख से अधिक का अनुमोदन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी व अध्यक्ष चिकित्सा प्रबंधन समिति उदयराज सिंह ने एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय काशीपुर की चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक में कहा कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जो दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं उनकी सूची उपलब्ध कराएं ताकि उन दवाइयों को महानिदेशक स्तर से मंगाया जा सके। वहीं समिति ने चिकित्सालय प्रबंधन के लिए 47 लाख 28 हजार की धनराशि का अनुमोदन किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिये हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।


काशीपुर चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम। ● अमृत विचार

समिति ने चिकित्सालय में ओटी एवं इमरजेंसी के लिये हिस्टेरेक्टॉमी के दो सेट, एलएससीएस के तीन सेट व अन्य छोटे-मोटे उपकरण, चिकित्सालय में स्थापित अक्रियाशील 500 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट को क्रियाशील करने, मरीजों के वार्डों के लिए 7 नग मॉस्किटो इन्सेक्ट रेपलेंट यूवी मशीन, चिकित्सालय कार्यालय के लिए फोटो कापियर मशीन क्रय, चिकित्सालय में रेडियोलॉजी विभाग में एक्सरे मशीन के लिए एक्सरे फिल्म खरीदने और चिकित्सालय के लिए एक-एक प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, चौकीदार आउटसोर्स से रखने का अनुमोदन किया। उन्होंने चिकित्सालय में साफ-सफाई रखने के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सालय कैंपस में जलभराव से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश नगर आयुक्त काशीपुर को दिए। उन्होंने विभागीय स्तर से दवाएं उपलब्ध न होने पर स्थानीय स्तर से दवा खरीद की लंबित धनराशि की जानकारी ली। साथ ही निदेशालय स्तर से उपलब्ध नहीं हो पा रही दवाइयों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि पीएस नेगी, एसीएमओ डॉ.एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. खेमपाल, उप कोषाधिकारी नवीन चंद्र पांडे, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव पुनेठा, चीफ फार्मासिस्ट आरसी आर्य, सहायक नर्सिंग अधीक्षक जॉय लॉयल आदि उपस्थित थे।

# एसडीएम कोर्ट में गंदगी देख बिफरे मंडलायुक्त

## कर्मचारियों को लगाई फटकार, एसडीएम से कहा-व्यवस्था सुधारो

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त दीपक रावत ने एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान परिसर में गंदगी देख नाराजगी व्यक्त करते हुए कर्मचारियों की फटकार लगाई। साथ ही एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम कोर्ट के न्यायिक कार्यों में भी पार्दशिता नहीं मिलने पर आख्या में स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात मंडलायुक्त द्वारा कही गई।


एसडीएम कार्यालय परिसर में वाटर टैंक का निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

शुक्रवार को कुमाऊं कमिश्नर एसडीएम कोर्ट पहुंचे जहां सबसे पहले परिसर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम कोर्ट भवन की पूर्व साइड में दीवार से सटकर पानी का खाली टैंक रखा होने व उसमें शराब की एक खाली बोतल मिलने पर कुमाऊं कमिश्नर भड़क गए और उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों की फटकार लगाई। नाली आदि जगहों पर गंदगी देख कर नाराजगी व्यक्त की तथा व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश एसडीम बाजपुर को दिए गए। इसके पश्चात कुमाऊं कमिश्नर ने एसडीएम कोर्ट में चल रहे विभिन्न वादों की पत्रावलियों का अवलोकन किया जिसमें पारदर्शिता नहीं मिलने एवं एक के बाद एक तमाम अनियमितताएं सामने आने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही इन सभी मामलों में जिम्मेदार संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों से डीएम के माध्यम से स्पष्टीकरण लेने एवं माहभर में जांच कर आख्या उनके कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्रकारों से वार्ता में मंडलायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर जनता से जुड़े सभी कार्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दे रखे हैं। इसी क्रम में आज बाजपुर में एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण को पहुंचे हैं। यहां जांच-पड़ताल के दौरान अनेक अनियमितताएं मिली हैं। इस मौके पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, सुनीतिपाल सैनी मौजूद रहे।

## दंपति को मारपीट कर किया घायल

**बाजपुर, अमृत विचार :** रंजिशन दंपती के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने केलाखेड़ा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।


घायल राम कौर।

ग्राम रामनगर निवासी गुरचरन सिंह पुत्र जगतार सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव में ही उसकी श्रीगुरुनानक देव पल्प बोर्ड नाम से गत्ता फैक्ट्री संचलित है, जो वर्तमान में बरसात के चलते बंद है। आरोप है कि 24 जुलाई की सायं वह अपनी पत्नी राम कौर के साथ फैक्ट्री की देखरेख करने गया। आरोप है कि इसी बीच एक राय होकर वहां पहुंचे गांव के ही चार-पांच महिला-पुरुषों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। इस पर हमलावर फैक्ट्री बंद नहीं करने की दशा में परिवार सहित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

# रामलीला कमेटी के विवाद का निपटारा


जसपुर रामलीला कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** श्री रामलीला कमेटी मोहल्ला जटवारा के अध्यक्ष पद को लेकर दो पक्षों में चले आ रहे विवाद का निपटारा उपजिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान हो गया। जहां दोनों पक्षों के दावेदार अध्यक्षों को हटाकर तीसरे नाम पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष की सहमति बनी।

श्री रामलीला कमेटी मोहल्ला जटवारा अध्यक्ष पद को लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय में उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें दो पक्षों के पांच-पांच व्यक्तियों को बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों की सहमति से अशोक कुमार कंबोज उर्फ बब्बे पधान को श्रीराम लीला कमेटी का अध्यक्ष चुन लिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक कंबोज ने बताया कि सौरभ अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। बता दें कि श्री रामलीला कमेटी मोहल्ला जटवारा के छह बार चौधरी रवि सिंह अध्यक्ष रह चुके हैं। इस वर्ष सौरभ अग्रवाल ने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद हेतु अपने दावेदारी की थी। जिस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। इस मौके पर प्रदीप गोयल, तनुज अग्रवाल, आलोक गोयल, सुधीर कुमार, गजराज सिंह, नितिन कुमार, मास्टर मानसिंह, चौधरी रामपाल सिंह, दिनेश तोमर, गजेंद्र पालू, राजेंद्र गर्ग, सनी प्रधान आदि मौजूद रहे।

# बजट पर प्रबुद्ध वर्ग के साथ होगा मंथन

- भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम होंगे शामिल
- विचार गोष्ठी आज, विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को रुद्रपुर में बजट 2024-25 पर प्रबुद्ध वर्ग के साथ विचार गोष्ठी आयोजित होगी। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर रूपरेखा तैयार की।


कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

शुक्रवार को बैठक के दौरान विधायक अरोरा ने कार्यकताओं को कार्यक्रम को भव्य बनाने की अपील की। साथ ही कहा कि हाल ही में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। उस बजट पर उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम प्रबुद्ध वर्ग जिसमें डॉक्टर, व्यापारी, अधिवक्ता, समूह, उद्योग जगत, समाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों के साथ विचार गोष्ठी के माध्यम से बजट पर चर्चा की करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से उनके कार्यालय के पास एक होटल में आयोजित होगा। इस अवसर पर दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, राधेश शर्मा, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, प्रीत ग्रोवर, राजेश जग्गा, जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, मयंक कक्कड़, संदीप राव, अनमोल विर्क, किरण विर्क, गुन्नू चौधरी, प्रमोद मित्तल, मोहित चड्ढा, बिट्टू चौहान आदि मौजूद रहे।

# केंद्र से 416 दिव्यांगों के लिए जारी हुए 6 लाख 24 हजार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की ओर से दिव्यांगों को दी जानी वाली पेंशन की करीब 6 लाख 24 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गयी है। जिला समाज कल्याण विभाग ने सभी लाभार्थियों के खातों में इस धनराशि को डाल दिया है। जबकि राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत एक करोड़ 73 लाख की धनराशि को पूर्व में लाभार्थियों के खातों में डाल दी गयी थी।

प्रदेश में दृष्टिबाधित, मूक बधिर और शारीरिक रूप से दिव्यांग निराश्रित ऐसे व्यक्तियों को जिनकी जीवन यापन के लिए स्वयं का न कोई साधन है और न ही किसी

> केंद्र सरकार की ओर से 416 दिव्यांगों की पेंशन की 6 लाख 24 हजार रुपये की धनराशि जारी हो गयी है। इस राशि को लाभार्थियों के खातों में डाल दिया गया है। जबकि राज्य सरकार की ओर से एक करोड़ 73 लाख की धनराशि पहले ही जारी हो चुकी थी। इस राशि को लाभार्थियों के खातों में डाल दिया गया है। **–अमन अनिरुद्ध,** जिला समाज कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

प्रकार का ऐसा परिश्रम कर सकते हैं। इस उद्देश्य से निराश्रित दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत जीवन-यापन के लिए सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत निराश्रित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान दिए जाने की योजना लागू की गयी है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 18 वर्ष से 59 वर्ष तक की आयु के 80 प्रतिशत दिव्यांगता अथवा बहु दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों को कुल 1500 रुपये पेंशन के रूप में दी जाती है। इसमें 1200 रुपये राज्य सरकार और 300 रुपये केंद्र सरकार की ओर से अनुदान के रूप में दिए जाते हैं। जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में पेंशन पाने वाले दिव्यांगों की संख्या 11594 है। इसमें 416 ऐसे दिव्यांग हैं जिन्हें केंद्र सरकार की ओर से भी पेंशन दी जाती है।


सीएससी सेंटर के बाहर आधार संशोधन कराने के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार

## आधार कार्ड में संशोधन नहीं होने पर आक्रोश

**रुद्रपुर :** इंदिरा चौक के पास बने सीएससी सेंटर में लोग आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उनका समय पर काम नहीं हो पा रहा है। इतना ही नहीं सेंटर संचालक लोगों से आधार कार्ड संशोधन की एवज में 150 रुपये तक वसूल रहे हैं। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। शुक्रवार को सीएससी सेंटर पहुंचे चेतराम, श्रीराम, सुंदरलाल, कड़ेराम, यादराम ने आरोप लगाया कि आधार में संशोधन कराने के लिए सेंटर पर सुबह से भीड़ लग रही है। घंटों लाइन में खड़े होने के बाद जब उनका नंबर आता है तो वहां मौजूद कर्मचारी आधार कार्ड में कोई ना कोई गलती निकाल कर उन्हें वापस भेज देते हैं। सेंटर संचालक मात्र 30 टोकन ही दे रहे हैं। इस कारण दूर–दराज से आने वालों का काम नहीं हो पा रहा है। लोगों का आरोप है कि संचालक आधार में संशोधन कराने का 150 रुपये वसूल रहा है। इसके अलावा पैसा लेकर टोकन भी दे रहे हैं। वहीं इसकी जानकारी मिलने पर निर्वतान पार्षद सुरेश गौरी ने सेंटर पर पहुंचे और लोगों की समस्याओं को जाना। इसके बाद उन्होंने विधायक शिव अरोरा से दूरभाष पर वार्ता कर इसके समाधान की मांग की।

आक्रोश | रुद्रप्रयाग में निलंबित कर्मचारियों की बहाली की उठाई मांग

# मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रप्रयाग में बेकसूर एआरटीओ कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के खिलाफ उत्तराखंड मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के बैनर तले एआरटीओ कार्यालय पर कार्मिकों ने काले फीते बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्मिकों की बहाली नहीं हुई तो 30 जुलाई से पूर्ण कार्य बहिष्कार प्रारंभ कर दिया जाएगा।


एआरटीओ कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन करते मिनिस्ट्रीयल कर्मी। ● अमृत विचार

शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में सुबह मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एकत्रित हुए और काले फीते बांधकर सांकेतिक विरोध जताया। उनका कहना था कि 15 जून को रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रेवल्स हादसे का शिकार हो गया था। जिसमें विभाग ने दो ऐसे कर्मचारियों को निलंबित किया जिनका कोई दोष ही नहीं है और उनका कार्य केवल वाहनों की एंट्री करना है। उनका कहना था कि कर्मचारी विषम परिस्थितियों में भी अपने दायित्व का निर्वहन करता है। ऐसे में बेवजह कर्मचारियों को निलंबित करना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही कार्मिकों की बहाली नहीं हुई तो 27 से 29 जुलाई तक सुबह दस से दो बजे तक कार्य बहिष्कार, 30 जुलाई से एक अगस्त तक पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री चंद्रप्रकाश, मनोरमा आर्य, नीतू सक्सेना, राम सिंह, विमल सनवाल, हरीश पांडे, तारा खोलिया, अमित राय, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### पड़ोस में गई बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**काशीपुर :** पड़ोसी के घर गई एक 10 वर्षीय बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री बीती 17 जुलाई को पड़ोस के घर में गई थी। तब से वह वापस नहीं लौटी। संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर पर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### हेड कांस्टेबल को एसएसपी ने किया सम्मानित

**काशीपुर :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए काशीपुर कोतवाली के हेड कांस्टेबल महेश पंत को सम्मानित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई के लिए समय-समय पर उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें सम्मानित करते आ रहे हैं। इसी क्रम में उनके द्वारा काशीपुर कोतवाली के हेड कांस्टेबल महेश पंत को अभियोग से संबंधित मालों का निस्तारण करने के लिए सम्मानित किया गया है।

### सड़क हादसे में चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सितारगंज :** वाहन की टक्कर से हुई मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। कस्बे के ही वार्ड नंबर 6 नहर पार निवासी राकेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 जुलाई की रात उसके पिता भागीरथ किच्छा मार्ग पर स्थित लौका शिव मंदिर के पास खड़े थे तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद 17 जुलाई को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस की ओर से अज्ञात वाहन के चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### दुष्कर्म व एनआई एक्ट के आरोपियों को दबोचा

**काशीपुर :** पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म करने और एनआई एक्ट के वारंटी को गिरफ्तार किया है। आईटीआई थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में ग्राम चुन्नू वाला, रायपुर मीरापुर निवासी विशेष को गिरफ्तार किया है। उधर, पुलिस ने 6 वर्ष से फरार चल रहे एनआई एक्ट के वारंटी बहादुरगढ़ रोड सदर बाजार दिल्ली निवासी मनोज कुमार के खिलाफ काशीपुर कोर्ट में वर्ष 2018 से एनआई एक्ट का एक केस विचाराधीन है। इस केस में वह छह सालों से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट चल रहे थे। आईटीआई थाने के एएसआई रविंद्र सिंह व कांस्टेबल गिरीश कांडपाल ने सर्विलांस के आधार पर दिल्ली के मालवीय नगर से आरोपी मनोज को धर दबोचा।

### दिशाहीन और बेरोजगारी बढ़ाने वाला है बजटः अनुपम

**काशीपुर :** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव अनुपम शर्मा ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो बजट प्रस्तुत किया है वह दिशाहीन, प्रतिगामी, विकास विरोधी, महंगाई व बेरोजगारी बढ़ाने वाला है। बजट में केवल बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए ही सरकारी खजाना खोला गया है। अन्य राज्यों की घोर उपेक्षा की गई है। कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा ने कहा कि अपने चहेते उद्योग पतियों को लाभ पहुंचाने वाले बजट में वित्तीय प्रबन्धन का नितांत अभाव है।



# कांवड़ यात्रा को लेकर जारी किया रूट प्लान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** कांवड़ मेले के दृष्टिगत 27 जुलाई से 2 अगस्त तक भारी मालवाहकों के लिए यातायात प्लान जारी किया गया है।

इस संबंध में संयुक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभय सिंह एवं यातायात निरीक्षक जगदीश पाठक ने बताया कि कांवड़ मेले के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की दुर्घटना के बचाव के लिए शुक्रवार 26 जुलाई से दोपहर 01 बजे से समस्त कॉमर्शियल वाहन/हेवी वाहन बिजनौर की तरफ से पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। 27 जुलाई से समस्त प्रकार के हेवी वाहन/कॉमर्शियल वाहन रात 8 बजे से मुरादाबाद की तरफ को प्रतिबन्धित रहेंगे। नेपा बॉर्डर व सूर्या बॉर्डर से समस्त हेवी वाहन/कमर्शियल वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे। कहा कि मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि 27 जुलाई से रात्रि 8 बजे से हैवी वाहन/कमर्शियल वाहन नहीं लिया जायेगा। 27 जुलाई से रात 12 बजे से रामनगर से आने वाले समस्त प्रकार के हेवी वाहन चौकी प्रतापपुर की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। 27 जुलाई से दिल्ली जाने के लिए दोराहा, स्वार, रामपुर, सम्भल होते हुए दिल्ली जायेंगे। किसी भी प्रकार का कोई अगर कोई हेवी वाहन बीच में मिलता है, तो गदरपुर में मोतियापुर महतोष के बीच में, केलाखेड़ा में 7 हेवन होटल के पास बाजपुर/ दोराहा में नामधारी ढाबे के पास, कुंडा क्षेत्र में टोल प्लाजा, जसपुर क्षेत्र में धर्मपुर बॉर्डर पर रोके जायेंगे।

### पीड़ित बहनें बोलीं-दलित नहीं, बल्कि ओबीसी है आरोपी परिवार, पुलिस पर हल्की धाराओं में कार्रवाई का आरोप

# पूर्व विधायक के दबाव में कार्य कर रहे थे थाना प्रभारी

संवाददाता, रुद्रपुर



पत्रकार वार्ता करतीं पीड़ित बहनें। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अश्लील ऑडियो प्रकरण का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल गया है। इसको लेकर अश्लील ऑडियो की शिकायतकर्ता ने अपनी बहन के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि वर्ष 1998 से उनका पड़ोसी यादव परिवार से विवाद चल रहा था। कई बार परिवार पर हमला हुआ, लेकिन किच्छा के पूर्व विधायक की शह पर तत्कालीन थाना पंतनगर प्रभारी ने कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा पिता-बहन को ही युवती आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराते हुए जेल भेज दिया था।

शुक्रवार को प्रेस वार्ता में पीड़ित बहनों का कहना था कि जुलाई 2023 में युवती द्वारा आत्महत्या की थी। उस वक्त परिवार गांव गया हुआ था। सुसाइड नोट में रेप, मारपीट व प्रताड़ना का कोई जिक्र नहीं था, जबकि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला आरोपी साबित करने में जुटे रहे। उन्होंने आशंका जताई कि युवती का शायद प्रेम प्रसंग रहा होगा। इस कारण युवती ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। 29 जुलाई को फिर पूर्व थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी ने झूठा मुकदमा लगाकर बहन को जेल भेज दिया। जब अत्याचार बढ़ता गया तो थाना प्रभारी ने उसकी बहन से अश्लील बातचीत कर शोषण करना शुरू कर दिया।

> अश्लील ऑडियो प्रकरण के आरोपी थाना अध्यक्ष को लेकर वह खुद एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आरोपी परिवार पिछड़ा वर्ग एससी में आता है। साथ ही युवती सुसाइड नोट के आधार पर ही आरोपियों को जेल भेजा गया था। जिसके बाद किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाया। आत्महत्या के आरोपी परिवार को बचाने की कोशिश की और उल्टा मुकदमा दर्ज करवाया। पीड़ित बहनों की ओर से लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।
> –राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक, किच्छा

जब आवाज उठाई तो फिर पूर्व विधायक शुक्ला थाना प्रभारी को बचाने की कोशिश करने लगे। कारण आरोपी परिवार शुक्ला के साथ मिलकर प्रॉपर्टी का काम करता है। पूर्व विधायक मृतक युवती को दलित बताते हुए दुष्प्रचार करने लगे, जबकि सत्यता यह है कि आरोपी यादव परिवार है और ओबीसी की श्रेणी में आते हैं। अश्लील ऑडियो प्रकरण जब चर्चा में आया तो पुलिस ने उसके व परिवार के साथ हुई घटनाओं के बावजूद हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति की। पीड़ित बहनों का आरोप था कि जमानत व कार्रवाई के बाद वर्तमान में भी पूर्व विधायक का लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है और आरोपी परिवार आते-जाते परेशान कर रहा है। उन्होंने ऐलान किया कि अब अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है और जल्द ही पुख्ता सबूत के साथ जगजाहिर किया जाएगा।

# साली से दोस्ती रखने पर मारी थीं विशाल को गोलियां

### पुलिस ने गोलीकांड का खुलासा किया, मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार, पिस्टल बरामद, 20 जुलाई को हुई थी वारदात

पर्दाफाश

संवाददाता, रुद्रपुर



आरोपियों के साथ खुलासा करते एसपी क्राइम व थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप।

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में हुए विशाल गोलीकांड प्रकरण की आखिरकार पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने गोली कांड के मुख्य आरोपी सहित तीन को गिरफ्तार कर गोली कांड में प्रयुक्त कंट्री मेड पिस्टल बरामद कर ली है और आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। साली से दोस्ती ही गोलीकांड की मुख्य वजह रही।

शुक्रवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके और थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 20 जुलाई की रात्रि पुलिस को सूचना मिली थी कि वार्ड-सात स्थित आजाद नगर श्मशान घाट रोड स्थित एक कमरे में लहुलुहान हालत में युवक पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौका मुआयना किया तो पता चला कि युवक के पेट में दो गोलियां लगी हुई हैं। आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल से हल्द्वानी और वहां से बरेली रेफर कर दिया था। पुलिस ने 23 जुलाई को घायल के पिता प्रताप पाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खुलासे के प्रयास शुरू कर दिए।

तफ्तीश में पता चला कि मूलरूप से शरीफ नगर इटव्वा देवरनिया बरेली व हाल निवासी आजाद नगर ट्रांजिट कैंप का रहने वाला अरविंद कुमार 26 वर्षीय विशाल को बुलाकर ले गया था और गोली मारकर घायल कर दिया। जांच में दो युवक के नाम भी सामने आए। गुरुवार की शाम को सूचना मिली कि गोलीकांड के तीनों आरोपी शिव नगर इलाके में घूम रहे हैं। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर गोलीकांड के मुख्य आरोपी अरविंद पाल, गांधी नगर थाना शाही बरेली निवासी प्रकाश सागर और वार्ड-सात आजादनगर निवासी गौरव कश्यप को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर कंट्री मेड पिस्टल भी बरामद की। पूछताछ में पता चला कि अरविंद की साली से विशाल की दोस्ती थी। यही दोस्ती गोलीकांड की वजह बनी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## हत्या को आत्महत्या दर्शाने की थी कोशिश

- जांच के दौरान पुलिस को हो गया था शक
- जरा सी नादानी ने फंसाया, पेट में मारी थी गोलियां

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कहावत है कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो वारदात के दौरान कोई न कोई गलती कर ही देता है। यही चूक हत्याकांड को अंजाम देने की कोशिश करने वाले मुख्य आरोपी अरविंद से हुई। मुख्य आरोपी यह भूल गया कि आत्महत्या करने वाला कभी भी खुद को दो गोलियां नहीं मारता। जबकि मुख्य आरोपी ने हत्या को आत्महत्या दर्शाने की हरसंभव कोशिश की थी।

थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में यही लग रहा था कि शायद विशाल ने आत्महत्या करने के लिए खुद को ही गोली मारी होगी, लेकिन जब चिकित्सा रिपोर्ट सामने आई तो मालूम हुआ कि दो गोली नाभि के ऊपरी हिस्से में लगी है। वहीं जानकारों का मानना है कि खुद को गोली मारने वाला कभी भी पेट पर गोली नहीं मारता और दो गोली मारकर खुदकुशी नहीं कर सकता है। वहीं जब पुलिस ने गुत्थी सुलझाने के लिए लोकल स्तर पर पड़ताल शुरू की तो पाया कि साजिशकर्ता अरविंद को कुछ माह पहले ही अपनी साली व विशाल की दोस्ती की भनक लगी थी। उस वक्त अरविंद ने विशाल की हत्या किए जाने की योजना बनानी शुरू कर दी, लेकिन वारदात के दौरान मुख्य आरोपी की जरा सी नादानी ने तीनों आरोपियों को सलाखों के पीछे धकेल दिया और हत्या को आत्महत्या में तब्दील करने के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

#### एक ने छिपाए साक्ष्य, दूसरे ने लाकर दी पिस्टल

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप में हुए अनसुलझे गोलीकांड को सुलझाते हुए पुलिस ने गोली कांड के मुख्य आरोपी सहित उसके दो दोस्तों को भी गिरफ्तार किया है। जिन पर आरोप थे कि जिस वक्त अरविंद ने विशाल पर गोलियां दागी उस वक्त प्रकाश सागर मौके पर ही मौजूद था। गोलीकांड के बाद पिस्टल छिपाकर उसकी मदद की, जबकि तीसरे आरोपी गौरव कश्यप ने यूपी से कंट्री मेड पिस्टल मुहैया कराई। तीनों ने मिलकर कुछ दिन पहले ही विशाल को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली थी और 20 जुलाई की रात्रि वारदात को अंजाम देने की तारीख मुकर्रर हुई।

#### क्या कमरे में थी विशाल की दोस्त

**रुद्रपुर :** जिस प्रकार घायल के पिता प्रताप पाल ने तहरीर में लिखा था कि उसके बेटे को अरविंद नाम का युवक धोखे से अपने घर बुलाकर ले गया था। उस वक्त वहां पर एक छोटा बच्चा व एक महिला मौजूद थी और थोड़ी देर बाद ही बेटा लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। अब चर्चा यह है कि क्या आरोपी अरविंद ने गोलीकांड की घटना को अंजाम अपनी साली के सामने दिया होगा। कारण मुख्य आरोपी साली के सामने ही दोस्ती का बदला लेना चाहता था। जिसको लेकर पुलिस जांच कर सकती है।

## पांच हजार ईंटों का ऑर्डर देकर की ठगी

**काशीपुरः** शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल का नाम लेकर साइबर ठगों ने एक ईंट व्यवसायी से हजारों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थाना आईटीआई निवासी आबिद हुसैन ईंट का कारोबार करते हैं। गुरुवार शाम को उनके फोन पर काशीपुर के एक प्रतिष्ठित स्कूल का नाम लेकर साइबर ठगों ने पांच हजार ईंट मंगवाने का ऑर्डर दिया। रेट तय होने के बाद शुक्रवार सुबह ईंटें स्कूल भेजने को कहा। साइबर ठगों के कहे अनुसार पीड़ित ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट भरवाकर स्कूल भेज दी। स्कूल के गेट पर पहुंचने पर जब साइबर ठगों के नंबर पर फोन किया, तो उन्होंने गेट पास बनाने का बहाने बनाते हुए एक क्यूआर कोड भेजा और एक रुपये डालने को कहा। जिसके बाद उन्होंने कहा कि उनके ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में दिक्कत है। पहले आप कुछ और रुपये भेजे। उनके कहे अनुसार पीड़ित ने चार हजार रुपये साइबर ठगों के खाते में डाल दिये। बाद में साइबर ठगों का फोन बंद आने लगा। जिस पर पीड़ित को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने पुलिस से मामले में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# अधिवक्ता गोलीकांड में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

- शूटर सुलेमान की निशानदेही पर पुलिस को मिली सफलता

**अमृत विचारः** 27 जून को दिनदहाड़े अधिवक्ता प्रशांत गोलीकांड के शूटर सुलेमान की निशानदेही पर पुलिस ने प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने शूटर को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। जिसके बाद पुलिस ने पिस्टल बरामद की।

गदरपुर सुनार गली निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह पर 27 जून को सरेराह नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर घायल कर दिया था। गोलीकांड की जिम्मेदारी यूके में बैठे सहज विर्क ने ली थी और दूसरे ही दिन अधिवक्ता के दोस्त बगवाड़ा निवासी महफूज से 15 लाख रुपये की फिरौती भी मांगने का प्रकरण भी सामने आया। बीते दिनों शूटर मुराद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दूसरे शूटर सुलेमान निवासी खजुरिया रामपुर यूपी ने रामपुर की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसकी सूचना मिलते ही 25 हजार के इनामी शूटर को पुलिस टीम ने गुरुवार को आवेदन लगाकर पुलिस रिमांड पर रुद्रपुर लाई और गहनता से पूछताछ की। पुलिस ने शूटर सुलेमान की निशानदेही पर गोलीकांड में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया।

## बैट से हमला कर किया घायल, केस

**काशीपुरः** क्रिकेट खेलने गये एक युवक पर दूसरे युवक ने बैट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। वाल्मीकि सभा के पीछे महेशपुरा निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 22 जुलाई की शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र तनुज ढकिया गुलाबो स्थित खेल के मैदान में क्रिकेट खेलने गया था। जहां महेशपुरा निवासी मोहम्मद शहजाद ने उसके पुत्र को जान से मारने की नीयत से गाली-गलौज करते हुए बैट से हमला कर दिया। हमले में तनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ने अभद्रता करते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# बीडीओ के खिलाफ धरने पर बैठे ब्लॉक प्रमुख

हंगामा

- मनमानी करने का लगाया आरोप स्थानांतरण की उठाई मांग
- स्थानांतरण न होने पर दी पद से इस्तीफा देने की चेतावनी

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे ब्लॉक प्रमुख। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बीडीओ पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए ब्लॉक प्रमुख ने बीडीसी सदस्यों के साथ मिलकर ब्लॉक कार्यालय में धरना दिया। उन्होंने एक अगस्त तक बीडीओ के स्थानांतरण की मांग की। स्थानांतरण न होने की स्थिति में पद से इस्तीफा देने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप दर्जन भर बीडीसी सदस्यों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लेकर धरने पर बैठे। इस दौरान उन्होंने बीडीओ कमल किशोर पांडे के खिलाफ तानाशाही का आरोप लगाकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि बीडीओ पांडे विकास कार्यों के प्रति रुचि न लेकर अपनी मनमानी से कार्यों में देरी कर रहे हैं। कहा कि अपने निजी स्वार्थ के लिए पूर्व में आवंटित ग्राम विकास अधिकारियों के क्षेत्रों को निरस्त कर दोबारा आवंटित कर दिए। साथ ही लॉटरी सिस्टम से ब्लॉक में कैंटीन खोली गई थी। उसे भी बीडीओ ने बिना कुछ पूछे बंद करा दिया। ब्लॉक प्रमुख कश्यप ने उन पर प्रशासनिक समिति के लिए गए निर्णयों का उल्लंघन करने समेत अन्य कई गंभीर आरोप लगाए। प्रमुख कश्यप ने चेतावनी दी कि यदि 1 अगस्त तक बीडीओ का स्थानांतरण नहीं होता है तो ऐसी दशा में वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। वहां जगजीत सिंह, जाकिर हुसैन, धर्मपाल सिंह, परमजीत सिंह, सोना देवी, वंदना, रश्मि नेगी, जितेंद्र सिंह, हरदीप कौर आदि मौजूद रहे।

> ब्लॉक प्रमुख द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने सभी कार्य नियमपूर्वक किए हैं। निजी स्वार्थ के लिए कोई भी कार्य नहीं किया है। आपसी सामंजस्य से हम साथ चलेंगे। ब्लॉक प्रमुख से वार्ता के लिए वह तैयार हैं।
> –कमल किशोर पांडे, बीडीओ, काशीपुर ब्लॉक।

लामबंद | किसान विकास क्लब की बैठक में पुराने सर्किल रेट पर मुआवजा मिलने से जताया रोष

# नए सर्किल रेट से मुआवजा देने की उठी मांग

संवाददाता, काशीपुर




काशीपुर में किसान विकास क्लब की बैठक में चर्चा करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुरादाबाद से काशीपुर निर्माणाधीन एनएच -734 में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पुराने सर्किल रेट से करने पर किसानों में आक्रोश है। किसान विकास क्लब की बैठक में किसानों ने अधिग्रहित भूमि का नए सर्किल रेट से मुआवजा देने की मांग की।

शुक्रवार को किसान विकास क्लब की बैठक अनाज मंडी काशीपुर के गेस्ट हाउस में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों ने कहा कि निर्माणाधीन काशीपुर बाईपास एनएच -734, जोकि मुरादाबाद से काशीपुर तक स्वीकृत हुआ है, उसके अधिग्रहण में कुछ किसानों के छोटे एवं गहरे बोरिंग आए हैं। इसमें गहरे बोरिंग लगवाने में जिनकी लागत लगभग 6.5 लाख रुपये आती है, उसका मुआवजा सरकार द्वारा छोटे बोरिंग के बराबर ही दे रही है। जो कि किसानों के साथ अन्याय है। किसानों को गहरे बोरिंग के लिए कम से कम 6.5 लाख रुपये का मुआवजा सरकार द्वारा मिलना चाहिए। क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि नेशनल हाईवे निकलने से क्षेत्र एवं देश का विकास होता है। यह सरकार का सराहनीय कदम है। लेकिन किसानों का हक मार कर या उनका उत्पीड़न करके भी विकास करना ठीक नहीं है। इसलिए शीघ्र ही सरकार द्वारा काशीपुर क्षेत्र के उक्त अधिग्रहित भूमि के किसानों को नए सर्किल रेट से मुआवजा दिया जाना चाहिए। बैठक के बाद डॉ. रवि शर्मा (डेंटल सर्जन) ने किसानों के दांतों का फ्री डेंटल चेकअप किया। बैठक का संचालन क्लब के सचिव श्वेतांशु चतुर्वेदी ने किया। वहां पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि कुमार सिंह, चौधरी सत्यपाल सिंह, लक्ष्मीकांत शर्मा, संजय रावल, सुभाष चंद्र शर्मा, देवी सिंह यादव, अशोक कुमार शर्मा, सुभाष चौधरी, डॉ. अशोक अरोड़ा, दिलबाग सिंह, सरफराज हुसैन, राकेश तोमर, अजय कपूर, प्रशांत शर्मा मौजूद थे।

# जेल में एक चौथाई कैदी पॉक्सो व रेप के आरोपी

संवाददाता, काशीपुर

आरटीआई

- देहरादून जिला जेल में क्षमता से ढाई गुना अधिक कैदी बंद, 70 प्रतिशत विचाराधीन

**अमृत विचारः** जिला जेल देहरादून में उसकी क्षमता 580 की अपेक्षा लगभग ढाई गुना 1242 कैदी बंद हैं, जिसमें 70 प्रतिशत विचाराधीन कैदी बंद हैं। जबकि 30 प्रतिशत सिद्धदोष (सजायाफ्ता) कैदी बंद हैं। कुल कैदियों में लगभग एक चौथाई 293 कैदी पॉक्सो व बलात्कार अपराधों में जेल में बंद हैं।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने जिला कारागार देहरादून के लोक सूचना अधिकारी से जेल में बंदियों संबंधी विवरण की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/कारापाल पवन कुमार कोठारी ने विवरण उपलब्ध कराया। नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार जिला जेल देहरादून की क्षमता 580 कैदियों की है जबकि जून 2024 के अंत में इसमें कुल 1242 कैदी बंद थे। इसमें 70 प्रतिशत 872 विचाराधीन तथा 30 प्रतिशत 370 सिद्धदोष (सजायाफ्ता) कैदी बंद थे। इसमें से 5 मृत्युदण्ड तथा 168 आजीवन कारावास से दण्डित हैं। सूचना के अनुसार कुल कैदियों में 20 प्रतिशत 249 कैदी पॉक्सो अपराधों तथा 4 प्रतिशत 44 बलात्कार के केसों में बंद हैं जबकि 25 प्रतिशत 306 हत्या, 12 प्रतिशत 154 नशीले पदार्थों, 2 प्रतिशत 31 लूट, 1 प्रतिशत 12 डकैती व 14 अपहरण तथा 35 प्रतिशत 432 अन्य अपराधों में बंद हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न स सख्या यो न ददाति सख्ये, सचाभुवे सचमानाय पित्व: ।
अपास्मात्प्रेयान्न तदोको अस्ति, पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत् ।।

जो लोग अपने पर हुए उपकार का कर्ज नहीं चुकाते, जो दूसरों की सेवा करने में कंजूस हैं, इस दुनिया में कोई भी उनका शुभचिंतक नहीं है। इसलिए मनुष्य को स्वभाव से हमेशा उदार रहना चाहिए।

## संपादकीय

# वनों का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है। वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नए तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गई है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वन क्षेत्रों के विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आई है। शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

# उनकी रणनीति से ओलंपिक हुए सुरक्षित



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला।

पेरिस में हो रहे ओलंपिक खेलों और साउथ दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी का सीधा रिश्ता है। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी में कुछ बरस पहले तक एक सज्जन रहते थे, जिनकी वजह से ओलंपिक खेलों का आयोजन सुरक्षित हुआ। अगर 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में हुए इजराइली खिलाड़ियों के कत्लेआम के बाद फिर ओलंपिक खेलों में कभी उस तरह का भयानक हादसा नहीं हुआ तो उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उनका नाम था अश्वनी कुमार। म्युनिख की दिल दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तेज-तर्रार पुलिस अफसर अश्वनी कुमार से गुजारिश की कि वे आगामी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मेजबान देश के साथ मिलकर देखें। अश्वनी कुमार देश की आजादी से पहले इंपीरियल पुलिस सर्विस के अफसर थे। आजादी के बाद अश्वनी कुमार जैसे अफसर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल कर लिए गए थे। वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। बेशक अश्वनी कुमार को बेहद चुनौतीपूर्ण दायित्व मिला था। माना जाता है कि ओलंपिक से बड़ा और कोई आयोजन धरती पर तो नहीं होता है। अब पेरिस ओलंपिक को ही लें। इसमें 206 देशों के हजारों खिलाड़ी, कोच, स्पोर्ट स्टाफ, दर्शक वगैरह हिस्सा ले रहे हैं। खेलों को अपने टीवी सेटों पर अरबों खेल प्रेमी देखेंगे। समझा जा सकता है कि ओलंपिक खेलों का स्तर कितना बड़ा होता है।

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला। अश्वनी कुमार ने मांट्रियल (1976), मास्को (1980), लॉस एजेंल्स (1984), सिओल (1988), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) तथा सिडनी (2000) के ओलंपिक खेलों से जुड़े स्टेडियमों, ओलंपिक विलेज, मीडिया सेंटरों, खिलाड़ियों, वीआईपी, दर्शकों वगैरह की सुरक्षा को खासतौर पर देखा और मेजबान देश की सुरक्षा एजेंसियों को जरूरी इनपुट्स दिए। उन्होंने सिडनी ओलंपिक के बाद बढ़ती उम्र के कारण अपनी जिम्मेदारी को छोड़ा था।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिन : अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

आईओसी की तरफ से जैसे ही किसी शहर को ओलंपिक खेल आवंटित होते तो वे वहां पर जाने लगते आयोजन समिति से तालमेल के लिए। फिर वे वहां पर सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते। कड़क पुलिस अफसर अश्वनी कुमार कहते थे कि ग्रीष्मकालीन खेल खिलाड़ियों और दर्शकों की भागेदारी के लिहाज से शीतकालीन खेलों की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर होते हैं। इसलिए उनकी निगाहबानी करना ही असली चैलेंज होता है।

अश्वनी कुमार भी उस मनहूस 5 सितंबर 1972 को म्युनिख में ही थे जब उन्हें पता चला कि फिलिस्तीन के आतंकियों ने ओलंपिक विलेज पर धावा बोल दिया है। उस हमले के बारे में किसी ने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था। हमले में निशाने पर इजराइल की ओलंपिक टीम थी। उस डरावनी घटना के पीछे फिलिस्तीन के 8 आतंकियों का हाथ था। उन आतंकियों ने 11 इजराइली खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच आतंकी और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी (पीएलओ) के आतंकियों ने खिलाड़ियों को छोड़ने के एवज में इजराइल की जेलों में बंद करीब 234 फिलिस्तीनियों की छोड़ने और उन्हें सुरक्षित मिस्र भेजने की मांग रखी थी।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिनः अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

जब अश्वनी कुमार ने ओलंपिक खेलों के सुरक्षा इंतजामों को देखने की जिम्मेदारी संभाली थी, तब तक भारत ओलंपिक खेलों में बमुश्किल से एक-दो पदक ही जीत पाता था। फिर भी उन्हें इतनी खास अहम जिम्मेदारी मिली थी। वे आईओसी के दो अध्यक्षों क्रमशः लॉर्ड किलिनन और जे.ए.समारांच के विश्वासपात्र थे। अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में कर्जन रोड (कस्तूरबा गांधी मार्ग) में अपने मित्र से मिलकर 6 फरवरी, 1965 को वापस चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई, पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे।

हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए।

अश्वनी कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दूसरे महानिदेशक थे और उन्होंने इस सशस्त्र बल को खड़ा किया था। उन्हें बीएसएफ का पितामह माना जाता है। उनके नाम पर दिल्ली के निजामउद्दीन एरिया में बीएसएफ की एक बिल्डिंग भी है। उन्होंने पंजाब पुलिस और बीएसएफ में दर्जनों खिलाड़ियों को नौकरी दी। उनमें बलबीर सिंह सीनियर, अजीतपाल सिंह, उधम सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व रॉ प्रमुख और धाकड़ पुलिस अफसर ए.एस.दुलत कहते हैं कि अश्वनी कुमार सोचने-समझने वाले पुलिस अफसर होने के साथ-साथ संगीत, कला, साहित्य में दखल रखते थे। अश्वनी कुमार का साल 2015 में निधन हो गया था।

## प्रसंगवश

# शिव सूत्र

श्रावण मास हो और शिव जी की चर्चा न हो तो सारी चर्चा निरर्थक है। इन भूतभावन भगवान शंकर के अनगिनत स्तोत्र, ग्रंथ और रचनाएं हैं तथा इनके गुणों का सम्यक् गान तो शारदा और शेष भी नहीं कर सकते। हमारी क्या बिसात! यहां हम उनके "शिव सूत्र" की बात करते हैं, जिनकी जानकारी अपेक्षाकृत कम लोगों को है।

यह शब्द पुंज दो अर्थों में प्रयुक्त होता है। प्रथमः कश्मीर दर्शन के संबंध में, जिसमें 77 सूत्र हैं। ये तीन अध्यायों में विभक्त हैंः शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय, आणवोपाय।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कथानुसार नवीं शताब्दी में कश्मीर में वसुगुप्त नामक सिद्ध ऋषि थे, जिन्हें स्वयं भगवान शंकर ने स्वप्न में बताया कि 'असीम ज्ञान की खान मेरे 77 सूत्र 'महादेवोपला' पर्वत शिखर की एक चट्टान में उत्कीर्ण हैं'। ऋषि वहां गए और वैसा ही पाया, फिर उन्हें व्याख्यायित करके विश्व कल्याणार्थ लोकार्पित कर दिया। ये सूत्र गीता के समकक्ष ही महान दर्शन तत्व समेटे हैं। यह पर्वत शृंग और शिला अब भी विद्यमान है और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है, किंतु अब सूत्र दृश्यमान नहीं हैं। हो भी कैसे सकते हैं। इसके लिए शिव प्रदत्त दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। एक अन्य अर्थ में भी ये शब्द प्रयुक्त होते हैं। 14 सूत्रों का एक अन्य समूह भी है, जिसकी प्रचुर तांत्रिक शक्ति है और अध्यात्म जगत की अक्षुण्ण निधि है। कथानक है कि प्राचीन काल में पाणिनि व्याकरण ज्ञान के लिए और सनकादि चारो ऋषि ब्रह्म ज्ञानार्थ प्रयाग में अक्षय वट के नीचे शंकर जी की आराधना/तपस्या कर रहे थे।

भोलेनाथ प्रसन्न होकर प्रकट हो गए और आत्म विस्मृत हो डमरु बजाते हुए तांडव नृत्य करने लगे। उनकी डमरुध्वनि से 14 वर्ण पुंज निसृत हुए, जिससे इन सब तपस्वियों के अभीष्ट की पूर्ति हो गई। ये ही 14 शिव सूत्र हैं, जो इस प्रकार हैंः1-अ इ उ ण, 2-ऋ लृ क्, 3-ऐ ओ ङ्, 4-ऐ औ च्, 5-ह य व र ट्, 6-ल ण् 7-य म ङ ण न म् , 8-झ म ञ्, 9-घ ड घ ष् , 10-ज ब ग ड द श् , 11-ख फ छ ठ थ च ट त न्, 12-क प य् , 13-श ष स र् , 14-ह ल् मान्यता है कि सोलह खानों का एक चतुर्भुज बनाकर चौदह में ये सूत्र लिख दे। पन्द्रहवें में साधक अपना नाम लिखे और सोलहवें में "ॐ नमःशिवाय", तो उसे सर्वार्थ सिद्धि प्राप्त होगी।

# धर्म और संस्कृति

कश्मीर के भूतपूर्व महाराजा और जाने-माने भारतीय राजनीतिज्ञ डॉ.कर्ण सिंह हिन्दू दर्शन के अच्छे ज्ञाता हैं और वह मानते हैं कि हिंदू धर्म में पूरी मानवता की एकात्मता की स्वीकृति 'ऋग्वेद' में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में दर्ज है। सभी धर्मों की समरसता की बात भी 'ऋ ग्वेद' की पंक्ति-'एक सद् विप्रा बहुधा वदंति' से प्रकट होती है, पर किताबों से हटकर भी व्यवहार में बहुत कुछ अलग भी हर धर्म में होता है, होता रहता है। सामान्यतः प्रत्येक धर्म/ संस्कृति के तीन रूप होते हैं-शास्त्रीय, ऐतिहासिक और व्यवहृत। हिन्दुत्व की भी यही स्थिति है। शास्त्रीय हिन्दुत्व किताबी है, जिसमें उपरोक्तानुसार खूबियां हैं, पर इसके अंदर तमाम अंतर्विरोध भी हैं। 'जन्मनाजायते शूद्राः कर्मणाद्विज उच्चते' जैसी स्थापना है तो समाज के जन्मना विभाजन की स्वीकृति और मनुस्मृति भी सामने है।

तुलसीदास सीता परित्याग और शम्बूक वध जैसे आख्यानों को अपने 'मानस' में जगह नहीं देते, निषाद राज, शबरी, अहल्या इत्यादि प्रसंग उनकी ब्राह्मणेतर संवेदना की ओर भी संकेत करते हैं, पर उनमें द्विज-श्रेष्ठता और वर्ण-धर्म पर भी बल है। हिंदू धर्म में व्यवहृत रूप में कर्मकांडों एवं अनुष्ठानों का जखीरा है। हिन्दूधर्म वर्ण व्यवस्था के अनुपालन में उदार नहीं है। ऐसा लगता है कि वर्ण व्यवस्था ही हिंदू धर्म की जीवनशैली बन गई है। जब ऋग्वेद में "प्रज्ञानं ब्रह्म" यजुर्वेद में "अहं ब्रह्मास्मि", सामवेद में "तत्वमसि" तथा अथर्ववेद में "अयमात्मा ब्रह्म" महावाक्य सुशोभित है और यही बात उपनिषदों में विस्तार से बतलाई गई है तब फिर यह छुआछूत क्यों?



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है?

हम गंगा को माता मानते हैं, पर जितना गंदा हम माता को कर सकते हैं, हमने किया और आज भी कर रहे है। ऐतिहासिक हिन्दुत्व सुधार आंदोलनों और विद्रोहों से भी भरा पड़ा है। साफ है कि हिंदू धर्म में कुछ ऐसा था, जिसका सुधार होना था। जैन और बुद्ध पथ एक सुधार आंदोलन ही था। बुद्ध पथ कालांतर में स्वतंत्र धर्म बन गया। बुद्ध के 'धम्म' में हिंदू धर्म की तरह आस्था और कर्मकांडों पर बल नहीं है। बुद्ध के आविर्भाव के बाद से इस देश में संस्कृति की दो धाराएं बहने लगी हैं। बुद्ध धारा बृहत् मानवता की धारा है।

यह धारा वर्णाश्रम धर्म के विरुद्ध है, जात-पात को वह नहीं मानती है। छुआछूत को वह अधर्म समझती है, भारत का निर्यात-धर्म बौद्ध धर्म निकला। कोई आश्चर्य नहीं कि इस देश में धर्म के जो शक्तिशाली ठेकेदार थे, उन्होंने बौद्ध मत को खदेड़कर देश से बाहर निकाल दिया, किंतु बौद्ध मत हिंदुत्व के भीतर आज भी जीवित और सचेत है। लगता है वैदिक धर्म की जो बातें बुद्ध को नापसंद थीं। वे धर्म के तत्व नहीं, उसके ऊपर जमी हुई रूढ़ियों की पपड़ियां हैं और उन्हें तोड़कर झाड़े बिना भारतधर्म नवीन नहीं होगा।

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है? खैरियत यह है कि इतिहास ने उसे सुलझाकर हमारे लिए आसान कर दिया है। हिंदुत्व का नवीन और जाग्रत रूप अब वह है, जिसका आख्यान राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गांधी तथा डॉ. आंबेडकर आदि तमाम समाज सुधारकों ने किया है।

मुस्लिम और ईसाई धर्मों में भी अंतर्विरोध है। 'कुरआन-ए-पाक' में काफिर को मिटा देने के भी निर्देश हैं और क्षमा, सदाशयता और सहअस्तित्व की हिदायत भी है। यहां जेहाद भी है और इसी से निःसूत सूफी-जीवन-बोध भी है। अर्थात् इसमें जेहाद, 'अक्ल' और 'अकीदा' दोनों के लिए जगह है। प्रेम और सेवा पर बल देने वाली 'बाइबिल' में भी विधर्मियों के प्रति असहिष्णुता है और संसार से लेकर नर्क तक कठोर दंड-विधान हैं। आधुनिक सभ्यता के निर्माण में ईसाई राष्ट्रों का अकूत योगदान है, लेकिन इन्हीं आधुनिक ईसाई राष्ट्रों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में जितना अत्याचार किया है वह मानवता के इतिहास में बेमिसाल है। इनका गुलाम-व्यापार, साम्राज्यवादी दोहन, जापान पर आणविक हमला और इराक की बर्बादी के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद, इसने शेक्सपियर, मिल्टन, शेली आदि जैसे क्रांतिचेता कवि और बेकन, रसेल जैसे समाजधर्मा दार्शनिक दिया और औद्योगिक क्रांति एवं लोकतंत्र की चेतना प्रदान की।

## सोशल फोरम

# जातिगत विद्वेष

देश में जातिगत विद्वेष अपने चरम पर है। उच्च शिक्षित और सभी सुख सुविधा संपन्न होने के बावजूद भी पूर्वाग्रह से ग्रसित जातिगत श्रेष्ठता और निम्नता का भाव देश और समाज को दीमक की तरह निगल रहा है। हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है। जाति आपकी सूक्ष्म पहचान आवश्यक हो सकती है, लेकिन इसे विराट मानवीय परिपेक्ष्य के समक्ष महत्व देना स्वयं और देश को पीछे ले जाने के समान है। अच्छी सोच के लोग सभी जातियों में है और वे इन बेफिजूल की चीजों से ऊपर उठकर केवल अपनी उन्नति पर ध्यान दे रहे हैं और वे इस मकड़जाल से ऊपर उठ चुके हैं।

हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

वास्तव में ऐसे लोग खुद को भी समृद्ध करते हैं और अपने सानिध्य वालों के भी मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। किसी जाति में पैदा होना न तो दोष है और न ही सौभाग्य है, बल्कि जाति में पैदा होकर मानवीय संवेदनाओं का रोपण न होना यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

यहां सोशल मीडिया में भी हर जाति के ऐसे बहुत से वयोवृद्ध हैं, जिनके उन्नत विचार और जीवन के प्रति नजरिया हम युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिनके विचारों को पढ़कर बहुत सुकून मिलता है और पता लगता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जीवन मूल्य संबंधी मानदंडों को किस कदर आत्मसात किया है और एक सफल जीवन जिया है।

–फेसबुक वॉल से

# जीवन की विविधतापूर्ण शैली

कांवरिये हिन्दू हैं और कांवर यात्रा हिन्दुत्व का एक जीवंत प्रतीक। आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ रहा है। यात्रा पर पुष्पवर्षा आस्था विश्वास के इस अदम्य संकल्प को नमन है। हिन्दू जीवन की अनेक विविधतापूर्ण जीवनशैली को तर्क के आधार पर आकलित नहीं किया जा सकता है। इसे समझने के लिए एक अलग ही दृष्टि चाहिए। विज्ञान ने हमें तमाम भौतिक सुख सुविधाएं तो दी हैं, मगर हमारे अंतर्मन को संस्पर्श करने में अभी तक पूरी तरह समर्थ नहीं हो पाया है।

कई यूट्यूबरों को कांवरियों पर पुष्पवर्षा जनता के टैक्स की बर्बादी दिख रही है। वे इसके विरोध में लगातार प्रोपेगंडा चला रहे हैं। वामपंथी आस्था के इस ऊफान को अंधश्रद्धा/भक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन मान रहे हैं। अब जो जनता टैक्स दे रही है वही जब पुष्पवर्षा को अपने पैसे का सदुपयोग मान रही है, जयकारा लगा रही है, हर्षित और उल्लसित हो रही है तो यह व्यय, अपव्यय कैसे हो गया? यह तो उन्हीं का दिया उन्हीं के लिए प्रयुक्त है। त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

कांवर यात्रा को अनुचित ठहराने या उत्साह से देखने का अपना-अपना नजरिया है। हां कांवर यात्रा के चलते जनजीवन को होने वाली दिक्कतें एक मुद्दा अवश्य है, जिन्हें खुद भी मैंने करीब दो दशक पहले झेला था और व्यथित मन से बनारस



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी।

के एक अखबार में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक आज भी जेहन में है-कांवरियों का कहर, हर गली हर डगर। मगर तब दृष्टिकोण तनिक संकुचित था और मन पर अतिवादी वामवाद का प्रभाव था, मगर तब से कांवर यात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित करने में सरकारों ने उत्तरोत्तर काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इसकी बागडोर संभालते रहे हैं। खुद हेलीकॉप्टर से यात्रा का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

इन बीते सालों में तेजी से बदलते परिप्रेक्ष्य से नजरिये में भी बदलाव आता गया है। तार्किकता का सवाल ही कहां उठता है जब एक हिन्दू बाहुल्य देश में हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर ही नए-नए विवाद हो रहे हैं और परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। परिणाम स्वरुप सुषुप्त हिन्दू जागृत हो रहा है और अपनी अस्मिता को साबित करने लग गया है। हिन्दुओं की इस जागृत चेतना का ही अभिनंदन पुष्पवर्षा करके हो रहा है और इसका निहितार्थ भी स्पष्ट है। हिन्दुत्व का परचम लहराते रहो, अपनी अपरिमित शक्ति का बुलंद अहसास कराते रहो, साथ देते रहो हम तुम्हें फूल मालाओं से ऐसे ही अलंकृत करते रहेंगे।

ठीक है संविधान के अनुसार भारत एक सेक्यूलर राष्ट्र है, मगर क्या इसका ठेका सिर्फ एक वर्ग ने ही ले रखा है? यह हठात आरोपित सेक्युलरिज्म हमें अपनी जीवन पद्धति और आस्था विश्वास को कैसे डिगा सकता है? भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयता के इस स्वरुप को भलीभांति समझ लिया है और उसके उत्थान में निरंतर सक्रिय है, जिन्हें कांवरयात्रा असभ्य और उजड्ड लोगों की कारस्तानी लगती है, उन्हें अपने सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। यह भारतीय सनातन के सातत्य प्रवाह का ही एक समयानुकूल पक्ष है। हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी। यह हमारी एकता और संगठन का आह्वान था। लंबी गुलामी के चलते हम बहुत कुछ विस्मृत कर चुके थे। उत्तिष्ठ जागृत का आह्वान अब फलीभूत हो चला है।

## बांग्लादेश और भारत की आरक्षण नीति

देश में जातीय क्षत्रपों की बहुतायत होने के कारण नित्य ही जाति आधारित आरक्षण की सीमा में वृद्धि हेतु धरने व आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। दूसरी ओर अन्य देशों में आरक्षण जैसी व्यवस्था का खुलकर विरोध किया जाता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है, कहां स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिए जाने वाले तीस प्रतिशत आरक्षण की समाप्ति की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए तथा सरकार को उनके सम्मुख झुकना पड़ा। निःसंदेह अपनी योग्यता पर विश्वास न करके नित्य धर्म और जाति के नाम पर आरक्षण की मांग करने वालों को पड़ोसी बांग्लादेश से सबक सीखना चाहिए, कि वहां आरक्षण की समाप्ति के लिए भयंकर दंगे हुए तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत के घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दी, इसके अतिरिक्त केवल दो प्रतिशत आरक्षण अन्य विशिष्ट श्रेणी के लिए है जबकि 93 प्रतिशत सीटें अनारक्षित हैं। भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत तथा कमजोर आय वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके आरक्षण 59.5 प्रतिशत दिया जा रहा है। विशाल जनसंख्या वाले देश में मात्र 40.5 प्रतिशत रोजगार व शिक्षा के साधन अनारक्षित हैं, फिर भी राजनीतिक दल एवं आरक्षण समर्थक सरकार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दवाब बनाने पर तुले रहते हैं। कभी क्षेत्रीय आधार पर और कभी जातीय आधार पर अतिरिक्त आरक्षण की मांग की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नही ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के प्रभावी आंदोलन को देखकर लगता है कि यदि भारत में भी आरक्षण के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग सड़कों पर उतर आया, तब क्या होगा? मेरा मानना है कि वैश्विक परिवेश में भारतीय गुणवत्ता विकसित करने के लिए आरक्षण जैसी विकलांगता का बोध कराने वाली नीति की पुनर्समीक्षा करके देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देकर आरक्षण जैसी कुरीति से मुक्त किया जाए ।



सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## बैंकों की मजबूत होती व्यवस्था

हाल के एक अंग्रेजी पेपर की न्यूज के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने दो बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव पर विराम लगा दिया है। चर्चा थी कि 2025 में दो बैंको का निजीकरण हो सकता है। इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह के लाभ वित्त वर्ष 2024 में बैंकों ने दर्शाए हैं उनसे स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण कोई विकल्प नहीं हो सकता।

राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुदृढ़ स्थिति जनता में उसके विश्वास का प्रतीक है। बेहतर होती ग्राहक सेवा नए प्रोडक्ट्स और अच्छी मार्केटिंग से यह संभव हुआ है। एक समय वो भी था कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी ग्राहक सेवा के लिए बदनाम माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में इस बैंक में काफी कुछ बदल गया हैं। नए सुंदर चमकदार शाखा परिसर, युवा प्रतिभाशाली काउंटर स्टाफ, जिनको विशेष ट्रेनिंग देकर कस्टमर फ्रेंडली बनाया गया है। जीरो कंप्लेंट शाखाएं ग्राहक सेवा को तत्पर स्टाफ ने इस बैंक की छवि बदल दी है। आज के एक अन्य वित्तीय अखबार में खबर है कि स्टेट बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने एटीएम ब्लॉक करने, बैंक खाते की जानकारी देने, विभिन्न बैंक उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराने, एटीएम कार्ड, चेक बुक जारी करने तथा अन्य सेवाओं के लिए 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। स्टेट बैंक जिसने देश में सबसे ज्यादा लाभ अर्जित कर अपनी बादशाहत कायम की है। अब ग्राहक सेवा में भी अपने को अग्रणी बनाने में लगा है। आशा है अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक भी जिसका अनुसरण कर राष्ट्र का गौरव और देश के नवरत्न कहलाने में पीछे नहीं रहेंगे।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# 25वें कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

## डीएम-एसएसपी ने पुष्पचक्र चढ़ाकर दी श्रद्धांजलि, पुलिस लाइन में शहीद स्मारक स्थल पर दी गई सलामी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 25वें कारगिल विजय दिवस पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर सलामी दी।

शुक्रवार की सुबह जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी की मौजूदगी में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व पूर्व सैनिक पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने कारगिल शहीद हवलदार पदम राम व राइफलमैन अमित नेगी के चित्र पर पुष्पचक्र व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डीएम ने कहा कि देश की रक्षा सर्वोपरि है। विषम परिस्थितियों में भी वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सरहद की रक्षा की। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

उधर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी पुन ने वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध के कारणों एवं विजय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर, एसडीएम मनीष बिष्ट, सीओ संचार आरडी मठपाल आदि मौजूद रहे।



शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर सलामी देते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

## प्रतियोगिताओं के विजेता किए पुरस्कृत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर कई स्कूलों द्वारा कारगिल युद्ध, देशभक्ति विषय पर चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतिस्पर्धा के अलावा क्रॉस कंट्री प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नेहा पासी प्रथम, मुस्कान द्वितीय व प्रियंका तृतीय रहीं।

भाषण में अरबाईन प्रथम, खुशी शर्मा द्वितीय व आईशी दास तृतीय, चित्र कला में वंशिका वर्मा प्रथम, आकाश आर्या द्वितीय व काजल कौर तृतीय और क्रॉस कंट्री दौड़ ओपन बालक वर्ग में नीरज नेगी प्रथम, पुष्कर चंद्र द्वितीय, प्रणव कुमार तृतीय रहे, जबकि ओपन बालिका वर्ग में अजरा बी पाशा प्रथम, मुस्कान द्वितीय व रजनी तृतीय स्थान पर रहीं। जिनको डीएम व एसएसपी द्वारा पुरस्कृत देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस मौके पर लेफ्टिनेंट कर्नल आरपी सिंह, कर्नल सूबेदार गुरदेव सिंह, एके झा, लेफ्टिनेंट कर्नल पवन रावत, पूर्व सैनिक सूबेदार खड़क सिंह कार्की, सूबेदार मेजर डीडी उपाध्याय, ऑडिनरी कैंप्टन धन सिंह कोरंगा, हवलदार हीरा सिंह, खीम सिंह गरिया, सूबेदार मेजर रूप सिंह रावत, सूबेदार आनंद गिरी, महेश चंद्र, पूर्व सैनिक किशन सिंह रावत, मनोज कुमार पांडेय, सुनील कुमार, सुदर्शन सिंह, गिरीश भट्ट, लक्ष्मण सिंह, अजय कुमार मौजूद थे।



शहीद बलजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ।

## शहीद बलजीत सिंह के शौर्य को किया गया याद

संवाददाता, रुद्रपुर

**नमन**

- भाजपा नेता चुघ ने किया शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण
- उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर नवाबगंज में है प्रतिमा

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर नवाबगंज स्थित गुरुद्वारे के समीप वीर जवान शहीद बलजीत सिंह की प्रतिमा पर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने माल्यार्पण कर नमन किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा कि 25 वर्ष पूर्व देश के वीर जवानों ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मनों से जंग लड़ी थी और विपरीत परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए विजय हासिल की थी। साथ ही कारगिल की चोटी पर देश का तिरंगा फहराया था।

इस मौके पर जसबीर बठला, संता सिंह, जुगनू, बिल्ला, सुंदर सिंह, राजपाल सिंह, राजवीर सिंह, गुफरंजन, राजेश बजाज, शिवकुमार शिबू, सनी पासवान, राममिलन, राज कोली आदि थे।

**सार-संक्षेप**



शांतिपुरी में कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### शांतिपुरी में किया गया कारगिल के शहीदों को नमन

**शांतिपुरी :** कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को शांतिपुरी एवं जवाहरनगर पूर्व सैनिक संगठन एवं सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल जवाहरनगर सत्संग आश्रम ने सैनिक स्मारक पर सामूहिक रूप से कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन लीलाधर भट्ट, वर्तमान अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी व जवाहरनगर सैनिक संगठन अध्यक्ष ने कारगिल के वीर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने एक भव्य समारोह आयोजित किया। एएनओ महेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सभी वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया गया। छात्रा आयुषी कुवार्बी ने शहीदों की वीरता का उल्लेख किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, कैप्टन कल्याण सिंह रौतेला, प्रेम सिंह कोरंगा, कल्याण सिंह मटियानी, नंदा बल्लभ जोशी, प्रेम सिंह देउपा, नवीन चंद शर्मा, मोतीचंद कुंवर, प्रधानपति कैलाश जोशी, बिजेंद्र जोशी, दीवान सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### बाजपुर में कारगिल दिवस पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता




बाजपुर जीजीआईसी में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं बालिकाएं।

**बाजपुर :** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में "कारगिल विजय दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मीता बोस ने कहा कि शहीदों का त्याग हमें प्रेरणा देता है। इस मौके पर बच्चों पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में इंदिरा पांडेय, परमजीत कौर, पूनम शर्मा, शशि वाला, डा.शशि जोशी, सुनीता डोभाल, अर्चना सिंह, रेनू चंद्रा, सरिता, पूजा अग्रवाल, विमल रावल, विमला रावत, गीता रावत, तरुणा जोशी, दीपा, अंजलि, किरण, नीतेश आदि मौजूद रहे।

## कुंडेश्वरी में शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर कुंडेश्वरी स्थित शहीद चौक पर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहीदों के परिजनों और कारगिल युद्ध में घायल सैनिकों को भी सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को कुंडेश्वरी स्थित शहीद चौक पर पूर्व सैनिक संगठन विजय पथ के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जहां एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एएसपी अभय सिंह ने शहीद चौक पर पुष्प चक्र भेंट कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स, प्रशासनिक और पुलिस के अन्य अधिकारियों ने शहीदों को सलामी देकर नमन किया। इस दौरान कारगिल युद्ध में शहीद अमित नेगी के भाई सुमित नेगी तथा शहीद पदम राम की पत्नी भगवती कन्याल तथा युद्ध में घायल विनोद सिंह नेगी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



काशीपुर के कुंडेश्वरी में कारगिल के शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

वहां पर कैप्टन बच्चन सिंह नेगी, रतन सिंह, विजेंद्र सिंह, दर्शन सिंह, गोविंद सिंह, त्रिलोक सिंह, भोपाल सिंह, केसर सिंह, अमर सिंह, इंदर सिंह, जमन सिंह, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे। उधर कारगिल विजय की 25 वीं वर्षगांठ पर आर्मी स्कूल हेमपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कारगिल युद्ध के योद्धा 18 गढ़वाल रायफल्स के नायब सूबेदार विनोद सिंह नेगी रहे। नायब सूबेदार नेगी ने कारगिल युद्ध के अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किये। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत समूह गान भी प्रस्तुत किया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य डॉ. मोईन अहमद ने विद्यालय की ओर से नायब सूबेदार नेगी को सम्मानित किया। इस दौरान शहीदों के शौर्य को याद किया गया।

## खटीमा में भी धूमधाम से मना कारगिल विजय दिवस

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने शहीदों के नाम दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। एसडीएम बिष्ट ने संगठन को एक लाख रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस दौरान सेवानिवृत होकर आए सैनिकों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार हिमांशु जोशी, विकास खंड अधिकारी नवीन चन्द्र उपाध्याय, बाजार चौकी इंचार्ज पंकज महर, एसएसआई विनोद जोशी आदि मौजूद थे। संचालन कैप्टन नारायण सिंह सौन और सूबेदार राजेन्द्र सिंह अधिकारी ने किया।



खटीमा में कारगिल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सिटी कान्वेंट के बच्चे।

डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में कारगिल दिवस पर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन किया गया। इस दौरान देशभक्ति गीत, चित्रकला व कविता गायन प्रतियोगिताएं हुई। यहां प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु आदि थे। सिटी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया।

प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, उपप्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडेय आदि ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर एवं श्रद्धांजलि देकर किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद मनोज सिंह रुमाल के आवास पर जाकर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सलामी दी। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज खन्ना, प्रधानाचार्य बीसी जोशी, प्रशासिका मंजू खन्ना, उप प्रधानाचार्या पूजा जोशी थे। सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रधानाचार्य रामयश आदि मौजूद रहे। राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भाषण, कविता, नृत्य एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, जिला प्रचारक जितेंद्र, प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा आदि थे।

**सार-संक्षेप**



खटीमा में पौधरोपण करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### विधिक शिविर में दी हेपेटाइटिस बी की जानकारी

**खटीमा :** विधिक सहायता केंद्र नागरिक चिकित्सालय खटीमा में कैंप का आयोजन कर पौधरोपण किया गया। कैंप की अध्यक्षता डॉ. अकलीम अहमद ने तथा संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। इस दौरान लोगों को हेपेटाइटिस की जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी ने स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताया तो स्नेह प्रभा ने घरेलू हिंसा के बारे में बताया। वहीं शाहाना बेगम ने बाल अधिकारों की जानकारी दी। इस अवसर पर लाल सिंह, मीरा देवी, आरबी सिंह, पिंकी राणा, गीता शर्मा, माया देवी आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जगदीश राय को सम्मानित करते लोग।

### विज्ञान के क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी

**शक्तिफार्म :** रा.इ.का. शक्तिफार्म में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर इंस्पायर अवार्ड प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राय ने विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारियां दीं। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम मे छात्रों को संबोधित करते हुए जगदीश राय ने एक्सपर्ट टॉक विषय में विज्ञान के क्षेत्र में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारियां दी। मुख्य वक्ता जगदीश राय को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार व हरिशंकर यज्ञिक ने किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज सितारगंज के प्रधानाचार्य रवेंद्र पाठक, राइंका के प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी, डॉ. राजकमल सिंह, धर्मेंद्र नाथ चौबे, सतीश कुमार राणा, राज कुमुद पाठक मौजूद रहे।

## सपूतों के त्याग के लिए राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा : पांडेय

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** विधायक अरविन्द पांडेय ने कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सपूतों के त्याग व समर्पण के लिए राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

शुक्रवार को गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में सैनिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक अरविंद पांडेय व डीसीबी डायरेक्टर मोहन सिंह पानू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कारगिल के शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों व पूर्व सैनिकों ने कारगिल के सपूतों को याद करते हुए पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति लॉक अध्यक्ष कै.धन सिंह कोरंगा व संचालन सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू ने किया। इस मौके पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर व जिलाध्यक्ष नंदन सिंह कोश्यारी, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, राजेंद्र सिंह रावत, कैलाश पाठक, चंदन सिंह नयाल, योगेश पानू, राजेंद्र सिंह कोरंगा, भाजपा नेता राकेश सिंह, विक्रम सिंह रावत, राजेंद्र सिंह मेहरा, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह पानू, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, दिनेश नयाल, महेंद्र सिंह पपोला, भुपाल सिंह कोरंगा, संजय भंडारी, गोविंद गड़िया, दरवान सिंह कोरंगा, राजेंद्र उपाध्याय, चंचल सिंह दानू, त्रिलोक सिंह राणा, ईश्वर सिंह, लोकपाल शाही, सचिन राणा, हीरा सिंह पानू, जगदीश मेहता आदि मौजूद थे।




दिनेशपुर में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

**चुनौती** 13 वार्डों व आसपास क्षेत्र से नियमित 19 मीट्रिक टन कूड़ा रोजाना पहुंच रहा ट्रंचिंग ग्राउंड में

## 15 हजार मीट्रिक टन जमा कूड़ा बना समस्या

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज नगर पालिका के सामने 15 हजार मीट्रिक टन खुले में जमा कचरे का निस्तारण किसी चुनौती से कम नहीं है। नगर पालिका के 13 वार्डों व आसपास के इलाकों से नियमित तौर पर सिडकुल मार्ग से थोड़ी ही दूरी पर स्थित कई एकड़ की भूमि में कूड़े को डंप किया जा रहा है।

इसके चलते आसपास की रहने वाली आबादी पर इसका प्रभाव पड़ रहा है, खुले में जमा कूड़े की दुर्गंध से सैकड़ों परिवार परेशान हैं। नियमित तौर पर ट्रंचिंग ग्राउंड में 19 मीट्रिक टन कचरा पहुंच रहा है जो धीरे-धीरे एक पहाड़ का आकार ले रहा है। बीते कई सालों बाद भी नगर पालिका ने खुले में जमा हजारों टन मीट्रिक कचरा के निस्तारण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बना पाई है। वर्षों से कूड़े का निस्तारण नहीं हो पाने के चलते समस्या गंभीर बनती जा रही है। इधर नगर पालिका के ईओ नौशाद हसीन ने बताया कि पूर्व में निविदा निकाली गई थी लेकिन कंपनियां शर्तों को पूरा नहीं कर पाईं। इसके बाद फिर से निविदा आमंत्रित की जाएगी। कूड़ा निस्तारण के लिए वहीं कंपनी कूड़ा निस्तारण करेगी खुद की मशीन भी लगाएगी।



सिडकुल मार्ग के किनारे पर बने ट्रंचिंग ग्राउंड में लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

**सार-संक्षेप**



काशीपुर में एसडीएम के पेशकार को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### झूठी शिकायत करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**काशीपुर :** सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के नाम से झूठी शिकायत करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चंद्रभूषण डोभाल ने एसडीएम कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि कुछ समय से उनके नाम का कोई शरारती तत्व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की झूठी शिकायत कर रहा है। पहली शिकायत में उनके नाम का प्रयोग कर चुनाव आयोग से शिकायत कर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आचार संहिता के तहत स्थानांतरित करने के लिए लिखा गया था। दोबारा अन्य झूठी शिकायत प्रमुख सचिव खाद्य को की गई। जिसमें काशीपुर के क्षेत्रीय अधिकारी पर आरोप लगाकर उन्हें हटाने को कहा गया था। जबकि इन शिकायतों से उनका कोई संबंध नहीं है। उनके नाम का प्रयोग कर छवि धूमिल करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। यहां उमेश जोशी एडवोकेट, नीरज कांडपाल, जयदीप भौर्याल, संजय शर्मा आदि मौजूद थे।




शिविर में आइलेट्स प्रशिक्षण के दौरान मौजूद संस्था संचालक व प्रशिक्षक।

### युवाओं को दी वीजा की जानकारी

**जसपुर :** आइलेट्स प्रशिक्षण संस्था इमीग्रेशन की ओर से सुभाष चौक के पास शिविर लगाकर युवाओं को विदेश में वीजा संबंधी जानकारी दी गई। इस मौके पर संस्था की ओर से एक विशेष कूपन जारी किया गया और कहा गया कि जो भी युवक कूपन को लेकर उनकी संस्था में आएगा, उसे आइलेट्स प्रशिक्षण व पर्सनल टेस्ट की इंग्लिश की सेवा फ्री दी जाएगी। इस मौके पर संस्था के संचालक हरविंदर सिंह, वीजा एक्सपर्ट जितेंद्र सिंह उर्फ जैज राणा, गुरजीत सिंह, मनदीप कौर, संदीप कौर, नंदिनी अरोरा, हर्ष राणा, सतविंदर सिंह सोढी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



किच्छा में पौधरोपण के दौरान मौजूद प्रदेश अध्यक्ष व अन्य लोग। ● अमृत विचार

### भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया एक पेड़ - मां के नाम अभियान

**किच्छा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में शुरू किए गए "एक पेड़ – मां के नाम" अभियान के क्रम में भाजपा महिला मोर्चा ने छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। ग्राम बरा स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला एवं महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दया डसीला ने शिरकत कर संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। इस मौके पर बरा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक दीपक देव, अहमद हुसैन, राहुल देव, गुरविंदर कौर, डॉ संगीता शर्मा, दीपा देव, तुलसी मेहता, तनुजा दानू, गीता रानी, भावना दानू, लता दानू आदि मौजूद रहे।



पालिका परिसर में किट बांटते ईओ और उपजिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### पालिका कर्मियों को वितरित की गई किट

**सितारगंज :** नगर पालिका की ओर से शुक्रवार को पर्यवेक्षक, पर्यावरण मित्र और वाहन चालकों को स्वच्छता किट वितरित की गई। पालिका के ईओ नौशाद हसीन, उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार जुवाठा, राजेश अरोरा, सोविंद्र, हर्षित आदि मौजूद रहे।



बाजपुर कोतवाली में मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन करते पुलिस अधिकारी।

### कोतवाली में मंदिर के स्थापना दिवस पर किया हवन

**बाजपुर :** कोतवाली परिसर में स्थित दक्षिण मुखी श्रीहनुमानजी व शिव मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर पुलिस की ओर से हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान यज्ञ में आहुतियां देकर क्षेत्र, प्रदेश व सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई। शुक्रवार को मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। पं.गौरव मिश्रा ने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई। मुख्य यजमान एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल के साथ ही पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने हवन यज्ञ में आहुति अर्पित कर सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर एनआईयू इंचार्ज ललित गिरि गोस्वामी, हरीश नेगी, हिमांशु मठापाल, प्रताप सिंह, दिनेश कुमार मौजूद रहे।



काशीपुर में बच्चों को फायर उपकरण से आग बुझाने का प्रशिक्षण देते फायर कर्मी।

### स्कूली बच्चों और फैक्ट्री कर्मियों के साथ की मॉकड्रिल

**काशीपुर :** काशीपुर स्टेशन के फायर कर्मियों ने एक स्कूल और फैक्ट्री में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों व फैक्ट्री कर्मियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने की जानकारी दी गई। शुक्रवार को फायर स्टेशन प्रभारी राम कुमार के नेतृत्व में अलीगंज रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में फायर कर्मियों ने छात्र-छात्राओं एवं स्कूल के स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण की जानकारी दी। साथ ही कृत्रिम आग लगाकर प्राथमिक अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उधर महुआखेड़ा गंज स्थित श्रवंथी एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में फायर कर्मियों ने फैक्ट्री स्टाफ के साथ मिलकर संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल की और आपातकालीन स्थिति में बचाव के तरीके बताए। इस दौरान मॉकड्रिल के तहत फैक्ट्री के केबल वायर यार्ड में आग लगने की सूचना पर फायर कर्मियों व फैक्ट्री स्टाफ ने मिलकर फायर टेंडर की मदद से आग को बुझाया।

# विधायक बेहड़ को समर्थन देने पहुंचे पूर्व सांसद डॉ. पाल

## प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर विधायक बेहड़ का धरना जारी, प्रशासन की निंदा कर जल्द चुनाव कराने की रखी मांग

विवाद

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को स्थगित किए जाने का आदेश के बाद अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान पूर्व सांसद एवं उत्तराखंड बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र पाल ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। चौथे दिन दर्जनों व्यापारियों एवं कांग्रेसियों ने चुनाव जल्द कराने की प्रशासन से मांग दोहराई।

पूर्व सांसद महेंद्र पाल ने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों का संगठन है और संगठन के चुनाव में प्रशासन एवं सरकार को किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि तीन दिन पूर्व उनके धरना प्रदर्शन शुरू किए जाने के बाद पूर्व विधायक ने कहा था कि बेहड़ को धरना प्रदर्शन से उठाए बगैर वे अपना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे, लेकिन आज अचानक उन्होंने अपना धरना समाप्त कर दिया। मौके पर सुभाष बेहड़, भूपेंद्र चौधरी बबलू, राजेश प्रताप सिंह, किन्नू शुक्ला, ओमप्रकाश दुआ, गुलशन सिंधी, मनोज सिंधी, हाजी सरवर यार खान, गौरव बेहड़, सुनीता कश्यप, सुधा जोशी, सौरभ बेहड़, ठाकुर सुनील सिंह, उमेश अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंधी आदि मौजूद रहे।



किच्छा में विधायक बेहड़ को समर्थन देते पूर्व सांसद एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. महेंद्र पाल। ● अमृत विचार

### मनाने पहुंची प्रशासन की टीम के सामने विधायक बेहड़ ने जमकर निकाली भड़ास

**किच्छा :** धरने पर बैठे विधायक तिलक राज बेहड़ को मनाने पहुंचे एडीएम पंकज उपाध्याय सहित अन्य अधिकारियों को उन्होंने मांग पूरी होने तक आंदोलन समाप्त करने से इनकार कर दिया। एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी निहारिका तोमर, तहसीलदार गिरीश चंद त्रिपाठी की टीम शुक्रवार की दोपहर एसडीएम कार्यालय के बाहर टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन कर रहे विधायक बेहड़ को मनाने पहुंची और आंदोलन समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा कि ढाई वर्ष के कार्यकाल में स्थानीय एसडीएम द्वारा नगर एवं व्यापारियों से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए एक भी बैठक आयोजित नहीं की गई। बेहड़ ने एडीएम उपाध्याय से कहा कि एसडीएम के संरक्षण में गौला नदी में खुलेआम पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन होता रहा तथा तालाब के नाम पर नियम कानून के विरुद्ध 3 फुट की जगह चार गुना अधिक मिट्टी का खनन किया गया। कृषि भूमि पर अवैध रूप से कालोनियां काटी जा रही है तथा समय-समय पर उनके द्वारा तमाम समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। काफी देर चली वार्ता के बाद कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया और प्रशासन की टीम लौट गई।

### एडीएम से वार्ता के बाद शुक्ला ने समाप्त किया धरना

**किच्छा :** एडीएम पंकज उपाध्याय शुक्रवार की दोपहर तहसील परिसर पहुंचे और धरना दे रहे भाजपा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से वार्ता की। काफी देर चली वार्ता के बाद पूर्व विधायक शुक्ला धरना समाप्त करने को राजी हो गए। एडीएम उपाध्याय ने शुक्ला से वार्ता करते हुए कहा कि उनके द्वारा बायोलॉज के नियमों के अनुसार तथा पारदर्शिता से चुनाव संपन्न कराए जाने की मांग की जा रही थी चूंकि अब मामला निहित अधिकारी हल्द्वानी के न्यायालय में पहुंच गया है तथा उनके निर्णय के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, ऐसी स्थिति में अब धरना प्रदर्शन समाप्त कर देना चाहिए। एडीएम से वार्ता के बाद भाजपा नेता शुक्ला ने धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा कर दी और सभी समर्थकों के साथ चले गए। भाजपा नेता शुक्ला ने कहा कि प्रशासन द्वारा पूरे मामले को संज्ञान में लेने तथा चुनाव पर रोक लगाए जाने से व्यापारियों की जीत हुई है। इस मौके पर संजीव कुमार सिंह, विजय अरोड़ा, राकेश गुप्ता, नितिन फुटेला, सुजाहत यार खान, मनमोहन, राजकुमार, अमन मदान, कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर, धनीराम आदि मौजूद रहे।

### डेढ़ घंटे की बारिश से कई जगह जलभराव

**बाजपुर :** क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे लगातार हुई मूसलाधार झमाझम बारिश से अनेक स्थानों पर जलभराव हो गया जिसके चलते लोगों के साथ ही स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर में छुट्टी के समय बारिश होने की वजह से स्कूली बच्चे भीगते हुए बारिश के पानी से निकालकर अपने घर पहुंचे। शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में घनघोर बादल छाए रहे और दोपहर करीब 12 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जोकि डेढ़ बजे तक जारी रही। बारिश के कारण जहां मौसम काफी सुहावना हो गया, वहीं अनेक स्थानों पर जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो गई। ग्राम झारखंडी के दोनों तरफ बह रही गडरी व गड़प्पू नदियों में अचानक पर्वतीय क्षेत्र में हो रही बारिश का पानी आ गया और नदियों के ओवरफ्लो होने पर बाढ़ का पानी गांव की सड़क पर आ गया तथा गांव के निचले हिस्से में बसे कई घरों में पानी घुस गया।



बाजपुर में झमाझम बारिश के बीच भीगते हुए घर जाते स्कूली बच्चे।

# बीडीसी बैठक में 88 प्रस्ताव पारित

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख सरिता देवी की अध्यक्षता में विकासखंड कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। इसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों व अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वनि मत से 88 प्रस्ताव पारित किए गए।

शुक्रवार को बैठक में एजेंडे के अनुसार विभागीय समीक्षा एवं जानकारी मौजूद सदस्यों को दिए जाने के बाद सड़क, बिजली, पानी, नाली के प्रस्ताव पटल पर रखे गए जिन्हें चर्चा के उपरांत पारित किया गया। बैठक में आम जनता द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर समितियों के माध्यम से बैठकें आयोजित कर समस्या निस्तारण की समीक्षा ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया जिसपर कार्यवाही की सूचना सदन के सदस्यों को पत्र के माध्यम से दिए जाने की बात तय की गई। संचालन खंड विकास अधिकारी कुंदन सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।



बाजपुर में बीडीसी की बैठक को संबोधित करतीं ब्लाक प्रमुख सरिता देवी।

# मीनल का ऑस्ट्रेलिया में दोहरी डॉक्टरेट उपाधि के लिए चयन

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मृदा विज्ञान की शोधार्थी मीनल सिंह को वेस्टर्न सिडनी विवि (ऑस्ट्रेलिया) में दोहरे डॉक्टरेट उपाधि कार्यक्रम (डीडीपी) के लिए चुना गया है। पंत विवि और सिडनी विवि के बीच हुए समझौते के तहत मीनल पंत विवि की पहली छात्रा हैं, जिनका इस प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है।

डीडीपी जीबी पंत कृषि विवि और वेस्टर्न सिडनी विवि के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के तहत एक संयुक्त डिग्री कार्यक्रम है। इसके तहत मीनल को दो डॉक्टरेट डिग्री पुरस्कृत की जाएंगी। वह 15 माह तक वेस्टर्न सिडनी विवि में रहेंगी। इस दौरान उन्हें सिडनी विवि की ओर से प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति के तहत करीब 32 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर और शोध संबंधी कार्य के लिए साढ़े छह हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर बतौर छात्रवृत्ति मिलेंगे। मीनल ने कुमाऊं विवि नैनीताल से बीएससी भूविज्ञान की डिग्री हासिल की है। इसके बाद पंतनगर विवि स्थित कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से एमएससी की डिग्री प्राप्त की है। वहीं वर्ष 2023 में डीईएफआईएए कार्यक्रम के तहत फ्रांस एवं यूरोप का भी दौरा किया है। उत्तराखंड के नैनीताल की रहने वाली मीनल के पिता स्व. हुकुम सिंह विकास भवन में आर्थिक एवं सांख्यिकी अधिकारी थे और उनकी माता चंपा सोरांगी एक गृहिणी हैं। वह इस उपलब्धि का श्रेय अपने भाई आशुतोष सिंह के साथ ही गुरुजनों को देती हैं। मीनल के कहा कि वेस्टर्न सिडनी विवि के साथ दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम के लिए उनका चयन न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पंतनगर विवि की शैक्षणिक क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मान्यता का भी प्रमाण है। मीनल की इस उपलब्धि पर पंतनगर विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चैहान, अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ. एचजे शिव प्रसाद, डीन पीजीएस डॉ. केपी रावेरकर, डीन एजी डॉ. एसके कश्यप, डॉ. एपी सिंह सिडनी विवि के प्राध्यापकों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



शोधार्थी मीनल सिंह को चयन पत्र सौंपते कुलपति डॉ. चौहान।

## वर्ग पहेली-143

**बाएं से दाएं**

4. 1. यथेष्ट सम्मान, उचित आदर, सत्कार 2. प्रतिष्ठा, ख़ातिर।
5. 1. 'तत' का समासगत रूप 2. वह।
6. पतीला, बटलोई।
7. सप्ताह का छठवां दिन, सप्ताह के सात दिनों का एक नाम।
9. 1. आंख, नेत्र 2. जल 3. आम-फल, आम-वृक्ष 4. माता।

**ऊपर से नीचे**

1. कलम बनाने एवं तराशने का चाकू।
2. हिमायती।
3. जिसने कुछ खाया-पिया न हो।
6. 1. देने वाला, दाता 2. दूसरों को देने की प्रवृत्तिवाला 3. बेचने वाला।
8. नीम का पेड़।



### वर्ग पहेली -142 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | ■ | ■ | 2 अ | ल | ख |
| 3 प | ख़ | ■ | श | ■ | ■ |
| ना | ■ | 4 सु | र | मा | ■ |
| ■ | 5 पू | ष | ण | ■ | 6 खु |
| 7 भू | ■ | 8 मा | श | ■ | रा |
| प | ■ | ■ | 9 र | सा | ई |
| ■ | 10 वि | गु | ण | ■ | ■ |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | | 9 | | | | 6 |
| | | | 5 | | | 8 | | 4 |
| | | 1 | | 7 | 2 | | 9 | |
| | | | 6 | | 4 | | 8 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 1 | | | |
| | 4 | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | 8 | | | 9 | | | |
| 3 | | | | 4 | | 2 | 7 | |

### सुडोकू -55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 13.00 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए थोड़ी कठिन रहने वाली है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

**वृष:** आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कई कार्यों को साधने की कोशिश कर सकते हैं। शरीर आरोग्यवान और मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन:** आज पेट में कुछ समस्या हो सकती है। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। अनावश्यक बातों में ज्यादा ध्यान न दें। मनमाना व्यवहार करने से बचें। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**कर्क:** आज नई वाहन की खरीदारी का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बदलाव के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। युवाओं को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं।

**सिंह:** आज विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। कारोबार को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अति आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें।

**कन्या:** आज नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि कम हो सकती है।

**तुला:** आज नौकरी में वेतन बढ़ने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से राहत मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। प्रेमी जन से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। परिवार का साथ और सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी संबंधों में परेशानी होने की संभावना है। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मकर:** आज विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत होगी। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। बजट को ध्यान में रखकर ही व्यवसाय में बड़ा निवेश करें।

**कुंभ:** आज दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार होगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है उसको लेकर कोई दावा न करें।

**मीन:** आज आपको मानसिक संतोष प्रदान करेगा। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन इससे मिलने वाला परिणाम सकारात्मक होगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
राम बलराम — सुबह : 11.12
इलाका — शाम : 06.16

**&pictures**
मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे — सुबह : 11.27
टीबीए — रात : 08.00

**SONY PIX**
65 — सुबह : 10.48
वंडर वुमैन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
शादी में जरूर आना — सुबह : 10.53
भोला — रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
कुछ कुछ होता है — दोपहर : 12.00
हनु-मान — रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) – गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला– पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी– सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति– क्यों?
पत्नी – क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति– मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी– अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...



अल्मोड़ा में फलसीमा में शहीद की माता को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित करते विधायक मनोज तिवारी। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में शुक्रवार को शहीद दिवस पर वीरांगनाओं को सम्मानित करते डीएम व एसएसपी। ● अमृत विचार

# शहादत की दास्तान सुन आंखें हुईं नम, सीना हुआ चौड़ा

## विजय दिवस पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम, अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, जिला मुख्यालय में वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले भर में विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शहीदों की दास्तां सुनकर जहां लोगों की आंखें नम हो गई। वहीं, सम्मान में सीना गर्व से चौड़ा हो गया। जगह-जगह वीरांगनाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

शुक्रवार का जिला मुख्यालय के कैंट स्थित शहीद स्मारक में हुए कार्यक्रम में डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी सहित अन्य ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि आजादी से पहले और आजादी के बाद उत्तराखंड के वीर सपूतों ने देश की रक्षा में अहम योगदान रहा है। कारगिल युद्ध में वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र याद रखेगा। एसएसपी ने भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को नमन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया और गैरीसन अल्मोड़ा की सैन्य टुकड़ी ने शहीदों को सलामी दी।

कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती माया घले पत्नी शहीद नायक हरी बहादुर घले सेना मेडल, सावित्री देवड़ी पत्नी शहीद लांस नायक हरीश देवड़ी, कमला देवी पत्नी शहीद राजेंद्र सिंह और मुन्नी देवी पत्नी शहीद हवलदार पूरन सिंह को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। इस दौरान गैरीसन के प्रभारी कमान अधिकारी कैप्टन अमनदीप सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त विंग कमांडर सीएसके गुप्ता, नायब सूबेदार मदन सिंह, सीपीओ दिनेश चन्द्र तिवारी, कैप्टन हीरा सिंह, हरीश सिंह, विजय शंकर, महेंद्र सिंह मेहरा, राजकुमार बिष्ट, कैलाश चंद्र कांडपाल, देवेंद्र कुमार, मदन सिंह, हेमंत लाल वर्मा, पूरन सिंह सिराड़ी, एमएस बिष्ट, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एसएस बिष्ट, पीजी गोस्वामी, विनोद गिरि, सुरेंद्र लाल टम्टा, पूरन सिंह मेहता, राजेश बिष्ट, गैरीसन अल्मोड़ा के जेसीओ, जवान, गौरव सेनानी सैनिक, वीर नारियों, एनसीसी कैडट मौजूद रहे।



रानीखेत में कारगिल दिवस पर सशस्त्र सीमा बल के रक्तदान शिविर में मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### भाजयुमो ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अल्मोड़ा :** भाजयुमो की ओर से शुक्रवार को कारगिल शहीद दिवस पर वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वीर नारियों को शॉल ओढ़ाकर वीर शहीदों के अदम्य साहस की गाथा को बंया किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, प्रेम लटवाल, मोनू साह, प्रकाश बिष्ट, कन्हैया बिष्ट, चंदन बहुगुणा, नमन गुरुरानी, ललित कनवाल, पारस कांडपाल, मोहित बिष्ट, ललित खोलिया, दीपेंद्र थापा, कैलाश गुरुरानी, राहुल बिष्ट, कृष्ण बहादुर सिंह, जगत तिवारी, बीना नयाल, रेखा आर्य, लीला बोरा, विनोद लटवाल, अर्जुन बिष्ट, महिपाल बिष्ट, पीयूष कुमार, गोपाल चम्याल, निकेश बिष्ट आदि रहे।

### शहीद दिनेश की मां को किया सम्मानित

**अल्मोड़ा :** कारगिल विजय दिवस पर फलसीमा स्थित वीर शहीद दिनेश बिष्ट की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किये गये। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से शहीदों के योगदान को याद किया गया। शहीद की माता बिशनी देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यहां सोसायटी के चेयरमैन मनोज सनवाल, गीता मेहरा, हेमंत जोशी, मनोज भंडारी, मंटू, मनोज बिष्ट, राजू भंडारी, राहुल बिष्ट, भूपाल सिंह, किशन बिष्ट, प्रशांत बिष्ट, पदमा देवी आदि मौजूद रहे।

### शहीदों के याद किया

**अल्मोड़ा :** जिले में शुक्रवार को 25 वां कारगिल विजय शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर लक्ष्मेश्वर स्थित शहीद स्मारक स्थल में क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर विधायक तिवारी ने कहा कि सैनिकों ने देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान किया है हमें उन पर गर्व करना चाहिए। जिन वीर सैनिको ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किये, उन्हें याद करने के साथ उनकी कुर्बानी को भी याद रखना चाहिये। यहां निर्वतमान सभासद अमित साह, हेम तिवारी, लता पांडे आदि मौजूद रहे।

### एसएसबी के जवानों ने किया रक्तदान

**रानीखेत :** कारगिल दिवस पर प्रात : समय कुमाऊं रेजीमेंट के सोमनाथ मैदान में स्थित सहित स्मारक में ब्रिगेडियर संजय यादव व अधिकारियों ने कारगिल में शहीद हुए वीर जवानों को सेना के पारंपरिक धुन के साथ पुष्प चक्र चढ़ाकर व 2 मिनट का मन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय व राजकीय नागरिक चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सशस्त्र सीमा बल के 29 अधिकारियों व जवानों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में श्रम एवं संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शिविर में सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय के उप महानिरीक्षक डॉ ओबीसिंह, द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार,उप कमांडेंट कमल जोशी, महेंद्र सिंह, हेमचंद्र, विनोद कुमार, अनिल कुमार,विपुल कुमार, रवि रंजन, यशवंत सिंह, जगदीश अमलान कुमार, जगदीप,राजेंद्र कुमार चौधरी सहित नागरिक चिकित्सालय के अधीक्षक एसके दीक्षित रहे। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया।

### कारगिल विजय दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

**बागेश्वर :** कारगिल विजय शौर्य दिवस जिले में सम्मानपूर्वक मनाया गया। संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शहीद नायक मोहन सिंह, शहीद नायक राम सिंह बोरा तथा शहीद हरि थापा के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा शहीद नायक राम सिंह बोरा के प्रतिनिधि ब्लाक प्रतिनिधि सूबेदार कुंदन सिंह रावत व शहीद पूरन चन्द्र चौबे के पिता माधवानंद चौबे को मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, डीएम अनुराधा पाल ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सैनिक कल्याण अधिकारी जीएस बिष्ट ने कहा कि कारगिल युद्ध में प्रदेश के 75 जवानों ने शहादत दी। इनमें जिले के तीन जवान शामिल थे।

### बनबसा में कारगिल शहीदों का स्मरण

**बनबसा :** गौरव सेनानी कल्याण समिति और व्यापार मंडल बनबसा ने विजय कारगिल दिवस धूमधाम से मनाया। पूर्व सैनिकों और व्यापारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। नायक शहीद खीम सिंह कुंवर के शहीद स्मारक पर मुख्य अतिथि कर्नल निमिष सेमवाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में कारगिल शहीद नायक खीम सिंह कुंवर को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद खीम सिंह की माता लक्ष्मी देवी कुंवर को मुख्य अतिथि निमिष सेमवाल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले हुए 15 पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया। कैप्टन हरीश चंद्र कापड़ी और पुष्कर दत्त कापड़ी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सीओ शिवराज सिंह राणा, लेफ्टिनेंट शुभम सहाय, सूबेदार मेजर रमेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, हेमा जोशी आदि रहे।





शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित करते डीएम नवनीत पांडेय और एसपी अजय गणपति।

### चम्पावत में कारगिल शहीदों को किया नमन

**टनकपुर/चम्पावत :** कारगिल विजय दिवस पर मुख्य कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में हुआ। डीएम नवनीत पाण्डे, एसपी अजय गणपति, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, वीरनारियों, जनप्रतिनिधियों,पूर्व सैनिकों ने अमर ज्योति में दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया। पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डीएम ने कहा कि कारगिल शहीदों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। ऑफिसर कमांडिंग 509 राकेश पाठक ने कहा कि कारगिल शहीद देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा शक्ति बने रहेंगे। एसपी अजय गणपति ने कहा कि शहीदों के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी उमेद सिंह व अन्य लोगों ने अमर शहीदों को याद किया। डीएम और जनप्रतिनिधियों ने कारगिल युद्ध में घायल हुए नायक दान सिंह मेहता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही पार्वती देवी पत्नी स्व .बिक्रम सिंह, पदमा देवी पत्नी स्व . केशव दत्त, बच्ची देवी माता जगत सिंह, हरू देवी माता राहुल रैंसवाल को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



शहीद खीम सिंह कुंवर की माता को सम्मानित करते कर्नल निमिष सेमवाल।

### कारगिल युद्ध के शहीदों का भावपूर्ण स्मरण

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** गेवाड़ घाटी क्षेत्र में भी कारगिल शहीदों को सभी लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र के पान, बैरती, चित्रेश्वर, गैराड़ चितैली ककनर उलैनी सेलागढी भैनर भगतोला सुन्दरखोला थामण सदीगांव मेहलचौरा बमनगांव दड़माड़, नौगांव-अखोड़िया, महाकालेश्वर, बसभीडा, गड़स्यारी दंतोला घुंघोली छाना, ग्वाली एवं सिरोली आदि के अलावा संपूर्ण गेवाड़ घाटी में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# छात्रों का आमरण अनशन जारी, स्वास्थ्य गिरा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में स्नातक और परास्नातक में सीटों की संख्या को बढ़ाए जाने, भूगोल के प्राध्यापक डॉ एम एस चौहान का स्थानांतरण किए जाने, आरोपी प्राध्यापक की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने, परीक्षाफल में हुई त्रुटियों को सुधारे जाने समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आह्वान पर छात्र-छात्राओं द्वारा 12 जुलाई से कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

वहीं परिषद से जुड़े तीन छात्रों का आमरण अनशन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें उनके स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है। अभी तक जिम्मेदार अधिकारी और कॉलेज प्रशासन द्वारा आंदोलन चला रहे छात्र-छात्राओं की कोई सुध ना लिए जाने से छात्र-छात्राओं में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। सात सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र छात्राएं 12 जुलाई से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चला रहे हैं वहीं 23 जुलाई से छात्र समीर सिंह, मनीष सिंह बिष्ट और सौरभ पांडेय आमरण अनशन में बैठे हुए हैं। धरने पर बैठे छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। टनकपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में कई व्यापारियों के अलावा पूर्व पालिकाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के कुमाऊं संयोजक नरेश सकारी, जिला पंचायत सदस्य किरन देवी, रुचि धस्माना आदि जनप्रतिनिधियों ने भी धरना स्थल पर जाकर आंदोलन को समर्थन दिया है। इधर धरना स्थल पर बैठने वालों में एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजत त्रिपाठी, नितिन मंगला, सुमित बोहरा, हिमानी, भावना, रुचि, मानसी, नितिन, नवाज, रोहन गड़कोटी, दीपांशु बिष्ट, भूमिका, चेतन समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



टनकपुर महाविद्यालय में आमरण अनशन पर बैठे छात्र और उनके समर्थक। ● अमृत विचार

## जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया

**बागेश्वर, अमृत विचार:** उत्तराखंड जल संस्थान संयुक्त मोर्चा का आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार की सद्बुद्धि के लिए बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया।

शुक्रवार को मोर्चा से जुड़े कर्मचारी अधिशासी अभियंता जल संस्थान के कार्यालय में पहुंचे। यहां सभा में वक्ताओं ने कहा कि 26 कर्मचारियों के खाते में अप्रैल 2022 से ईपीएफ की राशि नहीं भेजी गई है। कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सभा की अध्यक्षता नवीन पांडे व संचालन आनंद मेर ने किया। इस मौके पर कैलाश उपाध्याय, पूरन चंद्र चौबे, नंदन राम, पूरन, राजेंद्र, कुशल रावत, नवीन चंद्र, कुंदन सिंह परिहार, हरीश चंद्र सिंह, गणेश सिंह, गोविंद राम, ललित सिंह, हरक सिंह, पूरन रावल, बालम सिंह मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में बारिश के बीच आधा नगर पेयजल को तरसा

संवाददाता, अल्मोड़ा

### दिक्कत

- कोसी बैराज में शिल्ट जमा होने से ठप रही पंपिंग
- ऊपरी क्षेत्रों में बारिश के बाद नदी को पानी में आई सिल्ट



> वर्षा के बाद कोसी नदी में अत्यधिक मात्रा में सिल्ट जमा हो गई। इससे देर रात से पंपिंग बंद करनी पड़ी। पंपिंग ठप होने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी।
> -वीरेंद्र मेहता, एई जल संस्थान।

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा नगर की लाइफ लाइन माने जाने वाली कोसी नदी में गाद से शुक्रवार को अल्मोड़ा में जलापूर्ति बाधित रही। पंपिंग ठप होने से लोगों को पानी नहीं मिल सका। इससे नदी से 12 घंटे तक पंपिंग बंद रही। जिससे मुख्य बाजार समेत आधे से अधिक नगर में पेयजल आपूर्ति ठप रही। खराब मौसम के बीच पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

कोसी समेत ऊपरी क्षेत्रों में गुरुवार से रुक-रुक वर्षा हो रही है। वहीं, ऊपरी क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा के बाद अल्मोड़ा नगर और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति करने वाली कोसी नदी का पानी मटमैला हो गया। बैराज के समीप काफी मात्रा में सिल्ट जमा हो गई। सिल्ट जमा होने से नदी से गुरुवार देर रात पंपिंग बंद करनी पड़ी। नदी का पानी हल्का साफ होने के बाद शुक्रवार को 12 घंटे बाद पंपिंग सुचारू हो सकी। लेकिन 12 घंटे पंपिंग बंद होने से नगर में पेयजल आपूर्ति करने वाले टैंकों में पानी एकत्र नहीं हो सका। इससे मुख्य बाजार समेत आधे से अधिक नगर में पेयजल आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पेयजल के लिए नौलों और धारों की दौड़ लगानी पड़ी। पानी नहीं मिलने से करीब 80 हजार की आबादी प्रभावित रही।



टनकपुर में रक्तदान करते सीओ शिवराज सिंह राणा।

### सीओ राणा समेत 24 लोगों ने किया रक्तदान

**टनकपुर, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की टनकपुर शाखा के तत्वावधान में टनकपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। टनकपुर के ब्लू एम्पायर होटल में लगे रक्तदान शिविर में न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक खटीमा की संचालिका नीलम ज्वाला की टीम द्वारा सहयोग दिया गया। सीओ शिवराज सिंह राणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने शिविर में रक्तदान भी किया। शिविर में 24 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक दीपक शारदा और अध्यक्ष राजीव आर्य द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रवि कुमार, भुवन चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष अतुल शारदा, संयोजिका सीमा अग्रवाल, सह सचिव सत्य प्रकाश गुप्ता, नरेंद्र सिंह नेगी,छवि गुप्ता, बीना अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अंकुर टंडन,विनय अग्रवाल, दीपक शारदा, कोमल टंडन, विम्मी आर्य, रेखा जोशी, नवीन कोहली, अनुराग अग्रवाल आदि रहे।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में अल्मोड़ा रहा दूसरे स्थान पर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय ताइक्वाडों में अल्मोड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण, 10 रजत और दो कांस्य पदकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान बनाया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी है।

कोच विक्रम भंडारी ने बताया कि बीते दिनों गौलापार हल्द्वानी में राज्य स्तरीय ताइक्वाडों प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें अल्मोड़ा की टीम ने पूरी प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि ऋषभ, अखिलेश, काव्य, हर्षित, ओम, कनिष्का, राशी, मानवी, आस्था, लक्ष्मी और मीनाक्षी ने स्वर्ण, निशा, कनिष्का, याशिका, पूर्णिमा, पियूष, करन, जीपी पंकज, अनंत, दीक्षा ने रजत, गरिमा और दिक्षा कांडपाल ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, यशवंत कुमार, प्रेम सिंह रावत, प्रशांत मेहरा ने बधाई दी है।



हल्द्वानी में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक के साथ अल्मोड़ा के खिलाड़ी।

## चम्पावत जिले को मिले तीन नायब तहसीलदार

**टनकपुर, अमृत विचार:** चम्पावत जिले में लंबे समय से रिक्त नायब तहसीलदारों के पदों पर शासन स्तर से नियुक्तियां कर दी गई हैं। इस बीच लोहाघाट तहसील में राजीव कान्त, चम्पावत तहसील में शैलेंद्र जोशी एवं टनकपुर में आशीष सिंह गुसाईं ने नायब तहसीलदार के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इस प्रकार जिले की सभी तहसीलों में नायब तहसीलदारों के रिक्त पद भर गए हैं। किंतु तहसीलदारों में अभी पाटी तहसील को छोड़कर शेष में प्रभारी व्यवस्था चल रही है। लोहाघाट के तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी के पास चम्पावत के तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार भी है।



चौखुटिया में आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं का निस्तारण करते अधिकारी।

### चौखुटिया में योजनाओं की जानकारी दी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को चौखुटिया में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न कानून जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। ब्लॉक सभागार में आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शचि शर्मा ने किया। उन्होंने मौलिक स्वच्छता व वृक्षों का महत्व, निशुल्क विधिक सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 आदि के विषय में जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। इसके अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने समेत विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर यहां ब्लॉक प्रमुख किरन जोशी, सीओ विमल प्रसाद, डीएन जोशी आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

#### बिड़ला समूह ने आभूषण कारोबार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह ने शुक्रवार को आभूषण ब्रांड 'इंद्रिय' की शुरुआत के साथ 6.7 लाख करोड़ के भारतीय आभूषण बाजार में कदम रखा। समूह ने कहा कि उसने आभूषण कारोबार का खुदरा नेटवर्क स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ निर्धारित किए हैं। साथ ही समूह ने पांच साल में आभूषण क्षेत्र के शीर्ष तीन खुदरा विक्रेताओं में शामिल होने का लक्ष्य रखा है। इंद्रिय ब्रांड के चार स्टोर तीन शहरों– दिल्ली, इंदौर और जयपुर में खोले जाएंगे। समूह की योजना छह महीने में 10 से अधिक शहरों में इसका विस्तार करने की है।

#### इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन की योजना बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रिक परिवहन प्रोत्साहन योजना (ईएमपीएस) को दो महीने के लिए बढ़ाने की शुक्रवार को घोषणा करने के साथ कुल परिव्यय को भी बढ़ाकर 778 करोड़ कर दिया। इस योजना को इस साल मार्च में भारी उद्योग मंत्रालय ने शुरू किया था। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। ईएमपीएस योजना मूल रूप से एक अप्रैल, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक चलने वाली थी, जिसका कुल परिव्यय 500 करोड़ रुपये था।

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती– 5700 मसूरी– 5000 बासमती– 9800 परमल– 3700

**दाल दलहन :** काला चना– 7600 साबुत चना दाल– 8400 मूंग साबुत– 10800 राजमा– 12200 दाल उड़द– 10800 साबुत मसूर दाल– 7400 मसूर दाल– 8500 उड़द साबुत– 11600 काबुली चना– 13500–12800 अरहर दाल– 16500–17000 लोबिया/करमानी– 9000 सोयाबीन– 4500 मूंगफली– 11500 मटर (सूखी)– 6200 मक्का– 2500

# सेंसेक्स 1,293 अंक उछला, निफ्टी का रिकॉर्ड

## पांच दिन की जारी गिरावट के बाद बाजार संभला, शेयरों की लिवाली से लौटी रौनक

नई दिल्ली, एजेंसी



- निफ्टी भी 24,834 अंक के नए शिखर पर पहुंचा

शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बीच एनएसई की निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई के सेंसेक्स 1,292.92 अंक यानी 1.62% उछलकर 81,332.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,387.38 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 428.75 अंक यानी 1.76% चढ़कर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 लाभ में जबकि तीन नुकसान में रहे। पांच सत्रों में सेंसेक्स 1,303.66 अंक यानी 1.60% अंक टूट गया था। वहीं निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.59% नीचे आया था। नेस्ले को छोड़कर सभी शेयर लाभ में रहे। भारती एयरटेल सबसे ज्यादा 4.51% लाभ में रहा।

अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाली एकमात्र कंपनी नेस्ले में 0.07% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अगले महीने के लिए वायदा एवं विकल्प कारोबार की शुरुआत के साथ घरेलू बाजार में तेजी आई और बाजार बजट को लेकर आई गिरावट से बाहर आ गया। तेजी का कारण अमेरिका में जीडीपी आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहना है। यह वैश्विक मांग के लिहाज से अच्छा है। नायर ने कहा कि निवेशक गिरावट पर खरीद की रणनीति अपना रहे हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम और शेयर केंद्रित रुख पर ध्यान है। धातु और प्रमुख आईटी कंपनियों एवं मझोली कंपनियों में लाभ देखा गया।

### आईटी औ धातु के शेयरों से मिली गति

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि आईटी और धातु शेयरों के प्रदर्शन से बाजार को गति मिली। वायदा एवं विकल्प खंड में अगले महीने का कारोबार शुरू होने से भी बाजार चढ़ा। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में भी स्थिति मजबूत रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 728.07 अंक यानी 0.90% तथा निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.23% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

## डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 12.6% बढ़ा : आरबीआई

**मुंबई।** देश भर में डिजिटल भुगतान में 31 मार्च 2024 तक 12.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन लेनदेन को अपनाने को मापने वाला आरबीआई सूचकांक में यह कहा गया। सूचकांक मार्च 2024 के अंत में 445.5 पर रहा, जबकि सितंबर 2023 में यह 418.77 और मार्च 2023 में 395.57 पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि आरबीआई का डीपीआई सूचकांक सभी मापदंडों पर बढ़ा है। इसका कारण भुगतान प्रदर्शन तथा भुगतान बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ने देश भर में डिजिटल भुगतानों की सीमा का पता लगाने के लिए एक समग्र भारतीय रिजर्व बैंक-डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) तैयार करने की घोषणा की थी।

## पेटीएम का निवेश प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन : सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन से जुड़े निवेशों पर निगरानी समिति ने पेटीएम के निवेश के प्रस्ताव को नहीं दी है मंजूरी

वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को कहा कि चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी करने वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने अभी तक पेटीएम की भुगतान एग्रीगेटर इकाई में उसके निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। जोशी ने कहा कि पेटीएम का यह निवेश प्रस्ताव अभी भी अंतर-मंत्रालयी समिति के पास विचाराधीन है और जल्द फैसला होने की उम्मीद है।

पेटीएम ने अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 50 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है लेकिन इसके लिए सरकार की पूर्व-मंजूरी लेनी जरूरी है। दरअसल पेटीएम की मूल इकाई वन97 कम्युनिकेशंस लि. (ओसीएल) में चीन से निवेश आया है। इस वजह से विदेश, गृह, वित्त एवं उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों की समिति इस पर गौर कर रही है कि ओसीएल का पीपीएसएल में निवेश प्रस्ताव एफडीआई निर्देशों के अनुरूप है या नहीं।

जोशी ने कहा कि अंतर-मंत्रालयी पैनल से निवेश प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस पाने के लिए रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकता है। रिजर्व बैंक उसके प्रस्ताव की जांच करने के बाद लाइसेंस देने पर फैसला करेगा। पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लि. ने नवंबर, 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए रिजर्व बैंक के पास लाइसेंस की अर्जी लगाई थी। लेकिन केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया था।

## देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बरौनी, पानीपत और गुजरात रिफाइनी की क्षमता में किया गया विस्तार

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की अभूतपूर्व यात्रा को गति देने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि बरौनी रिफाइनी की क्षमता को 6 से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए और पानीपत की क्षमता को 15 से बढ़ाकर 25 तथा गुजरात की क्षमता को 13.7 से 18 एमएमटीपीए के विस्तार के साथ सैकड़ों टन वजन वाले बड़े आयामों वाले जटिल उपकरणों की स्थापना हमारी ऊर्जा क्षेत्र की संस्थाओं के लिए एक नियमित विशेषता बन गई है। इन महत्वपूर्ण विस्तारों के साथ इंडियन ऑयल भविष्य में अपनी कच्चे तेल की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक अन्य पोस्ट में पुरी ने कहा कि चक्रीय भाप उत्तेजना प्रौद्योगिकी के सफल प्रेरण के साथ ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान की सबसे पुरानी तलछटी चट्टान जोधपुर सैंडस्टोन से भारी कच्चे तेल के उत्खनन में सफलता का दावा किया है।

## सोने में 5,000 की गिरावट, खुदरा निवेशकों में खुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के सोने पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत या 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तीव्र गिरावट आई है। कम लागत से अधिक लोग जिंस और वित्तीय परिसंपत्ति दोनों के रूप में सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे।

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सीमा शुल्क में कटौती से पीली धातु सस्ती हुई है। हालांकि, अचानक हुए बदलाव से बाजार की धारणा कमजोर हो सकती है, लेकिन खुदरा निवेशकों को सोने की नई कीमतों से लाभ होगा। यूनिमोनी फाइनेंशियल



- सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में कीमतों में आई 7% कमी

सर्विसेज के निदेशक एवं सीईओ कृष्णन आर. ने कहा कि कम लागत से अधिक लोग सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे एक वस्तु के रूप में और एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में, जिसे अक्सर मुद्रास्फीति तथा मुद्रा अवमूल्यन से निपटने के लिए बचाव के रूप में देखा जाता है। बजट में सोने तथा चांदी पर मूल सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा के बाद सोने की कीमत गिरावट आई है।

### स्वर्ण उद्योग ने की एक राष्ट्र-एक दर की मांग

**कोलकाता।** स्वर्ण आभूषण उद्योग एक राष्ट्र, एक दर नीति की वकालत कर रहा है, जिसकी शुरुआत अगस्त से पूर्वी भारत के लिए समान दर लागू करने के साथ होगी। स्वर्ण शिल्प बचाओ समिति के अध्यक्ष समर कुमार डे ने कहा कि सभी हितधारकों ने देश भर में एक समान सोने की दर के विचार में रुचि दिखाई है। हम अगस्त से बंगाल और पूर्वी भारत के लिए एकल दर की शुरुआत करेंगे। इस पहल में हमने सर्राफा विक्रेताओं को भी शामिल कर लिया है।

## 4 अरब डॉलर बढ़कर विदेशी मुद्रा भंडार हुआ 670.86 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 4 अरब डॉलर बढ़कर 670.86 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार 9.69 अरब डॉलर बढ़कर 666.85 अरब डॉलर गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.58 अरब डॉलर बढ़कर 588.05 अरब डॉलर हो गईं।



### एक नजर

#### भुवनेश्वर के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दो डिब्बे शुक्रवार को पटरी से उतर गए। पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) के सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) तथा क्रेन बहाली कार्य करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। ईसीओआर सूत्रों ने कहा कि चूंकि मध्य लाइन और अप लाइन पर कोई असर नहीं पड़ा है, इसलिए कोच ट्रेन का आवागमन प्रभावित नहीं होगा।

#### कार से घायल मजदूर को झाड़ियों में फेंका, मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में सूरतगढ़–श्रीगंगानगर एनएच 62 पर कार की टक्कर से घायल मजदूर को उसमें सवार लोग अस्पताल में भर्ती कराने की बजाय झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चक के 9 निवासी बिट्टूसिंह गुरुवार को सूरतगढ़ में मजदूरी करने के बाद रात आठ बजे पैदल गांव जा रहा था। श्रीगंगानगर एनएच 62 पर घग्गर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी और बिट्टू को 60 फुट तक घसीटता ले गया। पीछे आ रहे वाहन के चालक ने ओवरटेक कर कार को रुकवाया। लोगों के कहने पर पंजाब नंबर वाली कार में सवार दोनों लोगों ने घायल को गाड़ी में डाला। घायल को वे अस्पताल के बजाय गांव की लिंक रोड पर झाड़ियों के पास फेंक कर भाग गए।

#### दुष्कर्म के आरोपियों को बीस वर्ष का कारावास

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनू के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) न्यायालय ने बालिका से दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को 20–20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने संदीप कुमार और बहादुर को बालिका से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुये उन पर 65 और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार 2020 में सिंघाना थाना क्षेत्र में दोनों आरोपी बालिका को वाहन से जयपुर ले गये। विरोध पर उन्होंने बालिका और उसके परिजनों को मारने की धमकी दी। वहां से लौटकर वे बालिका को बहादुर के गांव चारावास ले गये जहां एक विद्यालय में बालिका को डेढ़ महीने तक बंधक बनाये रखा। वहां से उसे अहमदाबाद ले गये। अहमदाबाद से जयपुर लौटने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने केरल और प. बंगाल के राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित



- पीठ ने दोनों सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पर विचार करने का लिया फैसला

किया। पीठ ने केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों के अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और एएम सिंघवी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए और राज्यों की ओर से एक संयुक्त नोट भी पेश किया जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत को इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने की आवश्यकता है कि राज्यपाल कब विधेयकों को वापस राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

उन्होंने दलील दी कि राज्यपाल को यह बताना चाहिए कि वे कब विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार और कब राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। विभिन्न राज्यपालों में इस बात का भ्रम है कि विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में उनकी क्या शक्तियां हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल में मामले में 8 विधेयकों में से दो को 23 महीने तक लंबित रखा गया। एक को 15 महीने, दूसरे को 13 महीने और अन्य को 10 महीने तक लंबित रखा। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील सिंघवी ने दलील दी कि जब भी अदालत मामले की सुनवाई करता है, तो कुछ विधेयकों को मंजूरी दे दी जाती है। तमिलनाडु मामले में भी यही हुआ। याचिका में सरकार ने केरल के राज्यपाल द्वारा भेजे 7 विधेयकों में से चार पर राष्ट्रपति की मंजूरी रोकने की कार्रवाई या पुनर्विचार को चुनौती दी है।

### सरकारों को ये हैं आरोप

केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग–अलग याचिकाएं दायर की हैं।

## केंद्र की जारी अधिसूचना संविधान का नहीं करती उल्लंघन : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। देश में वर्ष 1975 में 25 जून को आपातकाल लागू किया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह निर्णय न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि अपमानजनक भी है, क्योंकि इसमें संविधान, जो एक जीवंत दस्तावेज है, उसके साथ हत्या शब्द का प्रयोग किया गया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि केंद्र की 12 जुलाई को जारी अधिसूचना संविधान का उल्लंघन



- 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

नहीं करती, क्योंकि यह आपातकाल की घोषणा के मुद्दे को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता एवं कानून के दुरुपयोग और उसके बाद हुई ज्यादतियों के खिलाफ जारी की गई है। याचिकाकर्ता समीर मलिक के वकील ने दलील दी कि 1975 में संविधान के अनुच्छेद 352 के अनुसार आपातकाल की घोषणा की गई थी और घोषणा के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय अपमानजनक और संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने दलील दी कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो कभी नष्ट नहीं हो सकता। वकील ने यह भी दलील दी कि संविधान हत्या दिवस की घोषणा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम का भी उल्लंघन होगी। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि हत्या शब्द का इस्तेमाल इसी संदर्भ में किया गया है। यह संविधान का अपमान नहीं करता। अदालत ने कहा कि यह अधिसूचना किसी भी तरह से संविधान को कमजोर या अपमानित नहीं करती। यह याचिका विचार करने योग्य नहीं है।

## एमएसपी कानून बनाने से सरकार का इनकार किसानों से धोखा : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया

कांग्रेस ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून नहीं बनाने का ऐलान कर दिया है और यह मोदी सरकार का किसानों से धोखा है।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कहा कि मोदी सरकार किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बना रही है और इसकी घोषणा चौहान ने संसद में स्पष्ट रूप से कर दी है। उन्होंने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया और कहा कि उसकी यह मानसिकता आज उस समय सदन में देखने का मिली जब कृषि मंत्री ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इंकार कर दिया। यह वही कृषि मंत्री हैं, जिन्होंने मंदरसौर में किसानों के खून से होली खेली थी। कांग्रेस नेता ने इस दिन को किसानों के लिए काला दिन करार दिया और कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इनकार कर देश के अन्नदाता के साथ धोखा किया है।

## ठोस अपशिष्ट निपटान : स्थिति को दयनीय बताकर एमसीडी को कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को एमसीडी व दिल्ली सरकार की बैठक बुलाने के दिए थे निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन की स्थिति दयनीय है। कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ठोस अपशिष्ट के निपटान से संबंधित मामले की सुनवाई की।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 3,000 टन से अधिक ठोस अपशिष्ट अनुपचारित रह जाता है जो जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति का कारण बन सकता है। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन से अधिक ठोस अपशिष्ट पैदा होता है लेकिन एमसीडी की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रसंस्करण संयंत्रों की दैनिक क्षमता केवल 8,073 टन है।

पीठ ने कहा कि हम न्यायमित्र से सहमत हैं कि इससे जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति पैदा हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के क्रियान्वयन के मामले में स्थिति दयनीय है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे का तत्काल समाधान निकालने के लिए एमसीडी और दिल्ली सरकार के अधिकारियों की बैठक बुलाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख निर्धारित की।

## मंडल आयोग पर राज्यसभा में हंगामा बैठक एक घंटे के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** मंडल आयोग के मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की नोकझोंक से राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में सपा नेता जावेद अली खान के निजी विधेयक पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान कांग्रेस के नीरज डांगी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। इसी दौरान भाजपा के कुछ सदस्यों ने डांगी की टिप्पणी का प्रतिकार किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में हंगामे को देखते हुए पीठासीन अध्यक्ष एस फान्गनॉन कोन्याक ने अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी। खान का निजी विधेयक आबादी के अनुपात में आरक्षण मुहैया कराने के प्रावधान से संबंधित है।

## महुआ की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट



- महिला आयोग की प्रमुख पर टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने के अनुरोध पर कोर्ट ने की सुनवाई

ने याचिका में चुनौती दी गई प्राथमिकी की वैधता पर सुनवाई करने के लिए मामले को छह नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। पुलिस ने इस महीने मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मोइत्रा ने एक्स पर पोस्ट की उस वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ के बाद घटनास्थल पर जाते हुए नजर आई थीं। मोइत्रा ने बाद में एक्स से वह पोस्ट हटा दी थी। मोइत्रा की अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह को पुलिस की ओर से प्राथमिकी की प्रति सौंपी गई। प्राथमिकी में बताया गया कि एनसीडब्ल्यू ने मोइत्रा की कथित अपमानजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया और आयोग की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

## केजरीवाल से राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार : आप

**नई दिल्ली।** आप ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल का शर्करा स्तर तीन जून से सात जुलाई के बीच 34 बार गिरा और 50 तक पहुंच गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल साजिश का शिकार हुए हैं। केजरीवाल एक राजनीतिक कैदी हैं। हर कोई जानता है कि तानाशाही ने राजनीतिक कैदियों के साथ कैसा व्यवहार किया है।

## कानून के अनुरूप बयान दे सकती हैं ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी



कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बारे में बयान दे सकती हैं, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों। बनर्जी और टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की, जिसमें बोस के खिलाफ कोई गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि बनर्जी और घोष राज्यपाल के संबंध में बयान देने के लिए स्वतंत्र होंगे, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों और मानहानिकारक न हों। इस मामले पर न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ ने 14 अगस्त तक लागू आदेश में बनर्जी, घोष और टीएमसी के दो विधायकों को राज्यपाल के विरुद्ध गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया था।

## कांवड़ यात्रा में विधायक ने लहराई तलवार, कांग्रेस ने कहा- मामला दर्ज हो

**इंदौर (मप्र)।** भाजपा विधायक राकेश गोलू शुक्ला ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा के दौरान मंच पर भेंट की तलवार कथित तौर पर सरेआम लहराई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कांग्रेस ने विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला की अगुवाई में निकल रही बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में मंच लगाया गया था। विधायक को कुछ लोगों ने तलवार भेंट की जिसे उन्होंने म्यान से निकालकर सरेआम लहरा दिया।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## पेरिस ओलंपिक के पहले दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे)

**पुरुष युगल ग्रुप मैच :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)

**महिला युगल ग्रुप मैच :** अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे)

**मुक्केबाजी :** महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)

**हॉकी :** पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)

**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)

**टेबल टेनिस :** पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)

**टेनिस :** पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर–वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)

**निशानेबाजी :**

**10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन :** संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता/ रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन :** अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन :** मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)

# भारतीय हॉकी टीम बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाए : हरेंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कॅरियर की शुरूआत से अब तक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है। उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है। मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं।

उन्होंने कहा भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है। इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है। अमेरिका की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे 55 वर्ष के हरेंद्र ने कहा क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता



- अनुभवी कोच बोले- भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार

रह चुके हैं। उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिए क्या चाहिए और दबाव के हालात से कैसे निपटना है। उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं । वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत 2016 की जूनियर टीम का हिस्सा थे। हरेंद्र ने 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन वह भारत के कप्तान बनेंगे। 1990 एशियाई खेलों के पदक विजेता ने कहा हरमनप्रीत शानदार कप्तान है। मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिए जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा।

2017 में एशिया कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम के कोच रहे हरेंद्र ने कहा उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है। यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है। यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है। अपना चौथा और आखिरी ओलंपिक खेल रहे श्रीजेश के बारे में उन्होंने कहा कि वह हॉकी ही नहीं सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा वो मेरा जांगू (श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम) है। पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा।

## खेल डायरी

### सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतर्राष्टीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रेफरी जज बनाया गया है।32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे।पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

### सीरिया, मॉरिशस इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** सीरिया और मॉरीशस हैदराबाद में दो से दस सितंबर चलने वाले इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे।सीरिया और मॉरीशस ने फीफा विंडो के दौरान हैदराबाद में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की है।फीफा की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम 124वें स्थान पर, सीरिया 93वें स्थान पर है तथा मॉरीशस 179वें स्थान है।मुंबई में 2018 में शुरु हुई इस प्रतियोगिता का यह चौथा संस्करण होगा।टूर्नामेंट में भारत 2018 एवं 2023 में विजेता बना।

### टेबल टेनिस: अभियान की शुरुआत करेंगे हरमीत

**पेरिस।** भारतीय टेबल टेनिस (टेटे) खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को पेरिस ओलंपिक स्पर्धा के प्रारंभिक दौर में जॉर्डन के जैद अबो यमन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे।राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका महिला एकल में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्से से भिड़ेंगी।शरत कमल के सामने स्लोवेनिया की डेनी कोजुल की चुनौती होगी, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त 25 वर्षीय श्रीजा स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कालबर्ग के खिलाफ 28 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# तीसरे पदक पर सिंधु की नजर

## दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीता था, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर



सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई

**पेरिस, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेंगी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इंडोनेशिया के मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दिआंतो, जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल तथा फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबार के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ओलंपिक से पहले सिंधु की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उन्होंने प्रकाश पादुकोण की निगरानी में पिछले कुछ महीनो से कड़ा अभ्यास किया है और वह ओलंपिक पदक की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बोले विजेंदर

# खेल महाशक्ति बनने को और नायकों की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुक्केबाज से नेता बने विजेंदर सिंह का मानना है कि अगर भारत को 2047 तक खेल महाशक्ति बनना है तो उसे क्रिकेट से इतर और नायकों की जरूरत है जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। पूर्व ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विजेंदर का मानना है कि ये नायक ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भाजपा नेता विजेंदर ने पीटीआई के मुख्यालय में संपादकों से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य यथार्थवादी है तो उन्होंने कहा, हमें इस संस्कृति में बदलाव के लिए नायक बनाने होंगे। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ साल में



- कहा- खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करना महत्वपूर्ण

हमारे युवाओं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख बढ़ती जा रही है। जब वे नीरज चोपड़ा को देखते हैं तो वे उनके जैसा बनना चाहते हैं। वे वह सब कुछ पाना चाहते हैं जो उनके पास है और यही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विजेंदर ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं केवल एक सरकारी नौकरी चाहता था। लेकिन आज एथलीट और अधिक चाहते हैं। भिवानी के इस मुक्केबाज ने यह भी कहा कि समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए देश के खेल बुनियादी ढांचे में सुधार महत्वपूर्ण है।

# पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे नडाल जोकोविच और कार्लोस अल्काराज



**पेरिस, एजेंसी**

- जोकोविच पुरुष एकल जबकि नडाल युगल और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

नडाल एकल में पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। कॅरियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा इसे नहीं बदल सकता और इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलती है।

## अमेरिका और कनाडा ने जीते अपने मैच

**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा।

एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंज़ी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

# दबदबा बनाने उतरेगी टीम इंडिया

**पालेकल (श्रीलंका), एजेंसी**

गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे।

अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। जहां तक श्रीलंका की बात



- श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज

है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा (उंगली में फ्रैक्चर) श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका को टीम में लिया गया है।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज। **श्रीलंका :** दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालगे। **मैच :** भारतीय समयानुसार शाम 7 :00 बजे से।

## इराक का जूडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव मिला

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस 28 साल के खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रम की देखरेख करने वाले आईटीए ने कहा कि इस खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

**महिला टी20 एशिया कप**

**दाम्बुला, एजेंसी**

- स्मृति और शेफाली वर्मा ने भारत को 10 विकेट से दिलाई जीत
- रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके




तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरूआती ओवरों में तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये। शेफाली को 21 रन के स्कोर पर राबिया खान ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया तो वहीं जहांआरा आलम की गेंद पर मंधाना के 35 रन के स्कोर पर कैच आउट होने के बाद गेंद नो बॉल करार दी गयी। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाये जिसमें मारुफा अख्तर की गेंद पर खेला गया शॉट दिलकश था। उन्होंने जहांआरा के खिलाफ डीप स्क्वायर लेग के ऊपर से शानदार छक्का भी जड़ा। भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को महज 80 रन पर रोक दिया था।

प्लेयर ऑफ द मैच रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना ने 51 गेंद में 32 जबकि शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन रेणुका ने पहले ओवर में ही छक्का खाने के बाद दिलारा अख्तर (06) को चलता किया। दिलारा के एक और बड़ा शॉट खेला लेकिन यह डीप मिडविकेट पर खड़ी उमा छेत्री को पार करने के लिए काफी नहीं था। उन्होंने अपने अगले दो ओवरों में इश्मा तंजीम (08) और मुर्शिदा खातून (04) को चलता किया जिससे पावरप्ले में बांग्लादेश की टीम तीन विकेट पर 25 रन ही बना सकी। कप्तान सुल्ताना ने एक छोर से पारी को संभालने की कोशिश की।

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड का पहला टेस्ट ग्रेटर नोएडा में

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच नौ से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है।

इसके बाद केवल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है।

# नए विचार लाएंगे गंभीर: शास्त्री

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नये कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक समकालीन कोच हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत परिपक्व और सुलझी हुई टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

वामहस्त सलामी बल्लेबाज रहे गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाई है। शास्त्री ने कहा, वह (गंभीर) समकालीन हैं, आईपीएल में उनका सत्र बहुत अच्छा रहा था। मुझे लगता है कि वह सही उम्र है जहां वह युवा है, वह नए विचारों के साथ आएगा।



- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताई

वह आईपीएल टीमों का हिस्सा रहा है ऐसे में खासकर सफेद गेंद प्रारूप के ज्यादातर खिलाड़ियों को जानता हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टीम में नयापन लेकर आयेगा। उन्होंने कहा, हम गौतम को जानते हैं, उसे अनुशासन पसंद है। उसके भी अपने विचार होंगे। उसके लिए यह अच्छी बात है कि उसके पास एक परिपक्व टीम है। उनके पास एक सुलझी हुई टीम है। मुझे लगता है कि भले ही आप सोचते हों कि आप परिपक्व हैं, आपको कुछ नए विचारों से फायदा हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा।

शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों, खासकर गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन गंभीर के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर, एक कोच के रूप में खिलाड़ी प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह कैसे आगे बढ़ता है। मुझे लगता है कि उसके पास इसका तरीका और अनुभव है।

भारत के कोच के रूप में गंभीर का पहला कार्यभार श्रीलंका में सफेद गेंद की श्रृंखला है जो शनिवार को पल्लेकेले में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगी। पिछले महीने की टी20 विश्व कप जीत के बाद दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के कारण गंभीर को इन खिलाड़ियों का विकल्प ढूंढना होगा। शास्त्री ने कहा, वहां बहुत सारे खिलाड़ी हैं और यह सिर्फ यह सही मिश्रण पाने के बारे में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

